सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 328



12 वेब सीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी पेडनेकर

## न्यूज डायरी

### नियुक्ति प्रक्रिया व विकास कार्यों में तेज लायें: सीएम

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने जेपीएससी और जेएसएससी के माध्यम से सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरने और विकास कार्यों तेजी लाना का निर्देश दिये हैं। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को विभागीय समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के अलावा जनजाति भाषा के शिक्षकों की बहाली, एक्साइज विभाग में खाली पड़े पद, सिपाही भर्ती जैसे विभिन्न नियुक्तियों को तेजी से पूरा करें।

### कोडरमा रेलखंड पर बम की खबर से हड़कंप

**कोडरमा।** धनबाद रेलमंडल अंतर्गत गया कोडरमा रेलखंड के यदुग्राम और बसकटवा के बीच मंगलवार को केन बम पाए जाने की खबर मिलने से रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय एक टिफिन नुमा संदिग्ध वस्तु को वहां देखाऔर इसकी खबर दी। सूचना आरपीएफ के साथ बम स्क्वायड टीम पहुंच गयी। कोडरमा आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### शाह, जयशंकर समेत मंत्रियों ने कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में शामिल मंत्रियों में अमित शाह, डॉ एस जयशंकर , किरन रिजिजू, सिंधिया समेत अनेक मंत्रियों ने मंगलवार को अपने-अपने कार्यभार संभाल लिये। सभी मंत्रियों ने कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। कार्यभार ग्रहण करने वाले मंत्रियों में जगत प्रकाश नड्डा, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान , गिरिराज सिंह और अश्विनी वैष्णव भी शामिल हैं।

### मोदी की खास अपील अब हटा लें 'मोदी का परिवार'

**नयी दिल ली।** लगातार तीसरी बार केंद्र में अब एनडीए की सरकार है। इस बीच, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने वाले समर्थकों का आभार जताया है और साथ ही उनसे अब इसे हटाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, चुनावी अभियान के दौरान देशभर के लोगों ने मेरे प्रति स्नेह जताते हुए अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'मोदी का परिवार' जोड़ा। इससे मुझे बहुत ताकत मिली। जनता ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया है, जो एक तरह का रिकॉर्ड है।

### प्लेन क्रैश में मलावी के उप राष्ट्रपति समेत 10 की मौत

**नयी दिल्ली।** मंगलवार को प्लेन हादसे में मलावी के उपराष्ट्रपति वीपी सौलोस चिलिमा सहित 10 लोगों की मौत हो गयी। देश के नाम लाइव मैसेज में राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने उपराष्ट्रपति सहित 10 लोगों के मारे जाने की जानकारी देते हुए दु:ख जताया है। उन्होने कहा कि इन नेताओं की क्षति कभी पूरी नहीं की जा सकती।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |




## झारखंड में प्रचंड गर्मी और हिटवेब का कहर, 15 तक सभी स्कूल बंद रखने की घोषणा

# अगले तीन दिन और घातक रेड अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी और हिटवेव आम आदमी ही नहीं पशु-पक्षी भी त्राहिमाम कर रहे हैं। फिलहाल इससे राहत की भी उम्मीद नहीं है। पिछले 24 घंटे में राज्य के कई इलाकों में हल्की-फुल्की बारिश भी हुई। गढ़वा का पारा तो 45 पार चला गया है। मौसम विभाग अगले तीन दिनों के लिए हीट वेव को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने केजी से 12 तक के सभी कोटि के स्कूल 15 तक बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू है। राज्यभर में आसमान से आग बरस रही है। तमाम जिलों का पारा 40 डिग्री के करीब है। तपिश का आलम ये है कि सुबह 7 बजे से देर शाम 7 बजे तक लोगो का घरों से निकलना दूभर हो गया है। मौसम विभाग ने इस दौरान कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की बारिश भी संभव है।



### अभी राहत नहीं, गढ़वा का पारा 45 पार

प्रचंड गर्मी के बीच हिटवेव ने लोगों की परेशानी दोगुनी कर दी है। मौसम विभाग ने हीट वेब को लेकर झारखंड के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 45 .3 डिग्री गढ़वा का दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं पर गर्जन और आंधी के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई।



### स्कूल खोलने पर होगी कार्रवाई

हिटवेव को देखते हुए सरकार ने सरकारी और गैर निजी स्कूलों में केजी से 12 तक की कक्षाएं 12 जून से 15 जून तक बंद रहेगी। इस अवधि के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगे। सरकार के संयुक्त सचिव नन्दकिशोर लाल ने आदेश पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि जो भी स्कूल आदेश का उल्लघंन करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी। पहले 9 जून से 15 जून तक सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक स्कूल चलाने को कहा था। लेकिन गर्मी की तपिश कम होने के कारण उस आदेश को वापस लेकर स्कूलों को बंद कर दिया गया है।

**इन जिलों में रेड अलर्ट :** 11 से 13 तक गढ़वा और पलामू में सीवियर हीट वेब को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं चतरा, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसांवा में ऑरेंज अलर्ट है। गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा में हीट वेब को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### अन्नपूर्णा देवी व संजय ने संभाला अपना पदभार

## रक्षा मंत्रालय की नयी पहल को पूरा करने पर ध्यान देंगे : सेठ





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और रांची के सांसद संजय सेठ ने रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण किया। कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्ण देवी के साथ मंत्रालय में राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने भी कार्यभार ग्रहण किया। दोनों मंत्रियों के मंत्रालय पहुंचने पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास सचिव और अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वहीं श्री सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्रालय की उन पहलों को पूरा करने का प्रयास करेंगे जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करना है। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आधिकारिक आवास पर जा कर मुलाकात भी की। झारखंड की रांची लोकसभा सीट से दूसरी बार जीतकर संसद पहुंचे सेठ पदभार ग्रहण इस मौके पर रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में सेवा करने के लिए उत्सुक हैं। श्री सिंह के साथ उन्होंने पहले विभिन्न पदों पर काम किया है। (शेष पेज 11 पर)

## सीएम ने अपराध-उग्रवाद नियंत्रण पर की हाइलेबल बैठक, कहा

# कानून-व्यवस्था बनाये रखना सर्वोच्च प्राथमिकता

### अवैध खनन तथा ड्रग्स की तस्करी हर हाल में सख्ती से रोकें

- दूसरे राज्यों की विधि व्यवस्था का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करें
- सभी जिलों के डीसी एसएसपी समन्वय बना कर काम करें



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा है कि राज्य की बेहतर विधि व्यवस्था से प्रदेश की बेहतर छवि बनती है। इसे हर हाल में बनाये रखें, यह सरकार की सर्वोच्च प्रातमिकता में है। आपसी समन्यव बना कर चलें और अपराध और अवैध खनन हर हाल में रोकें। मुख्यमंत्री मंगलवार को वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक-पुलिस अधीक्षक के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विधि-व्यवस्था, अपराध एवं उग्रवाद नियंत्रण, अवैध खनन, मादक पदार्थों और शराब तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ कार्रवाई एवं वन, उत्पाद और भू-राजस्व से जुड़े मामलों की उच्च स्तरीय समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेहतर विधि-व्यवस्था से विकास को नया आयाम मिलता है। यह राज्य की दशा और दिशा भी तय करता है। आप सभी के सहयोग से विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण संभव है।

**अपराध के स्वरूप बदल रहे हैं**

सीएम ने कहा कि झारखंड राज्य में काफी विविधतायें हैं। कहीं जंगल झाड़ है तो कहीं खदान। (शेष पेज 11 पर)

### अवैध खनन पर हर हाल में शिकंजा कसें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन की वजह से राज्य की छवि पर असर पड़ा है । अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार काफी गंभीर है। विशेषकर कोयला, बालू, लौह अयस्क और पत्थर के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग रोकने के लिये सभी जरूरी कदम उठाये जायें। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, संबंधित विभागीय सचिव, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जोनल आईजी, डीआईजी, सभी जिलों के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# नीट परीक्षा रद्द करने, काउंसिलिंग रोकने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीट यूजी 2024 की परीक्षा के रिजल्ट को लेकर विवाद जारी है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान परीक्षा रद्द करने और परिणामों के आधार पर होने वाली काउंसिलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

### एनटीए से मांगा जवाब



(एनटीए) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएसस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नीट-यूजी 2024, पांच मई को आयोजित की गयी थी और इसके नतीजे चार जून को घोषित किये गये। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करती है। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। याचिका में आरोप लगाया गया कि नीट-यूजी 2024 में गड़बड़ी की गई और प्रश्नपत्र लीक होने के कई मामले आये हैं। (शेष पेज 11 पर)

### देवघर के पास सड़क हादसे में कार सवार तीन की मौत

**देवघर।** चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के अंडीडीह गांव के समीप मंगलवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित कार के सड़क किनारे पलट जाने से उसपर सवार सभी तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सभी पटना के गर्दनीबाग मुहल्ले के निवासी बताए जाते हैं। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद चंद्रमंडीह पुलिस मौके पर पहुंची एवं तीनों को कार से बाहर निकालकर चकाई रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मोबाइल के माध्यम से परिजनों को दी। मृतकों के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

# आज शपथ लेंगे आंध्र में नायडू और ओड़िशा में मोहन मांझी

### दोनों सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी,शाह, नड्डा और राजनाथ पहुंचेंगे





**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू बुधवार को सुबह 11:27 बजे चौथीबार आध्रपदेश के सीएम पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह केसरपल्ली में गन्नावरम हवाई अड्डे के सामने मेधा आइटी पार्क के पास करीब दिन के साढ़े 11 बजे होगा। वहीं दूसरी ओर मोहन चरण माझी भी बुधवार को ही ओड़िशा के नये सीएम पद की शाम पांच बजे शपथ लेंगे। इससे पूर्व विजयवाड़ा और भुवनेश्वर में हुई टीडीपी और भाजपा विधायक दल की बैठक में दोनों को नेता चुना गया। दोनों ने अपने अपने प्रदेश के राज्यपाल से भेट कर सरकार बनाने का दावा किया, जिसे मंजूर कर सरकार बनाने का निमंत्रण राज्यपाल की ओर से मिल गया। मोहन मांझी के साथ ओड़िशा में दो डिप्टी सीएम भी होंगे। दोनों राज्यों में सीएम के शपथग्रहण समारोहों में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह समेत कई और केंद्रीय मंत्री और एनडीए नेता शामिल हो सकते हैं। (शेष पेज 11 पर)

## शीर्ष नेताओं पर उठ रहे सवाल, संबंध सुधारना जरूरी

# सतह पर आया भाजपा-आरएसएस का तनाव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव बीतने के साथ ही भाजपा और राष्ट्रीय जनसेवक संघ (आरएसएस) का तनाव सतह पर आ गया है। मणिपुर में हो रही हिंसा को शांत करने में असफलता और चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों के द्वारा उपयोग की गयी 'अभद्र' भाषा पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का बयान इसी तरफ इशारा कर रहा है कि दोनों संगठनों के बीच सब कुछ ठीक ठाक नहीं है। इसके ठीक बाद संघ का मुखपत्र मानी जाने वाली एक पत्रिका में छपे एक लेख ने इस तनाव पर पड़े सभी पर्दे हटा दिये। लेख में आरोप लगाया गया है कि




चुनावों के दौरान भाजपा नेता-कार्यकर्ता आरएसएस नेताओं-कार्यकर्ताओं से सहयोग लेने के लिए नहीं पहुंचे। इसके बाद सियासी गलियारे में खलबली मच गयी है। लंबे समय से इस बात के संकेत मिल रहे थे कि दोनों संगठनों के बीच सब कुछ ठीक ठाक नहीं है। इसका सबसे पहला संकेत तब मिला था जब आरएसएस ने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया था। संगठन लगभग दो साल से इस बात की योजना बना रहा था कि संघ की स्थापना के सौ साल पूरे होने पर 2025 में पूरे देश में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। लेकिन अचानक ही संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अप्रैल में नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा कर दी थी कि संघ अपने जन्मशती के कार्यक्रम को भव्य तरीके से नहीं मनायेगा। संघ बेहद सादगीपूर्ण तरीके से सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करता है। यह काम करते रहेंगे। (शेष पेज 11 पर)

### नाजुक दौर में संबंध सुधारना अहम

केंद्र में भाजपा की सरकार अब सहयोगी दलों के सहारे है। उसे एनडीए के विभिन्न सहयोगी दलों का साथ लेना पड़ रहा है। इससे उसकी निर्भरता बढ़ गयी। इस साल में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं, तो अगले वर्ष दिल्ली-बिहार के चुनावों में भाजपा नेतृत्व की परीक्षा होनी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ कम से कम चार-पांच राज्यों में अध्यक्षों का बदलाव भी होना है। यदि ऐसे समय में दोनों संगठनों में आपसी तालमेल बेहतर नहीं रहता है तो भाजपा को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## दोनों वर्गों में झारखंड बना चैंपियन

### फुटबॉल पॉवर नेशनल चैंपियनशिप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खूंटी।** लखनऊ में सात से 10 जून तक आयोजित प्रथम फुटबॉल पावर नेशनल चैंपियनशिप (अंडर 14-17 बालक एवं बालिका) दोनों वर्गों में झारखंड की टीम चैंपियन बनी। झारखंड 14 बालक टीम ने सभी लीग मैच जीत कर सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश को 5-0 से हराया। टीम ने फाइनल में पश्चिम बंगाल को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फुटबॉल पावर एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव शिव कुमार महतो के मुताबिक, 14 बालिका वर्ग में टीम ने सभी लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश को 2-0 तथा फाइनल में उत्तर प्रदेश को 1-0 से परास्त कर चैंपियन बनी। 17 बालक वर्ग में टीम ने अपने सभी लीग मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में दिल्ली को 3-1 से हराया और फाइनल में पश्चिम बंगाल को 2-1 मात देकर चैंपियन बनी। 17 बालिका वर्ग में भी टीम ने अपनी सभी लीग मैच जितने के बाद सेमीफाइनल में बिहार को 3-1 से हराकर फाइनल प्रवेश किया और अंत में मध्य प्रदेश को 6-0 से परास्त कर टीम चैंपियन बनी। 14 बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब अंशु उरांव को मिला। बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ गोल स्ट्राइकर रीता कुमारी को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

# संजय सेठ ने रक्षा राज्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद संजय सेठ ने कल रक्षा मंत्रालय के राज्यमंत्री का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संजय सेठ ने यह जिम्मेवारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। श्री सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में कार्य करने के लिए उत्सुक हैं। श्री सेठ ने कहा कि वह रक्षा मंत्रालय की उन विभिन्न पहलों को पूरा करने का प्रयास करेंगे, जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत करना है। कार्यभार संभालने से पहले संजय सेठ ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास में मुलाकात भी की।

## सिविल कोर्ट में राहुल गांधी के मामले में 6 जुलाई को सुनवाई



**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ बयान देने से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज केस में सिविल कोर्ट अब 6 जुलाई को सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई में रांची की एमपी एमएलए की विशेष कोर्ट ने राहुल गांधी के विरुद्ध समन जारी किया था। लेकिन किसी कारण वश समन उन तक नहीं पहुंच पाया। राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दायर किया था। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि मार्च 2018 को उन्होंने कांग्रेस महाधिवेशन के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की छवि धूमिल की है। राहुल गांधी के खिलाफ अपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले को लेकर अवमानना का केस रांची और चाईबासा में किया गया था।

## झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में सुनवाई अब 19 जून को

# जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद व एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत करे सरकार : हाई कोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा नियुक्ति गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट एवं एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत करे। पूर्व में सरकार की ओर से दोनों रिपोर्ट सीलबंद प्रस्तुत की गई थी। चूंकि विधानसभा में केवल एसजे मुखोपाध्याय आयोग की ही रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, इसलिए सरकार की ओर से एसजे मुखोपाध्याय आयोग की रिपोर्ट शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है।



झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा ने जनहित याचिका दाखिल की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थी जिसके कारण दूसरी आयोग बनानी पड़ी।

**क्या है मामला :** प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी, जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद भी विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है।

## हाईकोर्ट का जेएसएससी को निर्देश: 41 अभ्यर्थियों के लिए अलग से लें परीक्षा

**सहायक आचार्य परीक्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने आज (12 जून) होने वाली सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल होने के लिए दायर अमृता कुमारी और 41 अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार वीसी के माध्यम से कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। हाईकोर्ट ने उन्हें यह निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट में जिन 41 अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल की है, उनके लिए अलग से परीक्षा लें। इसके लिए अदालत ने जेएसएससी को 4 सप्ताह का समय दिया। वहीं अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिका का जो भी अंतिम निष्कर्ष निकलेगा, उससे नियुक्ति प्रभावित होगी। उन्होंने अदालत को बताया कि संशोधित नियमावली को पूर्व के विज्ञापन में लागू नहीं किया जा सकता। वादी मूल नियमावली की सभी शर्तों को पूरा कर रहे हैं, इसलिए इन्हें एडमिट कार्ड मिलना चाहिए और इन्हें परीक्षा में शामिल किया जाना चाहिए।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

**e-Tender e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI $F_2$ - 01/2024-25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Single Checkdam on Ghutiya Nala, Block:- Namkum, Dist-Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 90,85,410.00 |
| 3. | Time of Completion | (11 months) |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 13.06.2024 at 2.00 pm |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 03.07.2024 up to 5:00 pm |
| 6. | Last Date for online Submission of tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 03.07.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opening Tender | 05.07.2024 at 2:00 pm |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 0651-3512781 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
PR 325957 (Irrigation) 24-25 (D) Minor Irrigation Division, Ranchi.


# कल्पना सोरेन ने गांडेय विस क्षेत्र के नेताओं व कार्यकर्ताओं संग की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गांडेय विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन ने अपने कांके रोड स्थित आवास पर अपने विधानसभा क्षेत्र के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने गांडेय की जीत पर सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट किया और गिरिडीह संसदीय सीट पर मिली हार पर चर्चा की। इस दौरान मंत्री हफीजुल अंसारी, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद डॉ. सरफराज अहमद सहित कई मौजूद थे।

**कई नेताओं ने कल्पना से की मुलाकात, दी बधाई :** विधानसभा की सदस्यता लेने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को कई नेता कल्पना सोरेन से मिले और उन्हें बधाई दी। कल्पना से मिलने वालों में पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, मंत्री दीपक बिरूआ, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, शशि भूषण राय, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन प्रसाद आदि शामिल थे। श्री राय ने चंपा भाटिया द्वारा लिखित एक पुस्तक गीता का ज्ञान योग भी भेंट किया। कल्पना सोरेन को पूरे चुनाव अभियान में इंडिया गठबंधन को एकजुट रखने के लिए राय ने उन्हें बधाई दी।

## बाबूलाल मरांडी ने ओड़िशा के नये मुख्यमंत्री मोहन मांझी को दी बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ओड़िशा सरकार के नये मुख्यमंत्री मोहन मांझी एवं दो उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव तथा प्रभाती परीदा को बधाई दी है। श्री मरांडी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि पर जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए संथाल आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री बनाया जाना गौरव की बात है। उन्होंने ओड़िशा भाजपा विधायक दल की बैठक में नव मनोनित दो उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव एवं प्रभाती परीदा को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि ओड़िशा की नव निर्वाचित राज्य सरकार प्रदेश की जनता की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतर कर विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर होगी। डबल इंजन की सरकार डबल विकास के मार्ग को प्रशस्त करेगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने बधाई देते हुये कहा कि भाजपा ही है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंच सकता है। सबका साथ, सबका विकास भाजपा की नीति, नीयत और संकल्प में शामिल है।


Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement portal**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 16/2023-24
Date :- 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on KarmaNala, Block- Bishnugarh, Dist-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 54.325 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 04/07/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 325899 (Minor Irrigation) 24-25 (D) लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।


## उकसावे पर अचानक की गयी गैर इरादतन हत्या,हत्या नहीं : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक फैसले में कहा है कि अचानक झगड़े के बाद आवेश में आकर और बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हत्या को हत्या नहीं माना जायेगा। यह फैसला हाईकोर्ट ने श्री राम शर्मा की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई के बाद दिया है। श्रीराम शर्मा को देवघर सिविल कोर्ट ने 4 फरवरी 2017 को हत्या के जुर्म में दोषी करार देते हुए दस वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। साथ ही 10 हजार का जुर्माना का भी आदेश दिया था। श्री राम शर्मा ने देवघर सिविल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस पर हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यदि गैर इरादतन हत्या अचानक झगड़े के बाद जोश में बिना किसी पूर्व योजना के की गयी हो और अपराधी कोई अनुचित लाभ ना उठाये या क्रूर तरीके से काम ना करे, तो उक्त मृत्यु आईपीसी के सेक्शन 300 के अंतर्गत नहीं आयेगी। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि अपीलकर्ता को हिरासत से तुरंत रिहा किया जाये।

# मंत्री नहीं बनाये जाने से सीपी चौधरी की नाराजगी आयी सामने, सुदेश महतो के लौटने का है इंतजार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केन्द्र में मंत्री नहीं बनाये से आजसू के गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी की नाराजगी सामने आयी है। मीडिया के सवालों पर सीपी चौधरी ने अपनी निराशा और नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में उनकी पार्टी को भी जगह मिलनी चाहिए थी। यह नाराजगी मोदी कैबिनेट के गठन और इसमें आजसू पार्टी की उपेक्षा को लेकर है। नौ जून को नरेन्द्र मोदी ने पीएम पद की शपथ ली। उसके बाद 71 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसमें एनडीए गठबंधन की हम पार्टी के एकमात्र सांसद जीतन राम मांझी भी मंत्री बनाये गये, परंतु झारखंड में भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी के प्रमुख नेता और लगातार दूसरी बार गिरिडीह सीट पर जीत का परचम लहराने वाले सीपी चौधरी को जगह नहीं मिली। इसे लेकर सीपी चौधरी नाराज हैं। इनके समर्थकों में भी भारी नाराजगी है।

इधर, मंत्रियों के शपथ ग्रहण के बाद आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो देश से बाहर हैं। लिहाजा, आजसू सीपी चौधरी के समर्थक इस आस में हैं कि सुदेश महतो के लौटने के बाद उनकी भाजपा शीर्ष नेताओं से बात होगी। उसके बाद ही आजसू पार्टी के लिए भी कोटा सुनिश्चित होगा। सीपी चौधरी भी मानते हैं कि जनभावनाओं को देखते हुए पार्टी इस मसले पर बात रखेगी।

गौरतलब है कि नीतीश कुमार, नायडू जैसे नेताओं के साथ सुदेश भी एनडीए के सहयोगी दल के नेता के तौर पर राष्ट्रपति भवन गये थे। वहां मोदीजी को समर्थन देने संबंधी पत्र सौंपा था। झारखण्ड की चुनावी सभाओं में खुद मोदी जी सुदेश को लेकर उत्साह दिखाते रहते थे। इन सबके बावजूद मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिलने पर सीपी और उनके समर्थकों के साथ साथ सियासी गलियारे में खूब चर्चा हो रही है।


Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement portal**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 15/2023-24
Date :-10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on KajriNala, Block- Churchu, Dist-Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.029 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (5:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 04/07/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 325895 Minor Irrigation (24-25)_D लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़


## यूजीसी का आदेश : अब विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में साल में दो बार मिलेगा प्रवेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में अब वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिलेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। इसकी जानकारी यूजीसी की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया पर भी उपलब्ध है। इसमें बताया गया है कि शिक्षण सत्र 2024-25 में जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जायेगी। छात्र विश्वविद्यालयों में वर्ष में दो बार प्रवेश दे सकेंगे। इससे छात्रों को लाभ होगा। वैसे छात्र, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक गये हों, उन्हें इसका लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही उद्योग जगत के लोग भी वर्ष में दो बार अपने कैंपस चयन की प्रक्रिया संचालित कर सकते हैं। इससे स्नातकों के लिए रोजगार के अवसर बेहतर होंगे। उच्च शिक्षा संस्थान द्विवार्षिक प्रवेश की उपयोगिता को तभी अधिकतम कर सकते हैं, जब वे संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों को बदलाव के लिए पर्याप्त रूप से तैयार करें। हालांकि स्पष्ट किया गया है कि विश्वविद्यालयों के लिए साल में दो बार प्रवेश देना अनिवार्य नहीं होगा और जिन उच्च शिक्षण संस्थानों के पास आवश्यक ढांचा और शिक्षक संकाय है, वे इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

## जेपीएससी मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थी 14 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**रांची।** 11वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा 22 जून को प्रस्तावित है। इस बीच जेपीएससी ने कहा है कि प्रारंभिक परीक्षा में पास जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 14 जून तक जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। आयोग ने कहा कि अभ्यर्थियों की ओर से तकनीकी खामियों की वजह से लगातार की जा रही मांग को लेकर यह फैसला किया गया है। मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन भरे जायेंगे।

## विपरीत परिस्थितियों में चुनाव जीतना सराहनीय : शशि भूषण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने मंगलवार को गाण्डेय विधानसभा की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवास पर मुलाकात कर उन्हें विधानसभा उपचुनाव में जीत पर बधाई दी। श्री राय ने कल्पना सोरेन को श्रीमति चम्पा भाटिया द्वारा लिखित पुस्तक गीता का ज्ञान योग भेंट की और बोला कि आपकी जीत से पूरा इंडिया गठबंधन प्रेरित है। इस विपरीत परिस्थिति में जिस तरह से आपने घर, पार्टी एवं क्षेत्र को संभालते हुए चुनाव जीता है, वह काफी सराहनीय है। आपने अपने विधानसभा उपचुनाव के साथ-साथ जिस तरह से इंडिया गठबंधन की सारी मीटिंग, रैली, चुनाव प्रचार मे सक्रिय रूप से भाग लिया और सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रखा, जब भी पार्टी को जरूरत पड़ी आप मजबूती के साथ खड़ी रहीं।


Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement portal**

**Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 17/2023-24 Date :- 10/06/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on SalaiyaNala, Block-Tatijhariya, Dist- Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 51.279 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 04/07/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 325902 Minor Irrigation(24-25).D लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़


# आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद प्रदेश कांग्रेस में मंत्री व विधायक दल के नेता पद को लेकर जोड़-घटाव का खेल शुरू

सत्येन्द्र




**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं ग्रामीण विकास मंत्री के पद से आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद अब कांग्रेस के विधायकों के साथ प्रदेश कांग्रेस के सियासी गलियारे में मंत्री और विधायक दल के नेता पद को लेकर जोड़ घटाव का खेल शुरू हो गया है। एक तरफ मंत्री पद की दावेदारी को लेकर विधायक डॉ इरफान अंसारी कांग्रेस आलाकमान के साथ प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में अपनी अहमियत बताने में जुट गये हैं। चूंकि आलमगीर आलम पाकुड़ से कांग्रेस कोटे से अल्पसंख्यक वर्ग से एक बड़ा चेहरा रहे हैं। ऐसे में इरफान खुद को भी अल्पसंख्यक वर्ग से होने और संताल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व उन्हें दिए जाने की वकालत कर रहे हैं। इसके अलावे मंत्री पद की रेस में दीपिका पांडेय, पूर्णिमा नीरज सिंह, अनूप सिंह उर्फ जयमंगल सिंह, अंबा प्रसाद, उमा शंकर अकेला जैसे विधायक भी ताल ठोक रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होने के कारण पार्टी उन्हें विधायक दल के नेता के साथ मंत्री पद से भी नवाजा था। इस स्थिति में पार्टी विधायक दल के नेता पद पर मंत्री सह वरिष्ठ विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को आगे कर सकती है। श्री उरांव पूर्व में सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी वे संभाल चुके हैं। वैसे पार्टी में मंत्री बादल और बन्ना गुप्ता दो-दो टर्म विधायक, मंत्री भी रह चुके हैं। संभव है कि इन पर ही पार्टी दांव खेल ले।

गौरतलब है कि चंपाई सोरेन सरकार में कांग्रेस कोटे से चार विधायक मंत्री थे, जिनमें से आलमगीर आलम का इस्तीफा हो चुका है। फिलहाल बन्ना गुप्ता (स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन), रामेश्वर उरांव (वित्त, खाद्य आपूर्ति) और बादल (कृषि, पशुपालन, सहकारिता) ही सरकार में बने हुए हैं। अब विधायक दल का नेता कौन हो और मंत्रिमंडल में किसे समायोजित किया जाए, इस पर 12 जून बुधवार को प्रदेश कांग्रेस की होने वाली अहम बैठक में चर्चा हो सकती है। वैसे कहा जा रहा है कि इस बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेता झारखंड के लोकसभा चुनाव में पार्टी को अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिलने की समीक्षा करेंगे। सूत्रों की मानें तो बैठक में पार्टी विधायक दल के नेता और मंत्री पद पर किसे बैठाया जाय इसकी चर्चा हो सकती है। चुनावी वर्ष होने के कारण विधानसभा का चुनाव को देखते हुए पार्टी इन दोनों पदों पर किसको बैठाया जाय इस पर फैसला लने में देरी नहीं कर सकती है।

### कल्पना का मंत्री बनना तय

गांडेय उप चुनाव में जीत के बाद सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ ली थी। अब यह भी माना जा रहा है कि कल्पना को भी मंत्रिमंडल में जरूर शामिल किया जाएगा। आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद अभी चंपाई सरकार में सीएम सहित 10 मंत्री हैं। इसे देखते हुए कांग्रेस कोटे से एक और झामुमो की तरफ से कल्पना को मंत्री बनाया जा सकता है। कल्पना के मंत्री बनने पर सोरेन परिवार से बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन के तौर पर चंपाई सरकार में एक ही परिवार से दो सदस्य मंत्री के तौर पर दिखेंगे।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

बुधवार 12.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 53

epaper.khabarmantra.net



स्पीड न्यूज

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी वर्द्धमान निवासी आकाश डोम को अदालत ने दोषी करार दिया है। धनबाद पोस्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 जून की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता की मां के शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 9 जनवरी 20 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में आरोप था कि 6 जनवरी 20 को पीड़िता की मां को फोन करके आकाश ने कहा कि तुम्हारी बेटी को लेकरभाग गए हैं खोजबीन मत करना वरना अंजाम बुरा होगा पुलिस ने पांच फरवरी 20 को पीड़िता को बरामद किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 26 मई 21 को आरोप पत्र दायर किया था सुनवाई के दौरान आकाश फरार हो गया जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ के समीप एनएच 2 पर मंगलवार की सुबह सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक एवं खलासी घायल हो गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को ट्रक के केबिन से स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने निकाला तथा उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवा एवं ट्रक को जब्त कर लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोयला लेकर निरसा आ रही हाईवा संख्या जेएच 01 एएल 2860 रात्रि करीब डेढ़ बजे ब्रेकडाउन हो जाने के कारण सड़क पर खड़ा था। करीब साढ़े चार बजे सुबह शीशा लदे ट्रक ने (यूपी 38 टी 2497) पीछे से हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### तोपचांची में दिनदहाड़े बीच सड़क पर बुजुर्ग भोला दास को काट डाला

# कुल्हाड़ी से वार कर बुजुर्ग की हत्या

### कुछ दिन पहले पड़ोसी से पानी को लेकर हुई थी नोकझोंक

### मृतक की मां ने कहा साजिश के तहत मेरे पुत्र की हुई हत्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तोपचांची।** तोपचांची थाना क्षेत्र के ढांगी पंचायत अन्तर्गत खरनी गांव में मंगलवार को 50 वर्षीय बुजुर्ग भोला दास को कुल्हाड़ी से मार कर मौत के घाट उतार दिया। खबर जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैली और भीड़ जुट गई। सड़क पर पड़े शव के सामने परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

परिजन चीख चीख कर न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मृत भोला दास के पुत्र हीरादास ने बताया कि उनके पिता धनबाद कोर्ट से 307 मामले में जमानत करा कर घर लौटे थे। बाइक से कतरास जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक दीनदयाल ने परिवार के अन्य लोगों के साथ हमला कर दिया। हमले में पिता भोला दास को तेज धारदार कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया। दीनदयाल के साथ कुछ दिन पहले पानी को लेकर काफी नोक-झोंक हुई थी। उस दौरान सरकारी पाइप लाइन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। हमले में मृतक की पत्नी कामिनी देवी को भी गंभीर चोट आई है। उनके हाथ, मुंह तथा अन्य जगहों में चोट है। मृतक की मां बासमती देवी ने कहा कि पानी के चक्कर में इतनी बड़ी घटना घट गई। मेरे बेटे को गांव के कुछ लोगों ने साजिश के तहत मौत का घाट उतार दिया है। भोला दास रेलवे स्टेशन पर चना बेचने का काम करते थे। वह परिवार में एकमात्र कमाऊ सदस्य थे।

### परिजनों के बयान पर मामला दर्ज

तोपचांची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस दीनदयाल नामक व्यक्ति के घर से एक महिला व एक लड़की को गिरफ्तार कर तोपचांची थाना ले आई है। दीनदयाल का बेटा तथा परिवार का अन्य सदस्य फरार है। कुल्हाड़ी को भी पुलिस जब्त कर थाना ले आई है। घटना स्थल पर तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि दोषियों पर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट में हाजिर नहीं हुए बच्चा सिंह और मन्नान

### संयुक्त सचिव हुए हाजिर, बयान दर्ज

### मटकुरिया गोलीकांड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने धनबाद के पूर्व एसडीओ व मामले के सूचक जार्ज कुमार सशरीर हाजिर हुए जिनका बचाव पक्ष द्वारा प्रति परीक्षण किया गया। जार्ज कुमार वर्तमान में संयुक्त सचिव शिक्षा विभाग के पद पर कार्यरत हैं ।28 मई 24 को जॉर्ज कुमार की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई थी ।उनका प्रति परीक्षण बचाव पक्ष द्वारा नहीं किया जा सका था। अदालत को दिए बयान में उन्होंने घटना का समर्थन किया। दोनो गवाहों ने आरोपी मन्नान मल्लिक व नीरज सिंह की पहचान की हालांकि अन्य आरोपियों को पहचानने से इन्कार किया। अदालत ने अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी पूर्व मंत्री बच्चा सिंहए मन्नान मल्लिकए व अन्य हाजिर नहीं थे। मालूम हो की 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आरके धान जख्मी हो गए थे। वहीं विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी। तत्कालीन एसडीओ जॉर्ज कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 38 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# कोयलांचल में जारी है गर्मी का सितम, 15 से मिलेगी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में भीषण गर्मी का दौर जारी है। सुबह सात बजे से ही सूरज आग उगल रहा है। उमस के कारण लोगों का घर और बाहर हाल बेहाल है। बहुत जरूरत पर ही लोग दिन में घरों से बहार निकल रहे हैं। सुबह से शाम 4 बजे तक सड़कों पर सन्नाटा रहता है। बिजली, पानी और स्वास्थ्य की समस्या से अलग से लोगों को जूझना पड़ रहा है। मंगलवार का दिन भी कुछ ऐसा ही रहा। लोग पूरे दिन गर्मी से बेहाल रहे। मौसम विभाग के अनुसार दिन का पारा 42 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं रात को 26 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद जताई गई। लो वोल्टेज के कारण घरों में पंखे की रफ्तार भी जवाब दे गई। बोरिंग का पानी टंकियों में नहीं पहुंच पाया। सप्लाई वाटर का फ्लो धीमा रहने के कारण कई घरों में पानी नहीं पहुंचा। मौसम विज्ञान केंद्र की भविष्यवाणी भी काम नहीं आई। हालांकि आसपास के क्षेत्रों में हल्की फुल्की बारिश होने के कारण थोड़ी राहत जरूर मिली।

### पनशाला नहीं होने से लोग परेशान

गर्मी में अमूमन मारवाड़ी और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा शहर में जगह जगह पनशाला खोली जाती है। लेकिन इस सीजन में ऐसा कहीं नहीं देखने को मिल रहा है। ग्रामीण या शहरी क्षेत्र से धनबाद मुख्यालय आने वाले लोग, घरों से या तो पानी लेकर निकल रहे हैं या प्यास बुझाने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। जो थोड़े बहुत संपन्न है, वह मिनरल वाटर की बोतल खरीद कर प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। गर्मी में सबसे बड़ा कारोबार अब पानी का होने लगा है।

### बिजली-पानी ने बढ़ाई लोगों की समस्या

उपभोक्ताओं द्वारा बिजली बिल का हर माह भुगतान करने के बाद भी हर दिन 5 से 6 घंटे बिजली कटौती की जा रही है। परेशान लोग अब आधी रात को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हो रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि खपत तीन गुना अधिक बढ़ने के कारण बिजली ट्रिप कर रही है। इसके अलावा डीवीसी और नेशनल ग्रिड से भी बिजली कटौती की जा रही है। बिजली नहीं रहने के कारण घरों में पानी की समस्या हो रही है। सरकारी अस्पताल में हर दिन 25 से 30 लोग पहुंच रहे हैं। इंसानों के साथ साथ पशु पंक्षी भी गर्मी के कारण आक्रामक हो रहे हैं।

### गर्मी में बढ़ गया है घर का खर्चा

गर्मी में एक ओर लोग जहां अनाज से ज्यादा तरल पदार्थो पर निर्भर रहने लगे हैं, वहीं दूसरी ओर हाई और लो वोल्टेज के कारण घर में लगा एसी, कुलर, पंखा, स्टेब्लाइजर, मोटर, समरसेबल भी खराब हो रहा है। दुकानदार लोगों की परेशानी का फायदा उठाकर अधिक चार्ज भी कर रहे हैं। घर आने पर तो दोगुना से अधिक चार्ज वसूला जा रहा है। गर्मी से बचने के लिए मकैनिक को अधिक चार्ज देने के लिए लोग मजबूर हैं। इस गर्मी ने घर का खर्च बढ़ा दिया है।

### 12, 13 और 14 जून को होगी हल्की बारिश

आईआईटी आईएसएम के पर्यावरण विभाग के सहायक प्रो. विक्टर दास ने बताया कि धनबाद में मानसून दो दिशाओं से प्रवेश करता है। पहला बंगाल की खाड़ी और दूसरा अरब सागर से प्रवेश करता है। अभी दक्षिण पश्चिम मानसून ने रफ्तार पकड़ी है। महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ में इसकी झलक देखने को मिल रही है। 15 जून तक धनबाद भी पहुंचने की उम्मीद है। यदि ऐसा हुआ तो गर्मी से राहत मिलेगी। इसके पहले बहुत ज्यादा राहत की उम्मीद नही है। सेकेण्ड हाफ के बाद 12,13, और 14 जून को हल्की फुल्की बारिश राहत पहुंचा सकती है।

# पुश्तैनी जमीन विवाद में मारपीट, चार घायल

### हरिहरपुर पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोमो।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरकोट्टा गांव के ठाकुर टोला में सोमवार की रात लगभग दस बजे पुश्तैनी जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। रात के अंधेरे में खुल कर लाठी-डंडा के साथ टांगी भी चली और दोनों पक्षों के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना हरिहरपुर थाना पुलिस को दी गई। परंतु पुलिस नहीं पहुंची। बाद में घायल अवस्था में दोनों पक्षों के लहू-लुहान लोग हरिहरपुर थाना पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल भेजा। तोपचांची साहूबहियार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया। घायल रेलकर्मी बासुदेव ठाकुर ने बताया कि पुश्तैनी जमीन का विवाद पिछले पांच साल से शिवदयाल ठाकुर के साथ चल रहा है। 107 का मामला भी न्यायालय में है। बावजूद रात लगभग 10 बजे शिवदयाल ठाकुर पूरे परिवार के साथ मेरे घर में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। टांगी से मार कर मुझे घायल कर दिया। परिवार के सदस्यों को भी मारा पीटा। पत्नी गीता देवी भी घायल हो गई। इधर शिवदयाल ठाकुर का आरोप है कि बासुदेब ठाकुर और हूबलाल ठाकुर ने मिलकर उनकी पत्नी सावित्री देवी, पुत्र विक्की ठाकुर को मारपीट कर घायल कर दिया है। हरिहरपुर थाना पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

## जमबाद में कुएं में मिला व्यक्ति का शव

**गिरिडीह।** मुफस्सिल क्षेत्र के जमबाद निवासी रूपलाल दास का शव घर से थोड़ी ही दूर खेत में बने कुँए से सोमवार रात को बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। आशंका जताई जा रही है की घर में विवाद की वजह से इसने कुंए में कूद कर आत्महत्या कर ली है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद महतोडीह पिकेट प्रभारी संजय कुमार मौके पर पहुँचे और शव को कड़ी मशक़्कत के बाद कुएँ से बहार निकवाया। बाद में पंचनामा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# आचार्य संजय सिंह 'चंदन' बुद्ध सम्मान से सम्मानित

### साहित्य के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** साहित्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले धनबाद निवासी आचार्य संजय सिंह 'चंदन' को भगवान बुद्ध पर रचित उनकी रचना के लिए विशेष पुरस्कार, मानवता और शांति के विशेष योगदान के लिए महात्मा बुद्ध सम्मान- 2024 से सम्मानित किया गया है। बिहार के आध्यात्मिक ऐतिहासिक स्थल बोध गया में बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश ललितपुर के लोकप्रिय साहित्यकार पंकज अंगार जी थे। समारोह में देश भर से 83 साहित्यकारों ने काव्य गोष्ठी में शिरकत की थी। धनबाद से आचार्य संजय सिंह 'चंदन' भी शामिल थे।ज्ञात हो कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न कवि सम्मेलन में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के जरिए एक बड़ा मुकाम हासिल किया है।

# बगोदर के दो घरों से पांच लाख के जेवरात के साथ नगदी की चोरी

### सेंधमारी कर दिया घटना को अंजाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के दो गांव में चोरों ने सेंधमारी कर करीब पांच लाख के जेवरात समेत 20 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना बगोदर थाना इलाके के हैसला के लहरियाटांड़ गांव की है, जहां गृहस्वामी कोलेश्वर सिंह अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर की छत पर सोया था। चोर घर के पिछले हिस्से का ताला तोड़ कर अंदर घुसे और कोलेश्वर सिंह के दो कमरे में रखे ढाई लाख के जेवरात के साथ 10 हजार रुपयेचोरी कर चलते बने। जब गृहस्वामी और परिवार के अन्य सदस्यों की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि दो कमरे का दरवाजा खुला है और अंदर रखे गोदरेज से जेवर व नगद गायब है। दूसरी घटना बगोदर थाना इलाके के घाघरा के बड़काड़ीह गांव में हुई, जहां लोकनाथ महतो भी परिवार के सदस्यों के साथ छत पर सोये थेऔर चोर इसी अंदाज में ताला तोड़ कर अंदर घुसे और ें गोदरेज तोड़कर पांच हजार नगद सहित करीब ढाई से तीन लाख के सोने और चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के सदस्य उठे तो देखा कि कमरे का अलमीरा खुला हुआ है और जेवर के साथ नगद गयाब है। घटना की जानकारी बगोदर थाना को दे दी गई है।

# धनबाद डेकोरेटर्स एसो. अध्यक्ष समेत चार के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** 'दी रिवाज' मैरिज हॉल श्यामडीह मोड़ए कतरास में घुस कर मैनेजर के साथ गाली गलौज व मारपीट कर संचालक को अपमानित करने व हॉल के विरोध में दुष्प्रचार करने के मामले में धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय की अदालत ने धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंहए डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ए सचिव संदीप साव व सदस्य अजय पांडेय के खिलाफ भादवि की धारा 323, 500, 506 के तहत संज्ञान लिया है। अदालत ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के उपस्थित होने के लिए समन दायर करे। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 24 जून 2024 निर्धारित कर दी है।

### क्या है मामला

30 नवंबर 2023 को बाघमारा बाजार निवासी रंजीत सिंह ने अपने अधिवक्ता जितेंद्र कुमार के मार्फत धनबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन ;चिरागोराद्ध के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंहए डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के अध्यक्ष ;पचगढ़ी बाजारद्ध निवासी अशोक अग्रवाल ए सचिव संदीप साव व सदस्य अजय पांडेय के खिलाफ शिकायत वाद दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया है कि 23 जून 2023 को सुबह दस बजे अजय पांडेय ने उनके मैरिज हॉल में जाकर मैनेजर के साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। मैनेजर की सूचना पर हॉल संचालक रंजीत सिंह अपने पिता अंबिका सिंह के साथ मैरिज हॉल पहुंचे और अजय पांडेय से आग्रह पूर्वक पूछताछ किया तब वह आग बबूला हो गए और दोनों के साथ दुर्व्यवहार किया। इस संदर्भ में प्रदीप कुमार सिंह अन्य आरोपियों के साथ मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मैरिज हॉल में डेकोरेशन एकैटरिंग ए लाइट एंड साउंड में अपनी सेवा नहीं देने की घोषणा की साथ ही मैरिज हॉल के खिलाफ दुष्प्रचार किया।

# कालाबाजारी के अनाज को एसडीएम ने किया जब्त

### ठेकेदार से लेकर एजीएम तक बचाव में गढ़ रहे कई कहानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** कालाबाजारी के लिए जा रहे अनाज को गिरिडीह के बिरनी सरिया एसडीएम और बीडीओ ने गुप्त सूचना के आधार पर बिरनी थाना इलाके के पेसम के खरीयोडीह डाबरसेनी मेन रोड में जब्त किया। जब्त करने के बाद ठेकेदार से लेकर एजीएम तक बचाव में कई कहानी गढ़ रहे हैं। दावा कर रहे हैं कि सारा अनाज बिरनी के खरखरी के स्वयं सहायता समूह मां दुर्गा के डीलर अवध सिंह और वनारसीडीह के डीलर नवल किशोर सिंह के यहां पहुंचना था, जिसका वितरण भी होना था, लेकिन एसडीएम और बीडीओ द्वारा जब्त किए जाने के बाद से मामले को ठेकेदार और एजीएम स्तर के पदाधिकारी कोई और रूप देने के प्रयास में दिखे। ठेकेदार के यहां से गाड़ी में लोड सरकारी अनाज गेहूं, चावल और नमक को कहीं और भेजने की तैयारी थी। लेकिन समय रहते गुप्त सूचना मिलने पर एसडीएम व बीडीओ एक साथ छापेमारी के लिए पहुंच गए और बिरनी के पेसम के खरियोडीह व डाबरसेनी के समीप खड़े अनाज से लोड गाड़ी को जब्त किया।

# साल भर से धौड़ा बस्ती निवासियों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

### 400 मीटर दूर कुआं से पानी ढोकर लाती हैं 50 परिवार की महिलाएं



**राहुल पांडेय**

**सिंदरी।** भीषण गर्मी के बीच धनबाद नगर निगम के वार्ड नंबर 53 क्षेत्र के कांड्रा डीवीसी मुसाबनी कालोनी के समीप धौड़ा बस्ती निवासियों को एक वर्ष से पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए बस्ती के 50 परिवारों ने धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त और राज्य सरकार को त्राहिमाम संदेश भेजा है। परिवार की महिलाएं लगभग चार सौ मीटर दूर कुएं से गंदा पानी ढो कर लाती हैं। पूरे परिवार की प्यास उसी पानी से बुझती है। गंदे पानी का सेवन करने के कारण परिवार के सदस्य बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। दूर कुआं से सिर पर पानी ढोकर ला रहीं मुसाबनी धौड़ा बस्ती निवासी बेबी देवी सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। भारी बारिश में बस्ती से सटे जोरिया के पानी से घर का काम होता है। धनबाद नगर निगम ने एक वर्ष पहले पाइपलाइन बिछाई थी। कई घरों में मीटर भी लगा है। मगर टेस्टिंग के बाद कभी उस पाइपलाइन में पानी नहीं आया। नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई, मगर एक वर्ष से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनप्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया कि कल से पानी आ जाएगा। चुनाव बीत गया, लेकिन पानी नहीं आया।

### नगर आयुक्त से लगाई गुहार

वार्ड नंबर 53 के पार्षद प्रत्याशी सह सफल इंडिया के सचिव प्रदीप महतो ने बताया कि धनबाद नगर निगम के आला अधिकारी को भी मौखिक सूचना दी गई थी। परंतु सिर्फ आश्वासन ही मिला। उन्होंने बताया कि सोमवार को नगर आयुक्त और राज्य सरकार को पत्र देकर जानकारी दी गई है।

### क्या कहती हैं निवर्तमान पार्षद

वार्ड नं 53 की निवर्तमान पार्षद चंपा देवी ने बताया कि कोरोना काल में पार्षद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुसाबनी धौड़ा बस्ती की महिलाओं को पानी ढोकर लाने की बात दुखदायी है। नगर निगम को तुरंत पानी सप्लाई की व्यवस्था करनी चाहिए।

# एसएन झा बने गोमो के पहले स्टेशन सुपरिटेंडेंट, दी बधाई

### श्री झा के प्रोमोशन के साथ ही गोमो में स्टेशन सुपरिटेंडेंट का पद सृजन हुआ



**गोमो।** गोमो रेलवे के स्टेशन मास्टर सत्य नारायण झा गोमो स्टेशन के पहले स्टेशन सुपरिटेंडेंट बने। इस संबंध में धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारी सीनियर डी ओ एम द्वारा पत्र निर्गत कर दिया गया है। श्री झा के प्रोमोशन के साथ ही गोमो स्टेशन में स्टेशन सुपरिटेंडेंट का पद सृजन हुआ। इसके पूर्व चीफ यार्ड मास्टर कार्यालय के नाम संचालित था। स्टेशन सुपरिटेंडेंट पद पर प्रोमोशन मिलने के बाद ई सीआर के यू यूनियन के शाखा सचिव पी के सिन्हा,रुपेश कुमार,आर बी चौधरी,डी सी यादव,संतोष कुमार, निरंजन कुमार, सतीश कुमार, सुधीर कुमार आदि रेल यूनियन से जुडे सदस्य एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

epaper.khabarmantra.net



## आधारित आश्रितों को मिला झरिया विधायक का आश्वासन



**धनबाद।** झमाडा धनबाद के अनुकंपा आश्रित कई लोग पिछले 840 दिनों से झमाडा के मुख्य द्वार के सामने धरना पर बैठे हैं। मंगलवार को इन धरनार्थियों का प्रतिनिधि मंडल झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला और उन्हें अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। झरिया की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि उनके बारे में झमाडा के प्रबंध निदेशक से मिलकर बातचीत करूंगी, बल्कि उनकी समस्याओं के निदान के लिए भी पहल करूंगी। उनके बारे में झमाडा के प्रबंध निदेशक से मिलकर बातचीत करूंगी। झमाडा में कर्मचारियों की कमी दर्शायी गई है, वह मामला भी सदन में जोरदार तरीके से उठाऊंगी तथा संबंधित कर्मियों के लिए अनुकंपा बहाली की मांग करूंगी।

स्पीड न्यूज

### आपूर्ति पदाधिकारी ने जनवितरण दुकान को किया सस्पेंड

**मैथन।** कलियासोल प्रखंड की उरमा पंचायत के अल्लाह समूह जनवितरण प्रणाली के दुकानदार की मनमानी के खिलाफ निरसा के आपूर्ति पदाधिकारी ने उसे सस्पेंड कर दिया। दुकानदार पर आरोप है कि वह राशन कार्ड धारियों को मन मर्जी से राशन वितरण करता था। प्रत्येक व्यक्ति को तीन से चार किलो कम मात्रा में राशन देने का आरोप था। लोकसभा चुनाव से पूर्व एक महिला कार्डधारी राशन मांगने गई तो उसके साथ अभद्र ब्यवहार किया गया। पंचायत समिति मुक्ति मंडल जब इस सम्बन्ध में पूछताछ करने पहुंचा तो दुकानदार उससे उलझ गया। दुकानदार के क्रियाकलाप से आजिज ग्रामीणों ने लिखित शिकायत निरसा के आपूर्ति पदाधिकारी को दी। शिकायत मिलते ही आपूर्ति पदाधिकारी हरकत में आये और जांच शुरू की। जांच में ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई। आपूर्ति पदाधिकारी अर्चना मैडम ने तुरंत उस दुकान को सस्पेंड कर दिया।

### मुराईडीह में खुला मां मीना मेडी केयर सेंटर



**कतरास।** बाघमारा प्रखंड के मुराईडीह कॉलोनी में मां मीना मेडीकेयर सह अपोलो डाइगॉनस्टिक सेंटर सह नयन आई हॉस्पिटल का उद्घाटन सोमवार को कतरास निचितपुर क्लिनिक के चिकित्स्क डा उमाशंकर सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ सौरव प्रकाश, डॉ सुबोध सिंह, डॉ आलोक, ऋषि प्रभाकर, अश्विनी शर्मा, राकेश रोशन, आशुतोष, सुजीत शर्मा, जलधर सिंह, सचिन सिंह आदि मौजूद थे।

### एक बार फिर वर्दी शर्मसार, एएसआई लाइन क्लोज


**धनबाद।** धनबाद सदर थाना के एएसआई पर अभियुक्त की पत्नी से अश्लील बात करने एवं उससे अनुचित मांग करने के आरोप में सदर थाना के एएसआई महेंद्र कुमार को एसएसपी के निर्देश पर सिटी एसपी ने लाइन क्लोज कर दिया। एएसआई अगले कुछ माह में रिटायर्ड होने वाला था। शिकायत एक विवाहिता ने की हैं। उसने यह आरोप लगाया है कि उसके पति पर एक सख्श ने 50 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगा सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। वह एएसआई उसकी जांच करने उसके घर आया और इसी दौरान उसने मेरा नम्बर लिया और फिर एएसआई उससे बार-बार ऑडियो व वीडियो कॉल कर रहा था। उनसे जबरन अश्लील बातें कर रहा था। विवाहिता को सज-संवर कर होटल आने और शारीरिक संबंध बनाने का दवाव बना रहा था। इनकार करने पर पति को जेल भेजने की धमकी दे रहा था। इसके बाद महिला ने उसकी कॉल रिकॉर्डिंग कर इसकी शिकायत सिटी एसपी से की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीटी एसपी ने उसे लाइन क्लोज कर दिया है और जांच शुरू कर दी है।

# मैथन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोटर खराब इलाके के दो लाख लोगों को पानी नहीं

## कुमारधुबी, चिरकुंडा सहित अन्य क्षेत्र में पानी के लिए मचा हाहाकार

खबर मन्त्र संवाददाता





**मैथन।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मैथन स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मोटर खराब हो जाने के कारण सोमवार से पेयजलापूर्ति ठप है। इस भीषण गर्मी में मैथन, कुमारधुबी, चिरकुंडा आदि क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा दो लाख से अधिक की आबादी भुगत रही है। बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में चार मोटर उपलब्ध है। दो मोटर चालू रहता है और दो रिजर्व रखा गया है, ताकि पेयजलापूर्ति नियमित रूप से जारी रखा जा सके। किंतु विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही के कारण रिजर्व में रखे मोटर पहले से खराब है। उसे ठीक नहीं कराया और चालू मोटर भी खराब हो गया। कुल मिलाकर चारों मोटर खराब पड़ा है। विभाग के एसडीओ एस मल्लिक ने कहा कि मोटर की मरम्मत का काम जोर शोर से चल रहा है। बहुत जल्द पेयजलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इधर उपभोक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर है, जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है। पभोक्ताओं ने कहा कि एक तो भीषण गर्मी की मार और ऊपर से विभाग की लापरवाही के कारण पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। दो दिन से इस गर्मी में अपना काम छोड़कर पानी के लिए इधर उधर भटक रहे हैं और विभाग के अधिकारी ठेकेदारों के साथ मौजमस्ती में लगे हुए हैं। कहा कि कल यानी बुधवार की सुबह पानी नहीं मिला तो जोरदार आंदोलन होगा।

### लाइसेंसी दुकान और प्लॉट धारकों से होगी बकाया राशि की वसूली

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी प्रबंधन ने आवंटित दुकानों और प्लॉट धारकों से बकाया राशि वसूली का नोटिस सोमवार को जारी कर दिया है। सहयोग करने के लिए सूचना मंगलवार को सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स को भी दी गई। नोटिस के अनुसार प्रत्येक बुधवार को सुबह 10 से 1 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर लाइसेंस फी ऑन स्पॉट वसूला जाएगा। नोटिस के अनुसार माह के पहले, तीसरे और पांचवें बुधवार को शहरपुरा बाजार, झोपड़ी मार्केट और शहरपुरा हटिया क्षेत्र के लाइसेंस धारकों से बकाया राशि की वसूली होगी। महीने के दूसरे बुधवार को रोहड़ाबांध, आर केवन मोड़, मनोहरटांड़ बाजार, आइएमटाइप और रांगामाटी बाजार क्षेत्र और चौथे बुधवार को बीआईटी व गोशाला क्षेत्र, डोमगढ़ हटिया और छोटा डोमगढ़ क्षेत्र के लाइसेंसियों से बकाया राशि वसूली जाएगी। एफसीआईएल अधिकारी देबदास अधिकारी ने बताया कि एफसीआईएल की जमीन पर बने एनएसी मार्केट की दुकानों की 1995 से लाइसेंस फी बकाया है। इसपर भी विचार किया जा रहा है। बकाया राशि की वसूली जल्द की जाएगी।

# शहरी क्षेत्र में शीघ्र ही खुल जाएंगे 14 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर: नगर आयुक्त

## स्वास्थ्य सेवाओं को समन्वय स्थापित कर बेहतर बनाने का लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए झमाडा कार्यालय में मंगलवार को नगर आयुक्त सह प्रभारी झमाडा एमडी रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में समन्वय समिति के साथ बैठक हुई। उन्होंने शहरी क्षेत्र में अटल क्लिनिक, प्राइमरी हेल्थ सेंटर तथा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र में कुल 30 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे। वर्तमान में 16 सेंटर कार्यरत हैं। 14 सेंटर के लिए स्थल का चयन किया जा चुका है, चिकित्सकों एवं मरीजों के लिए फर्नीचर, अलमीरा आदि की व्यवस्था भी कर दी गई है। एक सप्ताह के अंदर ये सेंटर खुल जायेंगे। सभी स्वास्थ्य सेवाएं इन सेंटरों में मिलेंगी। उन्होंने सिविल सर्जन को सभी हेल्थ सेंटर में एएनएम और सहिया को जोड़ने की बात कही। जीएनएम की नियुक्ति का आदेश भी दिया। अटल क्लिनिक की व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही। सभी क्लिनिक में नियमित रूप से चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने अर्बन हेल्थ सेंटर में इम्यूनाइजेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में नगर आयुक्त ने बताया कि हर तीन माह पर यह बैठक होती है। नगर आयुक्त इस समिति के अध्यक्ष हैं। लोकसभा चुनाव के कारण इस बार बैठक थोड़ी देरी से हुई है। आज स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मियों और एनजीओ के साथ बैठक हुई है, जिसमें अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटर बसेरिया, हेल्थ वेलनेस सेंटर गोधर, अटल क्लिनिक डुमरा में पानी की सफ्लाई के लिए झमाडा से सहयोग लेने, अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर में परिवार नियोजन की सेवा शीघ्र प्रारंभ करने, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में नगर निगम के सहयोग से सफाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, संतोषिनी मुर्मू, अनिता कुजूर मौजूद थे।

### मानव सेवा व नारायणी परिवार ने बांटी पूरी-सब्जी

**कुमारधुबी।** मानव सेवा परिवार और नारायणी परिवार ने आज मंगलवार को रेल फाटक हनुमान मंदिर के पास राहगीरों के बीच पूरी सब्जी का वितरण किया। करीब साढ़े तीन सौ लोगों ने भोजन किया। ठंडा पानी व शरबत भी पिलाया गया। मौके पर मंजू अग्रवाल, बबिता गडयान, विनीता अग्रवाल, लता अग्रवाल, तरुण साव आदि मौजूद थे।

# खरखरी कोलियरी में डीजीएमएस व बीसीसीएल प्रबंधन ने किया मॉक ड्रिल

## जुटे बीसीसीएल अधिकारी, सीआईएसएफ व पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत खरखरी कोलियरी के पिट नंबर दो में मंगलवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक अनिल कुमार दास एवं उप निदेशक जावेद आलम के निर्देश पर मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में डीजीएमएस, बीसीसीएल अधिकारी, रेस्क्यू टीम, धनसार, मधुबन, सीआईएसएफ की क्यूआरपी टीम, यूनियन प्रतिनिधि, मधुबन पुलिस शामिल हुए। मॉक ड्रिल के माध्यम से खदानों में अचानक दुर्घटना से निपटने के तरीके का प्रदर्शन किया गया। डीजीएमएस के निदेशक अनिल कुमार दास ने बताया कि अचानक खदानों में दुर्घटना पर जान माल की सुरक्षा के तौर-तरीकों को लेकर समय-समय पर मॉक ड्रिल कर अधिकारी और कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाता है। मॉक ड्रिल से अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण मिलता है। महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा ने बताया कि कोलियरी में कार्यरत कर्मियों की जान माल की सुरक्षा करना बीसीसीएल प्रबंधन की जिम्मेवारी है। मौके पर डीजीएमएस के निदेशक अनिल दास, उपनिदेशक जावेद आलम, महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा, माइंस रेस्क्यू टीम धनसार के प्रमुख आरडी देव, एस एन घोष, आरके सिंह, इशा अंसारी, अरुण कुमार केसरी, सोमेश मौजूद थे।

### झरिया में बिजली आपूर्ति होती है मात्र पांच घंटे, उपभोक्ता परेशान



**जोड़ापोखर।** ऑल इंडिया जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष फरीद अहमद ने कहा है कि झरिया में बिजली विभाग की लापरवाही से मात्र 5 घंटे ही बिजली की आपूर्ति की जाती है। विगत एक माह से जनता को परेशानी हो रही है। बिजली विभाग के अधिकारी बार बार संसाधन का रोना रोते हैं। उन्होंने बिजली विभाग के महाप्रबंधक और उपायुक्त को पत्र देकर जल्द से जल्द बिजली की व्यवस्था में सुधार लाने की मांग की है और कहा है कि 29 जून को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया जायेगा। पत्र देने वालों में महासचिव शंकर झा, साधु सिन्हा, किशोरी पासवान, संजय वर्मा, हरीश जोसी, रंजीत साह, किशोर कुमार, मुख्तार अंसारी, शिवबालक पासवान, राम कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

# ग्रामीणों व फैक्ट्री मालिकों के बीच तालमेल जरूरी : एडीएम

## गिरिडीह के औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण रोकने के लिए हुई बैठक, विधायक सुदिव्य सोनू ने भी दिये सुझाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह धनबाद रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र चतरो के स्पंज आयरन फैक्ट्री मालिकों और ग्रामीणों के साथ सोमवार को सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, एडीएम विषपुते श्रीकांत और एसडीपीओ बिनोद रवानी ने एक अहम बैठक की। बैठक में प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद थे। एक एक कर के ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें सुनाई। ग्रामीणों ने कहा कि स्पॉन्ज आयरन फैक्ट्री मालिकों को कई बार कहा गया कि वे अपनी फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण को कम करें। ग्रामीण काफी हद तक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद सदर विधायक सोनू ने कहा कि प्रदूषण है जिसे मानने से इनकार नहीं किया जा सकता। इसे रोकने के लिए हर स्तर पर पहल की जरूरत है। एडीएम ने फैक्ट्री मालिकों से कहा कि वे अपने इलाके में सीएसआर के तहत मेडिकल कैंप लगाना जारी रखें। प्रदूषण का मुद्दा काफी गंभीर है और इसके लिए फैक्ट्री मालिकों और ग्रामीणों को एक साथ पहल करनी होगा। क्योंकि रोजगार का बड़ा साधन फैक्ट्री ही है और वहां काफी संख्या में मजदूर कार्य करते हैं। ऐसे में हर तरह के मेडिकल कैंप लगाने की जरूरत है और अब प्रयास होगा कि हर माह किस फैक्ट्री से प्रदूषण कम हुआ है, इसकी समीक्षा भी उतनी ही जरूरी है। बगैर ग्रामीणों और फैक्ट्री मालिकों के आपसी तालमेल के निदान संभव नहीं।

ग्रामीणों ने बताया कि विधायक और अधिकारियों ने कहा कि 30 जून तक उनकी मांगें पूरी की जाएंगी और कुछ न कुछ पहल की जाएगी। बैठक में बीडीओ गणेश रजक और मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो मौजूद थे।

## एक नजर में

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ग्राहकों के लिए आयोजित किया मेगा रिटेल एक्स्पो



**धनबाद।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद द्वारा मेगा रिटेल एक्स्पो का आयोजन मंगलवार को प्रभातम मॉल में किया गया। मुख्य अतिथि रांची अंचल के प्रमुख बैजनाथ सिंह थे। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद की क्षेत्र प्रमुख दीपमाला लकड़ा ने सभी सम्मानित ग्राहकों, बैंक के साथ जुड़े बिल्डरों और कार डीलरों का स्वागत किया और बैंक के विभिन्न रीटेल उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मुख्य अतिथि बैजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सदैव उत्कृष्ट सेवा के लिए आपके साथ जुड़ा है। ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र बैंक अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। उमेश चन्द्र, ब्रजेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य प्रबंधक उमेश कुमार, पी एन राय, अजय कुमार, सोनल गौतम, एमएलपी प्रमुख आनंद कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार सिंह, चन्द्रशेखर कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

### जदयू ने ललन सिंह को मंत्री बनने पर दी बधाई



**धनबाद।** जदयू सांसद सह कैबिनेट मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पंचायती राज, मत्स्य पालन तथा डेयरी मंत्रालय मिलने से झारखंड जदयू के नेताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। जदयू पार्टी से राज्यसभा सांसद सह झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि ललन सिंह के पास राजनीति का काफी लंबा अनुभव है। वह सुलझे व्यक्तित्व तथा प्रतिभा के धनी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसे बेहतर ढंग से पूरा करने का काम करेंगे। बधाई देनेवालों में धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह,प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार, रांची महानगर अध्यक्ष अखिलेश राय, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो, चाईबासा जिलाध्यक्ष विश्राम मुंडा आदि शमिल हैं।

### जमीन संबंधी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना



**कतरास।** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल सह प्रखंड कार्यालय के समक्ष विभिन्न गांवों में जमीन संबंधी ऑनलाइन त्रुटि एवं मूयूटेशन नहीं होने के खिलाफ ग्रामीणों ने धरना दिया। ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक जगत महतो ने कहा कि लोगों की जमीन संबंधी त्रुटि ठीक करने एवं लंबित म्यूटेशन को लेकर राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर में सैकड़ों आवेदन जमा हुए, परन्तु अंचल कार्यालय में अराजकता और गलत कार्य शैली के कारण अब तक शिकायतों का निष्पादन नहीं किया गया ह। लोहापिटी पंचायत के दिलीप कुमार महतो ने कहा कि अंचल में न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। कमल महतो ने कहा कि पंचायत शिविर में बिलबेरा के मुसिब अख्तर खान, बड़ा पांडेयाडीह के मेघनाथ महतो, जगरनाथ महतो का कार्य अभी तक लंबित है। धरना में विक्की महतो, रमेश महतो, प्रेम महतो, रीता देवी, कमल महतो एवं अन्य ग्रामीण बैठे थे। बताते चलें कि अंचल अधिकारी के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

### बीआईटी सिंदरी के मॉडल क्लब में पूर्ववर्ती छात्रों को दी विदाई



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के मॉडल क्लब में 2020-24 बैच के पूर्ववर्ती छात्रों की विदाई और नये नेतृत्व टीम का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष विकास ने नए अध्यक्ष अजय को औपचारिक रूप से बागडोर सौंपते हुए 2024-2025 सत्र की शुरूआत की। नई टीम में उपाध्यक्ष साक्षी कुमारी मिश्रा और अमित यादव शामिल हैं। नए सचिव शुवम बनर्जी बनाए गए। इस कार्यक्रम को यादगार बनाते हुए संस्थान प्रशासनिक भवन के पास फोटोशूट किया गया। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए कल्ब के एक सदस्य ने कहा कि क्लब ने हमें बहुत कुछ सिखाया है और हमें महान ऊँचाइयों तक पहुंचने में मदद की है।

### कृष्ण के प्रेम में आसक्ति और वासना नहीं, मुक्ति है




**गोविंदपुर।** रघुनाथपुर, पश्चिम बंगाल से आईं नर्मिता दे ने श्री श्री हरि कीर्तन समिति विलेज रोड, गोविंदपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय संकीर्तन के पहले दिन शनिवार की रात सस्वर राधा-कृष्ण प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि राधा और कृष्ण का प्रेम अनूठा है। उसमें वासना नहीं है। इसके पूर्व झरिया रंगदल के राहुल धीबर एवं निरसा के अमित कुमार ने गीत-नृत्य का ऐसा समां बांधा कि दर्शक घंटों मंत्रमुग्ध देखते रहे। बड़ा दल की गायिका का जादू आधी रात तक सर चढ़कर बोलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष धीरज शर्मा, सचिव रिंकू दास, सह सचिव सुड्डाष धीबर, कोषाध्यक्ष बादशा धीबर, सह कोषाध्यक्ष जयजीत मुखर्जी, पार्थो धीबर, राजा धीबर, अमित धीबर, नयन धीबर, समा धीबर, आकाश धीबर, रितिक धीबर, अरुण धीबर, विशाल चटर्जी, गौतम धीबर, विड्डाष धीबर, बाबू चटर्जी आदि सक्रिय रहे।

# साहिबगंज : सदर अस्पताल इन दिनों बना चोरों का अड्डा सुरक्षा के नाम पर मरीजों को किया जाता है परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहिबगंज।** शंकर पासवान ने जिरवाबाड़ी थाना में आवेदन देकर बताया कि सदर अस्पताल से उनका पैसा व मोबाइल चोरी हो गया है। शंकर बड़ा जिरवाबाड़ी, थाना जिरवाबाड़ी, साहिबगंज का निवासी है। तबीयत बिगड़ने पर पिछले दो दिनो से सदर अस्पताल मे भर्ती होकर अपना इलाज करा रहा था। बर्न वार्ड के बेड नम्बर 50 में एडमीट था। उसी रूम मे झोला में दो मोबाइल और 35000 रुपया लगभग कैश भी था। एक रेशमी का मोबाईल तो दुसरा ओप्कपो कम्पनी का था। सुबह 5:00 बजे के आसपास जब आंख खुली तो देखा कि झोला गायब है। इसके बाद आसपास के लोगों से मोबाइल लेकर फोन लगाया गया तो स्वीच आफ आ रहा । वही झोला मे ए टी एम कार्ड, डाक्टर का कागजात आधार कार्ड सहित कई कार्ड था। अब आपको सीधे-




सीधे बता देते हैं की इन दोनों सदर अस्पताल में किसी का भी आने जाने पर पाबंदी नहीं है यहां तक की सदर अस्पताल के मैनेजमेंट खुद ऐसे लोगों को जगह देता है। कल के अंक में सन्मार्ग ने प्रमुखता से सदर अस्पताल में खराब सीसीटीवी कैमरे की खबर छापी थी। अस्पताल में अगर सीसीटीवी कैमरा ठीक होता तो बीते दिनों फरार कैदी भी पुलिस की गिरफ्त में होती और चोरी हुई घटनाओं की भी जानकारी पुलिस को आसानी मिल गया होता। कैमरे में साफ पता चलता कि कौन -कौन लोग आया और किसने इस घटना को अंजाम दिया। इन दोनों सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी सतीश चंद्र ने कमान संभालें है। इसके बावजूद भी अस्पताल जस की तस दिखाई पड़ रही है। अस्पताल में आउटसोर्सिंग से काम कर रहे कई कर्मियों को नोडल पदाधिकारी ने तत्काल अस्पताल के कार्यभार मुक्त कर दिया था लेकिन इसके बावजूद भी अस्पताल में सभी कर्मी कार्य करते हुए नजर आते हैं इतना ही नहीं अस्पताल में और भी ऐसे कई लोगों का आना-जाना लगा रहता है जिसे अस्पताल से कोई लेना-देना नहीं है। अगर संज्ञान लिया जाए तो शायद जल्द ही चोर हिरासत में होगी और चोरी भी बंद हो जाएगी। एक तरफ इसे जिला सदर अस्पताल को अवार्ड भी मिला है इसके बाद भी अस्पताल कि यह स्थिति। सदर अस्पताल से हाल ही के कुछ दिनों में 10 से 15 मोबाइल चोरी हो चुका है जिसमें कुछ डॉक्टर के भी मोबाइल चोरी हुए हैं तो कुछ मरीज के परिजन के अब सवाल यह उठता है कि आखिर कैसे इस पर अंकुश लगाएगी अस्पताल प्रबंधक।

# बीएसएल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मानसून की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मानसून आने के साथ बीएसएल का सिविल इंजीनियरिंग विभाग संयंत्र परिसर की संरचनात्मक देखभाल और परिचालन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहता है तथा एक व्यापक रणनीति के साथ भारी बारिश और तेज हवा से बुनियादी ढांचे को होने वाले संभावित नुकसान से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहता है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा संयंत्र के भीतर महत्वपूर्ण स्थानों में क्षतिग्रस्त छत की चादरों की मरम्मत और प्रतिस्थापन के लिए समर्पित 20 एजेंसियों के साथ भारी बारिश और तेज हवा से कर्मियों और उपकरणों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभावी जल निकासी प्रणालियों के महत्व को पहचानते हुए 08 एजेंसियों को वर्षा जल पाइप लाइनों संबंधित मुद्दों को हल करने का काम सौंपा गया है। रखरखाव और हाउसकीपिंग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में घास झाड़ी रखरखाव पर केंद्रित एक नई पहल चल रही है। संयंत्र के परिधीय क्षेत्र में हरियाली बढ़ाकर मिट्टी के कटाव को कम करने और एक स्वस्थ पर्यावरण को बढ़ावा देने का कार्य जारी है। बुनियादी ढांचे की तैयारियों के साथ मानसून के खतरों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाकर



कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण सत्र सूचनात्मक सामग्री और स्पष्ट संचार चैनल प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान सूचित और सतर्क रहने के लिए सशक्त बनाते हैं। बोकारो स्टील प्लांट का सिविल इंजीनियरिंग विभाग सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए मानसून के मौसम की चुनौतियों से निपटने की अपनी क्षमता में आश्वस्त है।

## दुमका : तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

रामगढ़। दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के ढोलकटटा गांव के बाहर रहस्यमय तरीके से तालाब में डूबने से सात वर्षीय बच्चे सोनू सोरेन की मौत हो गई। सुचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा है। थाना प्रभारी शशिकांत साहू ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई० पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 27/2023-24
पत्रांक– 330 लातेहार / दिनांक–10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चौरा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखंड–हेरहंज, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 63.925 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.06.2024 (1.00 बजे अपराह्न से) |
| 5 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal(Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई० प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 325933 Water Resource(24-25)#D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई० पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 21/2023-24
पत्रांक– 334 लातेहार / दिनांक– 10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | चमबोधी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण प्रखंड–,गारू जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 45.968 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.06.2024 1.00 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई० प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.325940 Water Resource(24-25):D


## स्पीड न्यूज

### मुकेश कुमार ने संभाला बेरमो बीडीओ का पदभार



बेरमो/बेरमो प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को मुकेश कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्हें बेरमो सीओ सह बीडीओ संजीत कुमार ने पदभार सौंपा। साथ ही पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। साथ ही प्रखंड कर्मियों ने भी उनका स्वागत किया। बाद में पत्रकारो से बात करते हुए बीडीओ मुकेश कुमार ने कहा कि बीडीओ के रूप में यह उनकी प्रथम पदस्थापना है। जिसकी की सरकारी येजनाएं चल रही है उसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने, ससमय उसे पुरा करने, नियमानुसार कार्यों को पुरा करना प्रथमिक्ता रहेगी। साथ ही पेंडिंग कार्यों का तत्काल निष्पादन किया जाएगा।

### बेरमो विधायक ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण



बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने बेरमो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को दूर करने हेतु विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। इस दौरान आम लोगों के जरूरी कार्यों का उनके सहुलियत अनुसार और शीघ्र निष्पादन करने के लिए अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।

### स्व बिनोद सिंह की पुण्यतिथि मनाई गयी



बेरमो। फुसरो सुपर बाजार निवासी सह भाजपा नेता स्व बिनोद कुमार सिंह जी की 6 वीं पुण्यतिथि राजेंद्र स्मृति भवन फुसरो के समीप स्थित श्याम रसोई परिसर मे मनाई गई। स्व बिनोद कुमार सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सैकड़ों लोगो को प्रसाद के रूप मे भोजन खिलाया गया। मुख्य रूप से भाजपा निवर्तमान महामंत्री दिनेश कुमार सिंह, मोहम्मद कलाम खान, गजेंद्र सिंह, सुशील सिंह, राजू अग्रवाल, पवन अग्रवाल, ओम प्रकाश राजा, खिरोघर राज, नरेश महतो, दिवाकर यादव, गोविंद साव, मोहम्मद अरवाज, दुर्गा राम, शिवचंद्र सिंह, मुन्ना, हजारी मिस्त्री के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### साहिबगंज : ऑटो पलटने से एक की मौत

साहिबगंज। जिले में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। जानकारी के अनुसार शादी के कार्यक्रम के बाद बारात वापस लौट रही थी कि वाहन ने अपना नियंत्रण खो दिया और दुर्घटना हो गया। साहिबगंज जिला के रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरी कोल के पास मंगलवार की सुबह शादी समारोह के बाद बारात वापस लौट रही थी। इसी दौरान टेंपो पलट गया, जिससे करीब 20 बाराती घायल हो गए। वहीं 4 वर्षीय एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। रांगा थाना क्षेत्र के चमड़ा पहाड़ में पहाड़िया समुदाय के एक लड़की की शादी थी। बारात तालझारी प्रखंड के महाराजपुर कलदी भिट्ठा पहाड़ से रविवार को चार ऑटो से आई थी।

# दुमका : किसानों की आय बढ़ाने को लेकर परामर्शदातृ समिति की बैठक

## खरीफ फसल समेत अन्य फसल कम नमी में होने की किसानों को दी जा रही जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, खुटाबांध में सह-प्रसार परामर्शदातृ समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक मुख्य रूप से खरीफ फसल के उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ दुबे ने कहा कि हम लोग साल में दो बार खरीफ और रवि फसल को



लेकर बैठक करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि पिछले साल खरीफ फसल में क्या किया गया है और इसका परिणाम क्या निकला। जिसे परिभाषित करके अच्छे तरह से तकनीकी के रूप में विकसित करके किसानों तक लाया जाये। उन्होंने कहा कि अनुसंधान कर किसानहित में रूप-रेखा तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि कम पानी में होने वाले प्रजातियां का प्रचार प्रसार किया जा सके। कम नमी में उपजने वाले फसलों की जानकारी दी जा सके। ऑगेनिक कम्पोस्ट आदि ध्यान रख फसलों का चयन किया जा सके। मधुमक्खी पालन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने खाद्य और पोषण सुरक्षा, किसानों कों लाभ देने वाली टिकाऊ तकनीक को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कम पानी वाले फसल मरूआ, सामा आदि की फसले करें। उन्होंने कहा कि विशेषकर दलहनी क्षेत्र में खेती के लिए अरहर, चना, मसूर दलहन का बड़ा अच्छा खेती हो सकता है। खासकर किसान भाइयों से हम यही कहना चाहेंगे कि रवि फसल में सरसों का खेती पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें और अपने क्षेत्र पर आय बढ़ाने वाली फसलों से लगाना है। जिसमें बागवानी, पशुपालन में मुर्गी पालन, सुअर पालन से किसान अपने आय को बढ़ा सकते है। उन्होंने मैन पावर को लेकर कहा कि जल्द ही विभाग मैन पावर बढ़ायेगी। उन्होंने कहा कि तत्काल संविदा पर वैज्ञानिकों को नियुक्त किया गया है। निकट भविष्य में वैज्ञानिकों की नियुक्ति कर टिशू कल्चर लैब को अच्छे तरीके से चलाया जायेगा। बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए।

## करंट लगने से आलू व्यवसायी की मौत

**बेरमो।** गोमिया-गोमिया थाना छेत्र अंतर्गत गोमिया मोती चौक के समीप निवासी आलू व्यवसायी दशरथ साव 50 वर्ष की मंगलवार की प्रातः विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। बताया गया कि मृतक के आवास में विद्युत पावर सप्लाई नहीं हो रहा था। तब वह सीढ़ी लेकर पोल पर चढ़कर बिजली लाइन को दुरुस्त कर रहा था। बिजली मरम्मती के दौरान वह बिजली करंट के चपेट में आ गया और झटका लगने से नीचे जमीन पर गिर पड़ा। उसे इलाज के लिये पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## मयूराक्षी कॉलेज संस्थान ने बीमारी से पीड़ित को दी सहायता राशि

**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज शिक्षण संस्थान की ओर से गंभीर बीमारी से पीड़ित रिंकी भंडारी के इलाज के लिए सहायता राशि चेक मंगवार को दिया। चेक संस्था के अध्यक्ष सह पूर्व प्राचार्य डॉ अब्दुल रईस खान ने दिया। पीड़ित परिवार को इलाज के लिए 7500 रुपये का सहायता राशि प्रदान किया गया। इस बावत कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ रूपम कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ खान ने सहानुभूति व्यक्त करते हुए उन्हें जल्द से जल्द कुशल एवं स्वस्थ्य होने की शुभकामना दिया है। कॉलेज के प्रधान लिपिक अलोक कुमार घोष, विमल कुमार मंडल, काजल भट्टाचार्य, कांति एवं एमजी इंटर कॉलेज के प्राचार्य संजय कुमार घोष, पीटीआई शिक्षक काजी मुस्तफा ने भी रिंकी भंडारी को जल्द स्वास्थ्य होने के शुभकामना दिया। डॉ खान ने कहा हमें अपने दैनिक कार्यों के अलावा सामाजिक कार्यों को भी करना चाहिए। ताकि हमारे समाज को एक अच्छा सन्देश मिल सके।

# बोकारो : उपायुक्त ने किया जनता दरबार का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा**

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में लायी गई सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द इन सभी का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार मे उपायुक्त ने जमीन विवाद एवं वेदांता में नियुक्ति से संबंधित शिकायत सुनी। उन्होंने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित कर दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी पुलिस उपाधीक्षक यातायात आशीष महली डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय सहित कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## आशा थी निशिकांत को मंत्रिमंडल में जगह मिलगी : परमानंद

**गोड्डा।** स्थानीय सांसद डॉ निशिकांत दुबे की जीत से उत्साहित क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को उस वक्त निराश होना पड़ा जब मंत्रिमंडल में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे का नाम सामने नहीं आया। आम लोगों में इस बात को लेकर चर्चा है कि इस बार उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में केबिनेट मिनिस्टर के रूप में लिया जाना चाहिए था। परमानन्द गुप्ता, ओम प्रकाश स्वर्णकार, कृष्णा कुमार महतो, हिमांशु शेखर सिंह, जय किशोर यादव, सुधांसु सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री से मांग कि है कि गोड्डा सांसद को मंत्री मण्डल में शामिल किया जाय। इसको लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है कि निशिकांत दुबे के मंत्रिमंडल में लिए जाने पर पुनः विचार किया जाय जिससे बिहार झारखण्ड दोनों ही राज्यों में विकास कार्य द्रुत गति से हो सके।

# गोड्डा : पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ तीन अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** रास्ते से जरा सा भटकाव होते ही आजकल युवा छोटे और गलत रास्ते का इस्तेमाल कर अपराध कि दुनिया में कदम रखने के पहले जरा भी नहीं सोचते कि अगर पकडे गए तो सारी जिंदगी ही बर्बाद हो जाएगी। आज एस डी पी ओ गोड्डा जे पी एन चौधरी ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर ऐसे ही राह से भटके हुए तीन युवाओ द्वारा अपराध की योजना बना रहे तीन युवको को रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग की टुकड़ी ने उसका पीछा कर गिरफ्तार किया। तीनो युवक एक बाईक पर सवार होकर किसी शिकार की तलाश में थे उसके पहले गोड्डा नगर थाना पुलिस ने उसे अपना शिकार बना



लिया। एक बिहार के मुंगेर जिला का निवासी आकाश कुमार उम्र 19 वर्ष पिता दीपक कुमार शर्मा पता साऊथ शास्त्री नगर थाना कासिम बाजार का निवासी नीरज कुमार उर्फ रॉकी उम्र 22 वर्ष पिता मिथिलेश कुमार है दूसरा बिहार के ही कटिहार जिले का थाना फलका ग्राम समेली का निवासी है। तीसरा सौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष पिता सुरेंद्र प्रसाद गुलजार बाग थाना गोड्डा नगर जिला गोड्डा के निवासी हैं। तीनो एक बाईक पर सवार होकर गोड्डा के कारगिल चौक के पास गुजर रहे थे। पुलिस गश्ती दल को कुछ संदेह हुआ और रुकने का इशारा किया लेकिन ये भागने लगे गश्ती दल द्वारा जीप से इनका पीछा किया गयाऔर इन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। इस गश्ती दल के साथ थाना प्रभारी नगर गोड्डा दिनेश कुमार मोहली, अमित मर्की, गुलाब किस्फोटा गौरव कुमार के साथ पुलिस के जवान शामिल थे।

## ग्रामीण लाभुकों को लाभान्वित करने को लेकर तत्पर है प्रशासन

**बोकारो।** ग्रामीण लाभुकों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम लाभुकों तक पहुंचे इस उद्देश्य से जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि कतिपय योजनाओं में आधार का बैंक खाता से मैपिंग नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के लाभुक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त विजया जाधव के आदेश पर विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्रामीण लाभुकों तक पहुचाने लाभुकों का बैंक खाता खुलवाने डॉरमेंट अकाउंट को एक्टिव करना एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को सभी प्रखंडों में 20 जून तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़**

**नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।**

अति अल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/05/2024-25

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा निकालने वाले पदाधिकारी | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़। |
| 2 | निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 12.06.2024 12.06.2024 |
| 3 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि | :– | दिनांकः 20.06.202420अपराहन 04:00 बजेतक। |
| 4 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट | :– | केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान | :– | दिनांकः 21.06.202421अपराहन 4:00 बजे तक। |
| 6 | मद का नाम | :– | नागरिक सुविधा / शहरी परिवहन |
| 7 | हेल्पलाईन नं0 | :– | 9962405690, 9110072039 |

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 | Construction of Drain from old NH-33 DAV Public School Udari Kristain in ward No-02 | 2198100.00 | 43962.00 | 5000 | 90दिन |
| 2 | 05 | Construction of Ghat at Bank of Sewta River Near kali mandir in ward No-05 | 2192200.00 | 43844.00 | 5000 | 90दिन |
| 3 | 05 | Laying of Paver block in Campus of Kali mandir in Ward No-05 | 1967500.00 | 39350.00 | 5000 | 90दिन |
| 4 | 09 | Construction of Ghat at Marar Talab in ward No-09 | 2192200.00 | 43844.00 | 5000 | 90दिन |
| 5 | 11 | Construction OF PCC Road from H/O Sadruddin Ansari to H/O Aslam Ansari via H/O Dullu in Ward No-11 | 1439100.00 | 28782.00 | 5000 | 90दिन |
| 6 | 15 | Construction OF PCC Road from H/O Sukdeo Bediya to Giddi Ramgarh main road via bediya tola in ward No-15 | 2498300.00 | 49966.00 | 5000 | 90दिन |
| 7 | 17 | Construction of PCC Road from land of Digamabar MAhto to Chhat Ghat Damodar Nadi in Ward No.17(Part-I) | 2218650.00 | 44373.00 | 5000 | 90दिन |
| 8 | 17 | Construction of PCC Road from land of Digamabar MAhto to Chhat Ghat Damodar Nadi in Ward No.17(Part-II) | 2218650.00 | 44373.00 | 5000 | 90दिन |
| 9 | | Construction of PCC Road from Land of Bartu Mahto to H/O Mukesh Mahto in ward No-17 | 2218700.00 | 44374.00 | 5000 | 90दिन |
| 10 | 18 | Construction of Drain Dr. Aeshrarul Haque to H/O Rajesh Urawn in Ward No-18 | 1952800.00 | 39056.00 | 5000 | 90दिन |
| 11 | 19 | Construction of Ghat at Margardha in Ward No-19 | 1347600.00 | 26952.00 | 5000 | 90दिन |
| 12 | 19 | Construction of Retainging wall from H/O Surendra Mallahar to H/O Rajkishore Mallahar in ward No-19 | 1029400.00 | 20588.00 | 5000 | 90दिन |
| 13 | 20 | Laying of Paver bloc Road from H/O Balrud bediya to railway crossing in ward No-20 | 2450900.00 | 49018.00 | 5000 | 90दिन |
| 14 | 20 | Laying of Pavers block road from H/O Bharat bediya to H/O Nirmal Bediya (B) in ward No-20 | 2486900.00 | 49738.00 | 5000 | 90दिन |
| 15 | 20 | (A)Laying of Paver block road from H/O Dhaneshwar bedita to H/O Chandan bediya (B) from H/O Krishna bediya to Kumahar tand in ward No-20 | 2175300.00 | 43506.00 | 5000 | 90दिन |
| 16 | 23 | Laying of Paver block and boundary wall in Eidgah in ward No-23 | 2059400.00 | 41188.00 | 5000 | 90दिन |
| 17 | 23 | Construction of Drain Millat colony H/O Raja Rai to Azad khan in ward No-23 | 1157050.00 | 23141.00 | 5000 | 90दिन |
| 18 | 23 | Construction of PCC Road from Millat colony H/O Raja Rai to Azad khan in ward No-23 | 1690200.00 | 33804.00 | 5000 | 90दिन |
| 19 | 26 | Construction of Retaining wall at Manduwajara and Sewaiya Gadda ward No-26 | 1696700.00 | 33934.00 | 5000 | 90दिन |
| 20 | 26 | Construction of Drain from Water Tank to Culvert via NH-23 in Ward No-26 | 2392350.00 | 47847.00 | 5000 | 90दिन |
| 21 | 27 | Construction of Model Municipal Building Near H/O Tulshi Mahto in ward No-27 | 2471600.00 | 49432.00 | 5000 | 160दिन |
| 22 | 27 | Laying of Paver Block road from H/O Dhaneshwar mahto to H/O to Ajay Mahto (B) from H/O Mantosh Pandey to H/O Prameshwar Pandey (c) fro H/O sanoj Bediya Road to H/O Mansha Bediya and (D) Middle School to Gawan Devti in Ward No-27 | 1982200.00 | 39644.00 | 5000 | 90दिन |
| 23 | 30 | Construction of model Municipal Building at Nayak Tola in ward no-30 | 2472400.00 | 49448.00 | 5000 | 160दिन |
| 24 | 31 | Construction of Drain from H/O Tikeshwar Mahto to H/O Guddu Mahto via Birbal Mahto in ward No-31 | 2323100.00 | 46462.00 | 5000 | 90दिन |
| 25 | 31 | Laying of Paver Block Road from H/O Sapan Mahto to Shiv Mandir in ward No-31 | 1642700.00 | 32854.00 | 5000 | 90दिन |
| 26 | 31 | Construction of Drain from H/O sapan Mahto to Shiv Mandir in ward No-31 | 1395200.00 | 27904.00 | 5000 | 90दिन |

नोटः– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयों http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नही हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नही हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ

PR 325890 District(24-25)#D

# स्त्री शक्ति का साथ

पीएम नरेंद्र मोदी ने सामान्य भारतीय स्त्री के इस मन और जीवन की समस्याओं को संबोधित किया। स्त्री को सुरक्षित परिवेश और बेटियों को आसमान छूने की प्रेरणा दी। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं एक सामाजिक संकल्प बन गया। मोदी परिवारों को चलाने वाली स्त्री के दर्द, उसकी जरूरतों को समझने वाले राजनेता हैं। उज्जवला गैस जैसे योजना उनके संवेदनशील मन की गवाही देती है। लकड़ियां लेटर आने,गोबर के उपलों से खाना बनाती स्त्री, उसके कष्ट सब नहीं समझ सकते। धुएं के नाते उसको होने वाले स्वास्थ्यगत नुकसान को भी सब नहीं समझ सकते। बात छोटी है,पर संवेदना बहुत बड़ी। इसी तरह शौचालय न होने के कारण स्त्री के कष्ट से हर घर शौचालय का विचार एक क्रांतिकारी कदम था। यह मुद्दा महिला सुरक्षा ,स्वास्थ्य और स्वच्छता सबसे जुड़ा हुआ मुद्दा है। मध्यप्रदेश ने केंद्र की सभी योजनाओं का श्रेष्ठ क्रियान्वयन किया। इस पहल ने देश और प्रदेश में परिवर्तन का सूत्रपात किया। प्रधानमंत्री आवास योजना इसी दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम था, जिसने परिवार को छत दी। आप लाख कहें महिला के लिए उसके घर से बड़ी कोई चीज नहीं होती। यह बहुत भावनात्मक विषय है, जो सामान्य मन से समझ में नहीं आएगा। स्त्री कल्याण की योजनाएं मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान को 'मामा' के रूप में स्थापित कर गयीं। शिवराज जी मध्यप्रदेश में इसी लोकप्रियता के कारण अपनी सीट आठ लाख से ज्यादा मतों से जीते और मध्य प्रदेश में सबसे बड़ी सफलता मिली। भाजपा मध्यप्रदेश की सरकार सामाजिक कल्याण की योजनाएं और केंद्र की योजनाओं ने कमाल किया। भरोसा पैदा किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने साफ कहा कि महिला कल्याण की कोई योजना बंद नहीं होगी। निश्चित स्त्री शक्ति पर विशेष ध्यान देना देश की बड़ी आवश्यकता है।

# मानसून का इंतजार

अब जबकि मानसून ने केरल व पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को भिगो दिया है तो झारखंड-बिहार सहित शेष देश भी उत्साहित है कि देर-सवेर मानसून उनके दरवाजे तक भी दस्तक दे जाएगा। वैसे हाल में आये चक्रवाती तूफान की वजह से भी कुछ पश्चिम बंगाल व पूर्वोत्तर के राज्यों में बारिश हुई है और बाढ़ जैसा मंजर भी पैदा हुआ। बहरहाल तपते उत्तर भारत को तो अब मानसूनी फुहारों का बेसब्री से इंतजार है। मानसून के बादल धीर-धीरे मध्य भारत व उत्तर की ओर बढ़ते जाएंगे। यह सुखद है कि हाल के वर्षों में मौसम विभाग की भविष्यवाणियां कमोबेश सच साबित होने लगी हैं। कहा गया था कि इस साल मानसून निर्धारित समय से पहले आ जाएगा, वैसा हुआ भी है। मानसून ने समय से पहले केरल में दस्तक देकर जन-जन को प्रफुल्लित कर दिया है। उम्मीद है कि जून के अंत तक मानसून उत्तर भारत को भिगोने लगेगा। ऐस वक्त में जब पारा नित नये रिकॉर्ड बनाता रहा है मानसून की सूचना निश्चित रूप से राहतकारी कही जाएगी। यह निर्विवाद सत्य है कि मानसून के पास हमारी तमाम समस्याओं के समाधान हैं। खासकर धान का कटोरा कहे जाने वाले राज्यों के लिये तो यह जीवनदायिनी है। मानसूनी बारिश से जहां खेतों को पर्याप्त पानी से संतुष्टि मिलती है, वहीं बिजली व अन्य ऊजाओं की बचत भी होती है। मानसून के आने से वह दबाव भी धीरे-धीरे कम होने लगता है। इसमें दो राय नहीं है कि सदियों से मानसून देश में मौसम की विशिष्ट संस्कृति का पोषण करता है। आज भी मानसून हमारी कृषि व्यवस्था की रीढ़ है। मौसम की तल्खी को खत्म करके यह जन-जन को राहत देता है। विश्वास है कि हमारी संस्कृति व अर्थव्यवस्था में मानसून की निर्णायक भूमिका निरंतर जारी रहेगी।

# मन से देखों तीर्थ वहीं है

विचार-प्रवाह

**बद्री नारायण**

**तीर्थ** के बिना धार्मिक संस्कृतियों की कल्पना नहीं की जा सकती। वह चाहे हिंदू संस्कृति हो, इस्लामिक, बौद्ध या जैन संस्कृतियां। खासतौर पर हिंदू संस्कृति में तीर्थ आधार तत्व की तरह है।

तीर्थ बिना सब सूना का भाव हर धर्म पारायण हिंदू के मन में बना रहता है। लेकिन सबके लिए चार धाम की यात्रा संभव नहीं। ऐसे में वे आस-पास के क्षेत्रों में ही अपने लिए तीर्थ स्थान ढूंढ लेते हैं। कोई नदी का किनारा हो या मनोरम पहाड़ी-पठारी। कोई सिद्ध स्थान, किसी जोगी-जती के रहने की ठांव, या कोई पुराना मंदिर-तालाब। हम इनमें से कुछ को धार्मिक विश्वास से जोड़ लेते हैं और उन्हें अपना तीर्थ मान लेते हैं। कहीं राम का पांव, कहीं राम का चैरा। कहीं हनुमान घाट, कहीं सीता का स्थान। कहीं शिव का तपोधाम, कहीं देवियों के कटे अंगों के गिरने के वृतांत। तो कहीं ऋषि परशुराम, वाल्मीकि और विश्वामित्र के आश्रम के वृतांत। इन्हें लेकर हम एक ह्यपवित्रह्न अर्थ गढ़ लेते हैं।

ये तीर्थ ऐसे पवित्र स्थान होते हैं जहां जाकर हमारा आध्यात्मिक उत्थान होता है। तीर्थों पर जाने से हमें धार्मिक चचाएं सुनने को मिलती हैं। हमारे कानों से उतरकर वे स्मृतियों का हिस्सा बन जाती हैं। ऐसी परिचचाएं हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

भारतीय परंपरा में आध्यात्म को बढ़ावा देने के लिए मठ और पंथ लोगों को तीर्थों से जोड़ते हैं। कई बार इनके नजदीक आने पर हम तीर्थ-स्थानों और कुंभ मेलों में जाते हैं। कई बार दूसरों की देखा-देखी और सुनकर जाने लगते हैं।

कार्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## वन बचायें


**हर** वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों के जंगलों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हिमाचल में कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए जंगलों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिस कारण सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं। **– रविकांत, रांची**

## पाक के इरादे

**यह** बदलाव भारत का पाकिस्तान के साथ बातचीत न करने के कारण हुआ। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। पाकिस्तान चीन के हाथों की कठपुतली बन चुका है। पाकिस्तान ने अपने देश को चीन के हाथों में गिरवी रख दिया है। पाकिस्तान ने शर्त रखी है कि वातालर्ाप में भारत पहल करे। पाकिस्तान पहले धोखा दे चुका है। **–संजय, हजारीबाग**

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म



**-आरके सिन्हा**

> लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिन चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया ।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं- बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था, वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारणमंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फनार्डीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृहमंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस के बाहरी समर्थन से प्रधानमंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिन तक चला क्योंकि कांग्रेस अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं। कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं।

लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया , जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।1989 से 2004 तक, छह आम चुनाव में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे। 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए।

अटल बिहारी वाजपेयी, भाजपा के दिग्गज नेताओं में से एक रहे, जिन्होंने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्वकाल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेस-वे का निर्माण तेज हुआ। व्यापार बाधाओं को कम किया गया। देश में आईटी क्रांति का जन्म हुआ। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया और अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए।

और अतीत में, सफल अल्पसंख्यक सरकारें और भी कम सीटों के साथ चलाई गई हैं। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी। मैं मानता हूं कि मोदी जी जनता दल (यू) के नेता नीतीश कुमार और तेलुगू देशम पार्टी के नेता चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही।

अब लोकसभ चुनाव के बाद केन्द्र में सरकार गठित हो गई है। अब इंडी गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। रोज विधवा विलाप करने की आदत छोड़नी होगी । आप चुनाव प्राचर के समय तो कुछ भी बोलते हैं। पर चुनाव नतीजों के आने के बाद आपको अपनी बयानबाजी सोच-समझकर करनी होती है। हां, विपक्ष को सरकार को राष्ट्र हित के मसलों पर सजग करते रहना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके

खास बात

## दिमाग कुशाग्र करता है योग

**स्वामी मुक्तरथ**



आपने देखा होगा कि आपके आस-पास ऐसे बहुत से बच्चे या फिर लोग होते हैं, जिनकी दिमागी शक्ति बहुत ज्यादा तेज होती है और उन्हें बहुत सारी चीजें याद भी रहती हैं। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि काश हमारी भी याददाश्त उन्हीं की तरह होती तो कितना अच्छा होता। बता दें कि दिमाग सभी का एक ही तरह का होता है बशर्ते आपको उसे यूज करना आना चाहिए और ऐसी चीजें करनी चाहिए, जिसकी वजह से आपका दिमाग तंदरुस्त रहे। हमारा दिमाग नरम टिश्यूज से मिलकर बना होता है, जो शरीर की हर जरूरी गतिविधि को नियंत्रित करने का काम करता है, इसलिए ब्रेन का एक्टिव रहना बहुत ही जरूरी होता है। हालांकि जिस तरीके से हमारा लाइफस्टाइल, खान-पान बिगड़ा है उसकी वजह से बहुत से लोग चीजों को याद रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। हां, अगर आप चाहते हैं कि आपका दिमाग भी कंप्यूटर जैसा चले तो आप योग के जरिए जरूर ऐसा कर सकते हैं। इस लेख में हम आपकोयोगासन के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी याददाश्त को मजबूत बना सकते हैं और दिमागी शक्ति बढ़ाते हैं। **वज्रासन :** इस आसन को करने के लिए पैरों को मोड़कर घुटनों के बल बैठ जाएं। अपने पंजों को एक साथ बनाए रखें और पैर के अंगूठों को एक-दूसरे से क्रॉस कर लें। 2. अब धीरे-धीरे अपने शरीर को नीचे ले जाएं और कूल्हों को एड़ियों पर टिकाएं। इस दौरान आपकी जांघें आपकी काफ पर होंगी। 3. उसके बाद दोनों हाथों को घुटनों पर रखें और सिर एकदम सीधा होना चाहिए। इस दौरान आप सिर्फ सामने की ओर देखेंगे। 4. अपना सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ अपनी सांसों पर रखें। सांस लेने और छोड़ने पर ध्यान रखें। 5. इस आसन को करते वक्त अपने दिमाग से सभी बातों को निकालकर सिर्फ सांस पर ध्यान दें। 6. इस आसन को आप कम से कम 10 मिनट तक कर सकते हैं। बाद में इसकी अवधि को बढ़ा सकते हैं। 7-इस आसन को खाना खाने के बाद किया जाता है।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

देश की वंचित और गरीब आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इंडिया के साथ खड़ी हो गयी।

गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस के बब्बर शेर कार्यकताओं को बधाई।

**– राहुल गांधी, कांग्रेस**

आपके ट्वीट

स्नेह और आशीर्वाद के साथ उत्साहजनक मतदान के लिए मेरे सभी परिवारजनों का नतमस्तक होकर हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

**– अन्नपूर्णा देवी सांसद**





**गौरैया** हमारे बचपन की असंख्य स्मृतियों की साक्षी रही है,किन्तु प्रकृति के निरंतर दोहन के कारण पर्यावरण में घोर असंतुलन है। पर्यावरण में विकृति ही गौरैया जैसे अनेक जीवों के विलुप्त होने का मूल कारण है । प्राकृतिक जीवन अभ्यासी बनें।

**–अवधेशानंद गिरी**

# 99 पर फंसी कांग्रेस के इतना खुश होने के क्या कारण है !

**गौरव अवस्थी**

राजनीति

आंकड़ों की लीला अजीब होती है। आंकड़े डराते हैं और सुखद अहसास भी कराते हैं। बशर्ते आंकड़े बदलने के लिए कड़ा पसीना बहाया गया हो आंकड़ों में जरा सा हेरफेर आसान है लेकिन हकीकत कठिन। पिछले दो चुनावों के आंकड़े कुछ ऐसे ही थे लेकिन इस बार आंकड़ों में हल्का सा उलट-पुलट कांग्रेस में नई जान डालने वाला साबित हुआ है। याद कीजिए, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़े गए 2014 के आम चुनाव में पार्टी को स्वतंत्रता के बाद हुए चुनाव में सबसे कम 44 सीटें मिलीं थीं। 2019 में कांग्रेस की सूरत थोड़ी ही बदली। हाल कमोबेश पहले जैसा ही था।कांग्रेस के इस हालात पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों और चिंतकों ने कांग्रेस के खत्म होने की भविष्यवाणी खी थी। आपको याद होगा 2014 में करारी हार के बाद राहुल के अचानक एक महीने अज्ञातवास पर चले जाने को भी न जाने किस-किस चश्मे से देखा गया। उन्हें पलायनवादी बता दिया गया। कुछ ने तो कांग्रेस नेतृत्व को 'अविश्वासी' तक कहने में संकोच नहीं किया। वोट शेयर के आईने में बहुत बदलाव नजर नहीं है मगर कुल मिले वोटो का तुलनात्मक अध्ययन कांग्रेस के विश्वास को बढ़ाने वाला कहा जा सकता है। 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस को क्रमशः 10,69, 35942 (19.53%) और 11,04,95 214 (19.47%) वोट मिले। 2014 के मुकाबले 2019 में .06% वोट कम मिलने के बावजूद कांग्रेस के आठ सांसद ज्यादा जीते और करीब 36 लाख वोट अधिक मिले। वर्ष 2024 के आम चुनाव में 1.72% की वृद्धि के साथ कांग्रेस के खाते में 21.19% मत आए हैं। मामूली सी लगने वाली इस वृद्धि से कांग्रेस से 47 सांसद अधिक चुने गए हैं।

इस चुनाव में कांग्रेस को 13,67,59,064 वोट मिले हैं। 2019 के मुकाबले इस बार के चुनाव में कांग्रेस के 1,72,63,850 वोट अधिक हैं। इसका साफ मतलब है कि कांग्रेस के प्रति मतदाता का विश्वास बढ़ा है। मगर इस विश्वास को बनाए रखते हुए वोट शेयर और बढ़ाने की चुनौती कांग्रेस के सामने अभी भी खड़ी है। यह भी सही है कि 40 साल बाद कांग्रेस 12 करोड़ वोटों से आगे के सफर पर निकली है।

सबसे पहले गुजरात की बात करते हैं। वर्ष 2014 और 2019 में हुए लोक सभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) को सभी 26 सीट पर जीत मिली थी। मगर 2024 में उसे बनासकांठा सीट पर हार का सामना करना पड़ा। राज्य के इस ग्रामीण जिले में दुग्ध उत्पादन प्रमुख व्यवसाय रहा है। गुजरात के कई संसदीय क्षेत्रों में राजनीतिक हवा का रुख परखने के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देश के अन्य हिस्सों की तरह ही रोजगार, महंगाई और ऊंचे कर वहां भी प्रमुख मुद्दे थे। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर क्षत्रिय एवं राजपूत से जुड़े जातिगत मुद्दे भी चुनाव पर असर डाल रहे थे। राज्य के राजकोट और सौराष्ट्र क्षेत्रों में क्षत्रियों के आंदोलन की धमक राज्य के उत्तरी हिस्सों बनासकांठा और पाटन में भी दिखी जहां इस समुदाय की अच्छी पकड़ है। ये मुद्दे क्षत्रिय, पाटीदार और पटेल समुदायों से जुड़े थे। मगर ये मुद्दे चुनावी घमासान से जुड़ी विषयों में कहीं न कहीं खो गए।इसमें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भी कुछ न कुछ योगदान है।

बावजूद इसके अभी कांग्रेस और भाजपा के बीच करीब 10 करोड़ वोटों का फासला बना हुआ है। भाजपा को 2024 के आम चुनाव में 23 करोड़ से ज्यादा वोट मिले हैं। इस फासले को खत्म करने के लिए अभी कांग्रेस या कह लीजिए इंडी गठबंधन को 5 करोड़ वोटरों को अपने पाले में लाने की चुनौती बरकरार है।

# भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन के संकल्प के विकसित भारत की यात्रा

**रमेश शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने 71 मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ तीसरी बार सरकार की यात्रा आरंभ की । सर्वाधिक आठ मंत्री उत्तर प्रदेश और पांच मंत्री मध्य प्रदेश से लिए गए हैं। मंत्रिमंडल के स्वरूप से लगता है कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में मंत्रियों को उनके विभागों और कार्यों का लक्ष्य दिया जायेगा जिससे भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन और विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके । मोदी सरकार में इस बार 30 कैबिनेट और 36 राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पांच राज्यमंत्रियों ने स्वतंत्र प्रभार मंत्री के रूप में शपथ ली । इसमें देश के 24 राज्यों का प्रतिनिधित्व है ।

सामाजिक समूहों की दृष्टि से 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी और पाँच अल्पसंख्यक हैं । वरिष्ठ मंत्रियों में पांच ऐसे हैं जो अपने अपने राज्यों में मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। इन कुल 71 मंत्रियों ग्यारह मंत्री सहयोगी दलों से लिए गए हैं। शेष सभी भाजपा से हैं। सहयोगी दलों के मंत्रियों में तीन सदस्य आंध्र से चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टी से और दो मंत्री बिहार से नीतीश कुमार की जेडीयू लिए गए हैं। पहले माना जा रहा था कि मोदी सरकार तेलगू देशम और जेडीयू के कुछ दबाव में रहेगी पर मंत्रिमंडल के स्वरूप में किसी दबाव की झलक नहीं दिखती। इसकी झलक एनडीए संसदीय दल की बैठक में तो मिली थी और इसकी पुष्टि इन दलों को मंत्रिमंडल में मिले स्थान से भी हुई ।

इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार की जो प्राथमिकताएं निर्धारित की थीं वह उनपर दृढ़ता से आगे बढ़ेगी। इनमें सबसे प्रमुख ज्ञान का सम्मान अर्थात गरीब,युवा, किसान और महिलाओं की समृद्धि को प्राथमिकता देना, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में आगे बढ़ना शामिल है । मंत्रिमंडल के इस स्वरूप से स्पष्ट है कि भले विपक्ष के हमले तेज हों पर भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए ईडी, इनकम टैक्स आदि की कार्रवाई में कमी होने की संभावना नहीं लगती। एनडीए विशेषकर भाजपा को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र में सीटों और वोटों का नुकसान हुआ है । इसकी भरपाई के लिए मंत्रियों को परिणाम मूलक ३रिजल्ट ओरिएंटेड३ लक्ष्य दिए जा सकते हैं। कम से कम उत्तर प्रदेश और राजस्थान से जो चेहरे लिए गए हैं उनसे यही झलक मिलती है ।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी मंत्री बनाया गया है । इससे संकेत है कि भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई नया चेहरा आएगा । इसके अतिरिक्त निर्मला सीतारमण ने भी शपथ ली । उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। इसलिए उन्हें किसी प्रांत से राज्यसभा में लिया जाएगा । मध्य प्रदेश से कुल पांच मंत्री लिए गए हैं। इनमें तीन कैबिनेट और दो राज्यमंत्री हैं। पिछले मंत्रिमंडल में भी मध्य प्रदेश से पांच मंत्री थे । इसबार भाजपा ने मध्य प्रदेश की की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतीं हैं। इससे उम्मीद की जा रही थी की इसबार एकाध स्थान अधिक मिलेगा । लेकिन पांच ही स्थान मिले । पिछले कार्यकाल में केन्द्रीय मंत्री रहे नरेन्द्र सिंह तौमर और प्रह्लाद पटेल राज्य की राजनीति में और फग्गन सिंह कुलस्ते को इस बार अवसर नहीं मिला ।

मध्य प्रदेश से जो तीन नए चेहरे कैबिनेट में आए उनमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है । उन्हें वरिष्ठता में पांचवा स्थान मिला है । जबकि राज्यमंत्री के रूप में लिए गए दोनों चेहरे नए हैं। एक उर्मिला ठाकुर और श्री दुगार्दास उइके पहली बार संसद में पहुंचे हैं । मध्य प्रदेश के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ की कुल ग्यारह में से भाजपा ने दस सीटें जीतीं हैं लेकिन वहां से केवल एक नए तोखन साहू को राज्य मंत्री बनाया गया है । भारतीय जनता पार्टी ने टिकट वितरण में कुछ नए प्रयोग किए । वैसा प्रयोग मंत्रिमंडल में भी है । मंत्रियों का चयन भाजपा से हो या अन्य दलों से उनके चयन में किसी भी प्रकार के दबाव की झलक नहीं मिलती।

एक नजर में

## लोकल सेल में भागीदारी को ले तीन पंचायत के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विस्थापित प्रभावित ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले तीन पंचायत लादी, चिकोर व लपंगा के ग्रामीणों ने भुरकुंडा लोकल सेल में बेरोजगारों की भागीदारी को लेकर मंगलवार को हाथीदाड़ी खदान के समीप प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि भुरकुंडा लोकल सेल खोले जाने का हमसभी पक्षधर हैं, इसका हम स्वागत भी करते हैं। लेकिन लोकल सेल में समिति की भी भागीदारी सुनिश्चित हो सीसीएल प्रबंधन को इसका ध्यान रखना होगा। प्रदर्शन के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा प्रबंधन को जो मांग-पत्र सौंपा गया है, उन मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो 10 दिनों के बाद उग्र आंदोलन होगा। रोड सेल का चक्का जाम भी किया जाएगा। जिसकी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। सभा को समिति के अध्यक्ष मनोज राम, योगेश दांगी, श्रीनाथ करमाली, मो. असगर अली, पुनदेव राम, जिलानी अंसारी, कृष्ण कुमार कुशवाहा, शंकर तुरी, जगदीश बेदिया, इमरान अंसारी, राजेश महतो, मदन मुंडा, श्याम महतो, शमशेर अंसारी, राजेश मंडल, सुनैना देवी, बालेश्वर राम ने आदि भी संबोधित किया।

## विस्थापित मोर्चा ने सीओ को सौंपा ज्ञापन



भुरकुंडा (रामगढ़)।भुरकुंडा लोकल सेल में मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित करने को ले ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा की केंद्रीय कमेटी झारखंड की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पतरातू अंचलाधिकारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भुरकुंडा लोकल सेल चालू करने के सवाल को लेकर अपनी संगठन की ओर से सीओ अमित भगत को मांग-पत्र सौंपा। मौके पर सीओ अमित भगत ने कहा कि लोकल सेल में जो भी गलत करेगा उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकल सेल चालू करना सीसीएल प्रबंधन की जिम्मेदारी है ना कि जिला प्रशासन की। अंचलाधिकारी का काम विधि-व्यवस्था पर नजर रखना है। सीओ श्री भगत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोकल सेल मामले में अगर किसी प्रकार का हंगामा हुआ तो 107 की कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने कहा कि लोकल सेल में मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन का रूख अख्तियार किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मांग-पत्र सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार, केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, केंद्रीय सदस्य राहुल सिंह, सुमित कुमार, मधु बाउरी, मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी संगठन मंत्री किशोर नायक शामिल थे।

## नेत्र जांच व स्वास्थ्य शिविर 14 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आइरिस सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल नई सराय के सौजन्य से 14 जून को मेन रोड भुरकुंडा स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिविर लगेगा। गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकू ने बताया कि शुक्रवार को सुबह साढे दस से शाम साढ़े चार बजे तक स्वास्थ्य शिविर में समय पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गुरूद्वारा प्रबंधन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों को भी ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री रंधावा ने कहा कि यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा।

## मजदूर संघ ने पीओ को दी बधाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने महाप्रबंधक स्तर में प्रोन्नति पाये जाने पर मंगलवार को भुरकुंडा पीओ से मुलाकात कर उन्हें शुभाकामनाएं दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज कुमार पाठक को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। बधाई देने वालों में रामविनय त्रिपाठी, शशि भूषण सिंह, शम्भु प्रसाद सिंह, श्रीकांत गुप्ता, सरोज राणा, ललन प्रसाद, अनिल पासवान, नौसाद, सत्यनारायण गुप्ता, राहुल, कन्हैया सिंह, राजकुमार, अनिल पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

## कुजू में दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

कुजू। पुत्री के साथ दुष्कर्म को लेकर पीड़िता की पिता ट्रांसपोर्ट नगर कुजू निवासी आशो यादव ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि ट्रांसपोर्ट नगर कुजू में रहने वाले सुपेंद्र यादव पिता सुलो यादव द्वारा मेरी 15 वर्षीय पुत्री आशा कुमारी (काल्पनिक नाम) को घर मे अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मेरी पुत्री के द्वारा शोर मचाने के बाद सुपेंद्र फरार हो गया। इधर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसपर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए रामगढ़ न्यायिक हिरासत भेज। वही पीड़िता मेडिकल जांच के सदर अस्पताल भेजा गया।

## 10 वाहनों से वसूले 2,70,650 रुपए



रामगढ़। अवैध परिवहन के विरुद्ध उपायुक्त के निर्देशानुसार सोमवार रात जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहों यथा पटेल चौक, नईसराय, कुजू, एनएच 33 मांडू सहित अन्य स्थलों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की आदि की जांच की गई।जांच के दौरान 10 वाहनों से 2 लाख 70 हजार 650 रुपए का चालान किया गया।

# जागोडीह में ढाई दशक से लाचार हैं वृद्ध दंपति

### भीख मांग कर किसी तरह कर रहे जीवन बसर

**शंकर यादव**

- सुखदेव चौधरी, बुधनी देवी को अनाज, पेंशन, घर समेत अन्य सरकारी सुविधा का नहीं मिल रहा है कोई लाभ
- आधार कार्ड नहीं है, इसीलिए अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला : मुखिया



**चौपारण।** विकास का ढोल पीटने वाले सरकार को हजारीबाग जिले के जागोडीह का वृद्ध दंपति ने दिखाया आईना। 70 और 65 साल का यह वृद्ध दंपति ईश्वरीय कृपा से जीवन बसर कर रहा है। न तो रहने का आशियाना सही है,न अनाज योजना का लाभ, न पेंशन और न ही कोई भी अन्य सरकारी सुविधा उपलब्ध है। करीब ढाई दशक से यह दंपति गांव में निवास कर रहा है।इनके पास आधार कार्ड भी नहीं है और न ही चुनाव का महत्व का भान है। बस भीख मांग कर किसी तरह दोनों जिंदा हैं। दंपति कभी बीमार पड़े तो दवा के अभाव में मौत भी हो सकती है।

जी हां, यह कारुणिक चित्रण बसरिया के जागोडीह की है।करीब बीस पच्चीस साल पहले गांव में सुखदेव चौधरी पत्नी बुधनी देवी के साथ रहने आया।इस गांव में संयुक्त बिहार से पासी परिवार रहता था। उसी परिवार से दोनों जुड़े थे। गांव में ताड़ी उतार कर व्यवसाय करते थे। थोड़ी जमीन थी उस पर मिट्टी लेप कर किसी तरह रहने लगे।बाद में घर पूरी तरह टूट गया। बरसात , गरमी और ठंड में परेशानी एक समान रहता है। गरीब दंपति के सहयोग में न तो आम लोग आये और न ही कोई पंचायत प्रतिनिधि अथवा अन्य।दोनों आजतक किसी रहनुमा की आस में हैं कि आये और इनकी हालत में सुधार हो सके। किसी तरह भीख में मिले अनाज से इनका घर चल रहा है। बीमार होने पर भीख मांगना बंद हो जाता है। दंपति संतान विहीन हैं। मुखिया मंजु देवी ने कहा कि आधार कार्ड नहीं है। इसीलिए अबुआ आवास का लाभ नहीं मिला। पहले इस बात की सूचना बीडीओ तक पहुंचाई थी। फिर प्रयास करके देखते हैं।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता : संजीव बेदिया

### झामुमो का बड़कागांव विस कार्यकर्ता मिलन समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पार्टी कार्यालय में सोमवार को झामुमो का बड़कागांव विधानसभा का कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता बडकागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह और संचालन पतरातु प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया। समारोह मे केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया, बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, नीलकंठ महतो व हजारीबाग जिला सचिव उज्जवल सिंह उपस्थित थे। समारोह में पार्टी की मजबूती, जुलाई तक सभी प्रखंडों में बुथ कमेटी का गठन करने, विधानसभा चुनाव की तैयारी पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बेदिया ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी पार्टी के रीढ होते हैं। झामुमो संघर्षों से उपजी पार्टी है। कार्यकर्ता अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा जाता है। उन्होने कहा कि झारखंड का विकास झामुमो ही कर सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत फंसाने गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो के नेतृत्व में बहुमत की सरकार बनेगी। मौके पर नारायण दास, रंजीत मेहता, निर्मल महतो, रोहन बेदिया, सोनाराम मांझी, हरिलाल बेदिया, संजय वर्मा, उदय मालाकार, दशरथ दुबे, शौकत अंसारी, सुनील शर्मा, मुकेश राउत, राजेंद्र बेदिया, इस्लाम अंसारी, आजाद अंसारी, लव कुमार महतो, सत्येंद्र यादव, अनिल एक्का, मुबारक हुसैन, सरोज महतो, महेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# कोल डीपो में आग को बुझाने में पानी की हो रही है बर्बादी

### पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं छह-सात पंचायत के लोग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल परियोजना की आउट सोर्सिंग कंपनी के पीएसएमई के कोल डीपो में पिछले एक-डेड माह से आग लगा हुआ है। जिसे बुझाने के लिए प्रबंधन द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। बताया जाता है कि भीष्ण गर्मी के कारण कोल डीपी में आग लगी है। आग बुझाने के लिए पतरातू डैम से सप्लाई होने वाले गिद्दी लाइन के पानी का उपयोग किया जा रहा है। जिसके कारण पानी की काफी बबार्दी हो रही है। वहीं पतरातू प्रखंड के छह-सात पंचायतों के लोगों को इस तपती गर्मी पेयजल के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के बीच पानी के लिए त्राहीमाम मचा हुआ है। आलम यह है कि बुध बाजार चीफ हाउस, ईमलीगाछ, नकारी, एके कोलियरी, सीसीएल सौंदा, सेंट्रल सौंदा पंचायत, सयाल दक्षिणी सहित अन्य पंचायत के ग्रामीणों को चापानल और सौर ऊर्जा से संचालित होने वाले स्टैंड पंप के समीपघंटो लाइन लगाकर पानी के लिए अपनी बारी का इंतेजार करना पड़ रहा है। मामले पर बुध बाजार चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय और ईमलीगाछ पंचायत की मुखिया चंद्रावती ठाकुर ने कहा कि सयाल परियोजना की आउट सोर्सिंग कंपनी के पीएसएमई के कोल डीपो में लगी आग को बुझाने के लिए सीसीएल प्रबंधन द्वारा पानी की काफी बबार्दी की जा रही है, जिसके कारण कई पंचायत के लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि सयाल क्वायरी में अथाह पानी होने के बावजूद गिद्दी लाइन के पानी से आग को बुझाने का कार्य समझ से परे है। लोग अपना काम-काज छोड़कर पानी के लिए दर-दर भटकने के मजबुर हैं। मुखिया श्री पांडेय ने कहा कि मामले पर सीसीएल प्रबंधन पूरी तरह से मौन है।

## झुंड से बिछड़े हाथी ने मचायी तबाही लाखों का नुकसान

**दारू।** हाथियों का झुंड पिछले कई सप्ताह से दारू प्रखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाने के बाद कुछ दिन पूर्व वन विभाग की मदद से बगल के बरकठा प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश कर गए हैं।दारु प्रखंड क्षेत्र में अभी भी झूठ से बिछड़ा एक हाथी लगातार भारी तबाही मचा रहा है । झूठ से बिछड़े एकलौते हाथी ने सोमवार की रात्रि को दारू पंचायत के बासोबार बस्ती में घुस गया । करीब रात्रि एक बजे ग्रामीणों ने महेंद्र प्रसाद के बारी में हाथी को फसल नष्ट करते देखा। इस बारे महेंद्र प्रसाद ने बताया कि उनके बारी में लगी खिरा,कद्दू ,करेला, बंध गोभी , भिंडी की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अर्जुन महतो के बारी में लगे सब्जी को नष्ट कर दिया ।वही लालचंद राम के कॉरकेट शीट के बने घर के दीवार को तोड़ दिया। हाथी ने मंगलवार की सुबह तक बस्ती में तबाही मचाता रहा । ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद हाथी को बस्ती से निकालने में सफल हुए । अभी भी हाथी पास के जंगल मे है और ग्रामीणों को डर है कि रात्रि को पुनः हाथी बस्ती की और प्रवेश कर सकता है ।

## अबुवा आवास में पैसे को ले मारपीट, तीन गंभीर रूप से घायल



**कटकमसांडी।** लुपुंग पंचायत में अबुवा आवास योजना में पैसे नहीं देने पर मुखिया दिलीप पासवान पर लाठी डंडा से मारपीट करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। पीड़ित चरकू राम ने बताया कि पंचायत के मुखिया दिलीप पासवान के द्वारा अबुवा आवास योजना का सूची में नाम होने के बाद से मुखिया के द्वारा25000 का डिमांड किया गया, मेरी पत्नी ने 10,000 रुपये दिया था। बाकी पैसों को लेकर दिलीप पासवान ने काफी दबाव डाल रहा था। रविवार रात करीब 10:00 बजे दिलीप पासवान के परिवार वालों ने मारपीट की। इसी बीच बचाव के लिए गोलू राम को मुखिया एवं उनके परिवार वालों ने लाठी डंडा से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। गांव के लोगों ने घायल हुए लोगों को हजारीबाग सदर अस्पताल ईलाज के लिए भेजा ।

## चरही में सीकेएस से जुड़े कई संगठन

**चरही।** तापीन साउथ,आरआरडब्लू और तापीन नॉर्थ परियोजना के 60 कर्मचारियों ने सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के विचारधारा से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण किया। रेलवे साइडिंग चरही में क्षेत्रीय सचिव रणविजय सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता जेपी राणा ने की। इस अवसर पर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह,प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार,प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार, हजारीबाग क्षेत्र के प्रभारी निर्गुण महतो,एरिया अध्यक्ष माया कुमारी,हजारीबाग जिला मंत्री नीरज सिंह,भारतीय मजदूर संघ और हजारीबाग क्षेत्र के सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के पदेन पदाधिकारी जेपी झा,अशोक,मनोज कुमार,पंकज कुमार सिंह,कौशलेंद्र कुमार,रंजीत कुमार सुजीत झा,राजेश कुमार सिंह,अर्जुन सिंह के देखरेख में सदस्यता को ग्रहण किया। संघ की सदस्यता लेने वालों मेंसे आनंद शंकर सिंह,दामोदर पांडेय, देवनारायण साव,प्रदीप साव,रंजन प्रसाद,परमेश्वर महतो,मो.एनुल अंसारी,संजीत गौतम,दीपक हरी, सिकंदर चौहान,अरुण कालिंदी,राजू करमाली ने सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ पर अपना विश्वास व्यक्त किया है। इससे संगठन हजारीबाग कोयला क्षेत्र में मजबूती के साथ उभरी है।ताकि अपनी बातों को संगठन के माध्यम से प्रबंधक के साथ मजबूती से रख सके।

## बनकरवा में लू से एक की मौत

**चरही।** चनारो पंचायत के चीचीकला टोला बिनकरवा गांव निवासी चरण टुडू पिता स्व.महतो मांझी बेटी की शादी के तैयारी को लेकर कड़ी धूप में काम कर रहा था। 12 को घर में विवाह था।इसको लेकर आस-पास साफ सफाई का काम चल रहा था।इस क्रम में 55 वर्षीय चरण टुडू को लू लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गया ।घटना को सुनकर गांव के ग्रामीणों में मातम छा गया ।इस घटना को सुनकर झरना झारखंड ट्रस्ट के सदस्य विकास टुडू व सहजद हुसैन पहुंच कर मृतक परिजनों को सांत्वना देने का अपील किया।ग्रामीणों से कहा गया कि कड़ी धूप से बचकर रहें। और बच्चों को लू के लहार से बचाएं रहा है।

## टीबी जांच के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**चरही।** प्रखंड के चुरचू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरही,प्रखंड मुख्यालय डाडी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बलसगरा में कुल चार जगह पर टीबी (एसीएफ) के तहत टीबी जांच के लिए चार चरणों में टीम के प्रति दो सदस्यों जिसमें 216 सदस्यों को टीवी एक्टिव केस फाइंडिंग के तहत टीम मेंबर बनाकर प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें 248 सदस्यों के द्वारा 135 टीम बनाया गया है।और यह टीम की निगरानी के लिए 36 सुपरवाइजर बनाए गए हैं। यह टीम चुरचू स्वस्थ्य प्रखंड के कुल 164638 जनसंख्या पर कुल हाउस होल्ड 32928 का जांच करेगी. इसके अतिरिक्त 15 डॉकटर तथा पांच विभिन्न विभागों के सुपरवाइजर इस कार्य इस कार्य का निगरानी करेंगे। यह कार्यक्रम 11 जून से 30 जून तक चलेगा। इसके लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अशोक राम,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमर कांत सिन्हा, एसटीएस आनंद कुमार, अस्पताल प्रबंधक विजय कुमार,एम टीएस रूपलाल कुमार,प्रखंड लेखा प्रबंधक गौतम कुमार, के अलावे प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों के सीएचओ, एएनएम, बीटीटी,और सहिया साथी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यरत हैं।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-02/2024-25

Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam on Saheda Patra Toli Nala at vill – Saheda , Block – Lohardaga , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 45.511 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 25/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 04/07/2024 at 02:00 PM |
| 8. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 326029 Minor Irrigation(24-25)D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

ई0 पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 25/2023-24

पत्रांक– 328 लातेहार/दिनांक–10.06.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ग्राम–हाथडीह में हाथडीह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखंड–बालुमाथ, जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 59.357 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 18.06.2024 (1.00 बजे अपराह्न से) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.07.2024 5.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (Jharkhand tenders.gov. in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 10.07.2024 4.00 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,लातेहार

PR 325931 Water Resource(24-25).D



**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: QU/40/27/2024/1966 Date: 11/06/2024

Short Term Notice
Expression of Interest

JEPC, Ranchi invites Expression of Interest from qualified entities in the field of Event Management. Interested agencies can collect EoI documents from office from 12th to 20th June, 2024 (in between 11.00 AM to 06:00 PM) during the office days. Last date/Time for receipt of filled documents through speed post/register post/courier/ hand to hand is 21st June, 2024. The pre-bid meeting will be held on 14.06.2024 at 04.30 PM.

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director

PR 326065 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDSPL/SD/HZB/34/2023-24 (3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/34/02/2023-24 | बड़कागांव | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कदमटोला किचेन–सह–स्टोर निर्माण कार्य। | 2477000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.06.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –01.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR.NO.325883 Rural Development(24-25):D


# पीवीयूएनएल में समर कैंप संपन्न, बच्चों में दिखा उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मोहा मन
- प्रतिभागियों को यूनिफॉर्म, बैग्स, बॉटल, शूज औ कीट देकर किया गया सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु में समर कैंप बिरसा मुंडा भवन में हुआ। 29 मई को 75 बच्चो के साथ शुरू हुआ कैंप एनटीपीसी की नैगम्या सामाजिक दायित्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमोहक प्रदर्शन प्रस्तुति किए गए। जिसमें कला प्रदर्शन, योग प्रदर्शन सहित कई एक्टिवीटी शामिल था।

समापन समारोह में बच्चो ने देशभक्ति गीत पर नृत्य का प्रदर्शन कर सबों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने बच्चो को समर किट जिसमे बैग्स, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, बॉटल, शूज और अन्य जरूरत की वस्तु देकर सम्मानित किया। मौके पर सीईओ आरके सिंह ने इस तरह के आयोजनों से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने सभी बच्चो को प्रोत्साहित कर उन्हे पिछले दिनों में सीखे गए कौशल और अनुभवों को अपने सहयोगियों के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया। सीईओ ने सभी ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके परिवारजनों को भी धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चो के अभिभावकों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में प्रतिभागियों को किट प्रदान किए गए। समापन समारोह में स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्षा रीता सिंह और कई सदस्य सहित पीवीयूएनएल के सभी विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों ने अपने परिवार के साथ हिस्सा लिया।

## स्पीड न्यूज

### वन विभाग द्वारा अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, अवैध बालू लदे एक ट्रेक्टर जब्त



सिमरिया। सिमरिया वन विभाग के वनपाल अजीत कुमार तुरी ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। ट्रैक्टर चालक बबलू केशरी ग्राम बगरा थाना सिमरिया का रहने वाला है और ट्रैक्टर की संख्या 13 I 6093 है। ट्रैक्टर सबानो से सिमरिया की ओर आ रहा था। वनपाल अजीत तुरी ने ट्रैक्टर को पकड़ लिया और चालक बबलू केशरी ने उनसे अनुनय-विनय की, लेकिन वनपाल ने कोई दया नहीं दिखाई और वाहन और चालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही। वनपाल अजीत तुरी ने वाहन की तस्वीरें खींची हैं और आगे की कार्रवाई कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत राजावर के बिरहोर टोला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.रामाशीष चौरी के नेतृत्व में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जांच किया गया। वहीं न्यू बोर्न बेबी किट का भी वितरण किया गया। इस दौरान 70 मरीजों की जांच की गयी। जिसमें मलेरिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, बीपी, आरबीएस, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गयी। इस सम्बां में डॉ. रामाशीष चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग सतगावां के द्वारा जगह जगह पर कैंप लगाकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। वहीं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर कैंप में सीएचओ अंकीत कुमार, एमपीडब्ल्यू अमीत कुमार, गणेश दिनदयाल कुमार, सुनील कुमार, एएनएम रंजना कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में दहेज मुक्त विवाह बना चर्चा का विषय



**चतरा।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के मार्गदर्शन में, 11 जून 2024 को चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड के सोवादाग गाँव में एक जोड़े ने दहेज मुक्त विवाह करके समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। सिमरन कुमारी और राजकुमार गंझू ने मात्र 17 मिनट में गुरु वाणी के माध्यम से अपना विवाह संपन्न किया, बिना किसी बैंड बाजे, बारातियों या पंडित के। लड़की के परिजनों ने इस विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे समाज में जागृति आएगी और लड़कियों को दहेज के लिए प्रताड़ित नहीं होना पड़ेगा। लड़के के परिजनों ने भी संत रामपाल जी महाराज से प्रेरणा लेकर इस कदम की सराहना की। संत रामपाल जी महाराज का उद्देश्य दहेज प्रथा को समाप्त करके एक स्वच्छ समाज का निर्माण करना है, जहाँ कोई दहेज न दे और न ही ले। इस मिशन को पूरा करने के लिए उनके हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष दहेज रहित विवाह करते हैं और सुखी जीवन जीते हैं।

### विधायक आवास के समीप से स्कॉर्पियो की चोरी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह रोड स्थित विधायक डॉ नीरा यादव के आवास के समीप से सोमवार की रात एक स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई। वहीं स्कॉर्पियो के मालिक जलवाबाद निवासी मो.शाहबाज आलम ने मंगलवार को थाने में चोरी का आवेदन दिया है। पीड़ित ने कहा है कि सोमवार को उनका ड्राइवर बंटी कुमार पासवान उनके स्कॉर्पियो संख्या जेएच12एल/5248 को अपने घर के बाहर खड़ी कर रात्रि विश्राम कर रहा था। इसी दौरान रात करीब दो बजे स्कॉर्पियो की चोरी कर ली गई। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर जब जीपीएस से लोकेशन ट्रैक किया तो बरही तक स्कॉर्पियो का लोकेशन मिला। यहां अपराधियों ने गाड़ी से जीपीएस को खोल कर फेंक दिया। रात के करीब दो बजे बरही टोल प्लाजा से स्कॉर्पियो के गुजरने की रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में कैद हुई है। फिलहाल कोडरमा पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है।

### केन बम की सूचना पर मचा हड़कंप

**कोडरमा।** धनबाद-गया-कोडरमा रेलखंड के यदुग्राम और बसकटवा के बीच केन बम पाए जाने की खबर सामने आई है, एक टिफिन नुमा संदिग्ध वस्तु को लोगों ने वहां देखा है। आशंका जताई जा रही है कि वह टिफिन बम है, मामले की सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया और तुरंत मौके पर आरपीएफ की टीम पहुंच कर इलाके की घेराबंदी की हुई है। वहीं रेल लाइन के किनारे बम पाए जाने की खबर से आस-पास के इलाके में हड़कंप मच गया। फिलहाल आरपीएफ की टीम मौके पर जमी हुई हैं और किसी को भी कथित बम के पास जाने नहीं दिया जा रहा है। संदिग्ध वस्तु मिलने की सूचना बम स्क्वायड टीम को दे दी गई है, जिसके बाद वे घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। इस मामले में कोडरमा आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी बम स्क्वायड टीम को दे दी गई है और उनके आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा की यह वाकई में केन बम है या किसी असामाजिक तत्वों की करतूत हैं। मिली जानकारी के अनुसार जहां केन बम बरामद होने बात कही जा रही है वहां से कुछ ही दूरी पर सीआरपीएफ का कैंप भी है।

### ऑटो पलटने से 11 यात्री घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अड्डीबंग्ला रोड में ऑटो पलटने से ग्यारह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ऑटो कोडरमा स्टेशन से सवारी लेकर डोमचांच जा रही थी। इसी दौरान अड्डीबंग्ला रोड में एक स्कूटी को बचाने के क्रम में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार ग्यारह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। घायलों में प्रभात कुमार ठाकुर, सूरज साव, मोहित कुमार, खुशबू कुमारी, सूरज कुमार साव, लालो मेहता, कार्तिक मेहता, रंजीत मेहता, अंश कुमार, संत कुमार मेहता, बिनोद कुमार मेहता का नाम शामिल है।

# ऐतिहासिक जीत दिलाने पर जनता एवं अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार : डॉ नीरा यादव

**इसी तरह जोश और जुनून कायम रहेगी विधानसभा चुनाव में भी : भाजपा कार्यकर्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा सदस्य अन्नपूर्णा देवी को केंद्र सरकार द्वारा अपने कैबिनेट मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास विभाग का महत्वपूर्ण विभाग दिए जाने के उपलक्ष में मंगलवार को विधायक आवास कोडरमा बाजार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आभार कार्यक्रम कोडरमा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव उपस्थित थी। विधायक आवास पर कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम को विधायक डॉ. नीरा यादव, गोपाल कुमार गुतुल, देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार झुन्नू, अजय पांडे, संजय पांडे, विजय कुमार सिंह, नरेंद्र पाल आदि ने संबोधित किया। वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा आप सभी जनता जनार्दन ने जिस तरह से भारी मतों से प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को जीत दिलाए हैं इसके लिए आप सबों को आभार एवं केंद्र के शीर्ष नेतृत्व ने जिस तरह से अपने कैबिनेट में कोडरमा को जगह दिए हैं उसके लिए शीर्ष नेतृत्व को भी आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा वर्तमान की भ्रष्ट झारखंड सरकार के रवैया से व्यवसाई त्रस्त है और मेरे द्वारा कई कराए गए योजनाओं में पढ़ाई को ठप्प कर दी है। पुनः हमारी सरकार राज्य में आने वाली है, अब डबल इंजन की सरकार में पुनः विकास की रफ्तार पकड़ेगी और क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगी। सभी वक्ताओं द्वारा जनता एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया एवं आगामी विाानसभा चुनाव पर हूंकार भरते हुए कहा कि इसी तरह का जोश और जुनून कायम रखना है। संबोान में लोगों कहा कोडरमा विधानसभा प्रभारी डॉ.नीरा यादव के नेतृत्व और जनसंपर्क में किया गया इनके द्वारा मेहनत रंग लाया, जिसके कारण आज लोकसभा में विशाल अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई है और सर्वाधिक मत कोडरमा विधानसभा में मिला। वहीं डॉ.नीरा यादव ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी के कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात् कोडरमा में पहुंचने पर भव्य स्वागत की जाएगी।

कार्यक्रम में गोपाल कुमार गुतुल, विजय कुमार सिंह, राजकुमार यादव, विनोद कुमार मुन्ना, देवेंद्र कुमार, नारायण मोदी, संजीव यादव, प्रवीण पांडेय, दीपक चंद्रवंशी, रिया राज, चंदन सिंह, दीपनारायण सिंह, चंदन सिन्हा, राजू यादव, फंटूश कुमार, राजू सिंह, सुधीर पांडे, संजय सिंह, बसंत राणा, रासो कुमार, दीपक चंद्रवंशी, दीपक सिंह, दिनेश सिंह, नुनेश्वर यादव, बैजनाथ यादव, राम नरेश चौधरी, दयानंद सिंह, नवल सिंह, खीरू यादव, सीता राम, मनीष सिंह, अरुण सिंह, राहुल तिवारी, बिट्टू सिंह, सुरेश सिंह, अमरजीत कुमार, सचिंद्र शर्मा, संतोष कुमार, मुकेश यादव, महेश सिंह, संदीप गुप्ता, अनुज सिंह, दिलीप राम समेत सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डीडीसी ने किया सतगावां प्रखंड का दौरा प्रखंड सभागार में किया समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं मनरेगा, अबुआ आवास योजना समेत कई बिंदुओ पर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, मनरेगा लोकपाल, परियोजना पदाधिकारी, परियोजना अर्थशास्त्री, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। वहीं डीडीसी ने मनरेगा के तहत वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण एंव मनरेगा अंतर्गत योजनाओं की पूर्णता आदि की विन्दुवार समीक्षा की गयी। साथ ही उन्होंने वीर शहीद पोटो हो योजना व बिरसा सिंचाई कूप योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिए। वहीं उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लिए गए आम बागवानी योजना में 15 जून से पूर्व गड्ढ़ा खुदाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि ससमय पौधरोपण किया जा सके। बैठक में प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन 100 मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य निाारित किया गया। इसके आलावे उन्होंने कहा कि वैसी योजनाएं जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण है, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करते हुए योजना को बंद करने का भी निर्देश दिए। वहीं उन्होंने समीक्षा के क्रम में अबुआ आवास के तहत आवासों के निर्माण में तेजी से प्रगति लाने की बात कही तथा ससमय जियो टैग करने का निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पंचायत सचिव को लंबित आवासों का निरंतर मोनिटरिंग करने व ग्राम रोजगार सेवकों को अबुआ आवास योजना के लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत मजदूरी का भुगतान ससमय करने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक अभियंता बादल दास विधाता, कनीय अभियंता संदीप कुमार, मनीष कुमार, प्रखंड समन्वयक विजय कुमार के आलावे पंचायत सचिव, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम रोजगार सेवक एंव बीएफटी मौजूद थे।

### बीडी पत्ता खलिहान में लगी आग



**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत अंतर्गत नागलोग गांव में केन्दु पत्ता के खलिहान को सोमवार की रात्रि में कुछ उपद्रवियों ने आग लगा दी, जिससे हजारों केन्दु पत्ता के पोले जलकर राख हो गए। खलिहान की देखरेख करने वाले रुपेश कुमार ने बताया कि रविवार की रात्रि में उन्हें सूचना मिली कि नागलोक केन्दु पत्ता खलिहान में आग लग गई है, जिसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पत्ता ठेकेदार पप्पू खान को दी। आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ मोटरसाइकिलों पर सवार पांच-छह लोग आए और पत्ता में जमा पता में आग लगाकर चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि नागलोक बीडी पत्ता खलिहान में कुछ उपद्रवियों द्वारा आग लगाई गई है, लेकिन अभी तक किसी उग्रवादी संगठन द्वारा आग लगाने की पुष्टि नहीं हुई है। कुछ लोग संगठन द्वारा आग लगाने की अफवाह उड़ा रहे हैं। बीडी पत्ता खलिहान में आग लगने से प्रखंड में दहशत का माहौल है और लोग चिंतित हैं।

# अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय मंत्री का पद मिलने पर समाजसेवी ने जमकर बाटी मिठाइयां

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री बनाए जाने पर पूरे जिले में खुशी का माहौल है। सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं के द्वारा खुशियां बाटी जा रही है। इधर झुमरीतिलैया शहर में मंत्री बनाए जाने पर जमकर आतिशबाजी एवं मिठाई का वितरण हुआ। झुमरीतिलैया के समाज सेवी वीरू फर्नीचर के संचालक वीरेंद्र यादव के द्वारा बिशनपुर रोड में महिला समिति के सदस्यों के बीच 21 किलो कलाकंद का वितरण किया गया। इसके पहले भी अन्नपूर्णा देवी की जीत पर वीरू फर्नीचर के द्वारा 5 क्विंटल लड्डू का वितरण शहरी इलाके में किया गया था। वीरेंद्र उर्फ विरू यादव ने कहा सांसद अन्नपूर्णा देवी के मंत्री बनने से कोडरमा का नाम पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। मंत्री अन्नपूर्णा के नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा। महिलाओं एवं बच्चों का बेहतर विकास होगा। कोडरमा में भी आधी आबादी विकास के पथ पर अग्रसर होगी। उन्होंने कहा कि मंत्री के आगमन पर भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर महिला समिति की सीमा सिंह, मधु सिंह, ब्यूटी सिंह, नीतू बर्णवाल, रिंकी रजक, बंदना सिंह, शालिनी पांडे, आदि ने कहा कोडरमा सांसद का मंत्री बना अपार हर्ष की बात है। पूरे देश में महिलाएं सशक्त होगी। कल्याण की दिशा में बेहतर काम होगा। कोडरमा की महिलाएं भी आगे बढ़ेगी। महिला स्वरोजगार के दिशा में कदम उठाए जाएगा। महिला समिति के सदस्यों ने वीरू फर्नीचर के संचालक ने सांसद को बधाई दी।

# जेसीबी टायर में हवा भरने के दौरान टायर ब्लास्ट, मिस्त्री की दर्दनाक मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग पर नवलशाही के बिंडोमोह मोड़ के समीप पंचर दुकान में एक जेसीबी टायर में हवा भरने के दौरान टायर ब्लास्ट होने से टायर मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 51 वर्षीय इजहार खान पिता स्व. कलू खान ग्राम बिंडोमोह थाना नवलशाही निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दुकान संचालक रोज की तरह सोमवार को भी अपने दुकान में टायर पंचर बना रहा था। इसी दौरान सोमवार देर संध्या जेसीबी का टायर पंचर बनाकर उसमें हवा भरने के क्रम में टायर ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण दुकान संचालक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही नवलशाही पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अष्टभुजी कल्याण निधि लिमिटेड का हुआ उद्घाटन



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अष्टभुजी कल्याण निधि लिमिटेड का उद्घाटन किया गया। इस विभाग में कुल 200 सदस्यों को जोड़ा जाएगा और उन्हें डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर 50,000 रुपये तक का ऋण दिया जाएगा। पूर्व में इस विभाग से सैकड़ों सदस्यों को लगभग 70 लाख रुपये का ऋण दिया गया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। अष्टभुजी कल्याण निधि लिमिटेड द्वारा उस ऋण को वसूलने की बात कही गई है। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# प्रमुख ने किया रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**उपस्थिति दर्ज कर अस्पताल से गायब मिले डॉक्टर अंकुर, अफान अहमद, योगेश कुमार और विक्रांत पांडेय**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** मंगलवार को प्रमुख रोहन साव ने रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और पाया कि डॉ अफान अहमद, डॉ अंकुर कुमार, योगेश कुमार और विक्रांत पांडेय उपस्थिति पंजी में अपना नाम दर्ज कराने के बाद अस्पताल से गायब थे। प्रभारी डॉ अशोक करमाली से पूछने पर उन्होंने कहा कि डॉक्टर अक्सर ऐसा ही करते हैं। डॉ अंकुर निशाद से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि वह घर पर हैं और लगभग 11:00 बजे अस्पताल आए थे। सभी डॉक्टर सप्ताह में केवल एक दिन अस्पताल आते हैं और बाकी दिनों का उपस्थिति दर्ज कराकर गायब रहते हैं, जिससे लोगों को उचित चिकित्सा सेवा नहीं मिल पा रही है। प्रमुख ने डॉ अशोक करमाली से चिकित्सकों द्वारा हजारीबाग, चतरा और अन्य जगहों से बायोमेट्रिक से उपस्थिति दर्ज करने की ऑनलाइन उपस्थिति पंजी मांगी है। सरकार के निर्देश के अनुसार, सभी डॉक्टरों को कैंपस में रहकर लोगों को सेवा देनी चाहिए, लेकिन केवल प्रभारी डॉ अशोक करमाली ही कैंपस में रहते हैं और अन्य डॉक्टर कैंपस में नहीं रहते हैं, जिससे इलाज कराने आने वाले लोगों को परेशानी होती है।

## एक नजर में

### टंडवा में बोरिंग से निकली गैस, आग की लपटों ने लोगों को किया हैरान



**टंडवा।** प्रखंड मुख्यालय के समीप प्रखंड कॉलोनी में एक बोरिंग से पानी की जगह आग निकल रही है। मंगलवार को कल्याणपुर मुखिया फंड द्वारा पानी के लिए बोर कराया जा रहा था, तभी बोरिंग के दौरान ज्वलनशील गैस निकलने पर आग भड़क उठी। बोरिंग के पाइप से पानी की जगह आग निकलती देख लोग हैरान रह गए। लोगों का अनुमान है कि जमीन के नीचे से पेट्रोल या कोई अन्य तेल निकल रहा है। मौके पर मौजूद मुखिया महेश मुंडा ने बताया कि पांच सौ फीट डीप बोरिंग होने के बाद अचानक आग निकलने लगी। इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### टंडवा में प्रगति कंपनी के वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग

**चतरा।** टंडवा में प्रगति कंपनी के वाहनों के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आजसू केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता ने आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि केरेडारी से चलने वाली प्रगति कंपनी की हाइवा के सड़कों पर दौड़ने से मौत का तांडव मचा हुआ है। आम्रपाली कोल परियोजना शुरू होने के बाद से लगातार दुर्घटनाएं हो रही थीं, लेकिन शिवपुर साइडिंग खुलने के बाद इनमें कमी आई थी। हालांकि, पिछले 6 महीनों में दुर्घटनाओं की संख्या में फिर से वृद्धि हुई है। रंजीत गुप्ता ने बताया कि केरेडारी हजारीबाग के कोयले की ढुलाई टंडवा सिमरिया की सड़कों से शुरू होने के बाद से घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। आए दिन टंडवा सिमरिया पथ में कोल वाहन की चपेट में आने से लोगों की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सिमरिया टंडवा रोड में नो एंट्री लगाने को लेकर आंदोलन होगा। बड़कागांव हजारीबाग की सड़क पर दुर्घटनाओं को देखते हुए वहां नो एंट्री लगा दी गई है, लेकिन हजारीबाग के कोयले को टंडवा की सड़कों से ले जाना उचित नहीं है। उन्होंने स्थानीय जिला प्रशासन से मामले में स्वतः संज्ञान लेकर हजारीबाग के कोयले की ढुलाई टंडवा की सड़कों से बंद करने का आग्रह किया है। रंजीत गुप्ता ने कहा कि स्थानीय सांसद और विधायक से जनता को उम्मीद है कि इस बार कुछ ठोस पहल होगा और जनता को राहत मिलेगी।

### नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी को 5 वर्ष सश्रम कारावास



**कोडरमा।** नाबालिग लड़की को भागने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मगंलवार को आरोपी 20 वर्षीय आशीष कुमार उर्फ आशीष कुमार दास पिता डुगलाल दास खरखार नवलशाही कोडरमा निवासी को 363 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने 30000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2023 का है। लड़की के मां के आवेदन पर नवलशाही थाना कांड संख्या 211/2023 एवं एसटी-09/2024 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता उदय शंकर प्रसाद ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। बताते चलें की न्यायालय ने आरोप गठन के बाद त्वरित सुनवाई करते हुए मात्र 4 माह के अंदर सुनाई सजा।

### प्रचंड गर्मी को देखते हुए सभी स्कूलें 15 जून तक बंद का आदेश

**कोडरमा।** झारखंड में प्रचंड गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी तरह की स्कूलें 15 जून तक बंद रहेंगी। उक्त अवधि के बाद सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी। इसका आदेश शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल ने 11 जून को जारी कर दिया। पूर्व में राज्य में गर्मी के प्रभाव को देखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से वर्ग 12 तक की कक्षाएं 15 जून 2024 तक सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक संचालित किए जाने का आदेश निर्गत किया गया था। राज्य में भीषण गर्मी और तपिश के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उपरोक्त सभी कोटि के विद्यालयों में वर्ग-केजी से वर्ग 12 तक की कक्षाएं 12 जून से 15 जून 2024 तक के लिए बंद कर दी गयी है। उक्त अवधि के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी। निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### डीपीएल के लिए कोडरमा से विकास यादव का चयन

**जयनगर (कोडरमा)।** ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकल चैलेंज्ड के तत्वाधान में डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ हरियाणा द्वारा 27 से 30 जून तक आयोजित दिव्यांग प्रीमियर लीग के लिए झारखंड से तीन क्रिकेटर्स का चयन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि चयनित क्रिकेटर में कोडरमा से विकास यादव तथा पाकुड़ से आर्यन गुप्ता और धनबाद से मुदस्सर खान का चयन हुआ। इस चयन पर झारखंड राज्य दिव्यांग क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत झा सहित सभी पदाधिकारी एवं परिवार वालों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी के 3514 छात्रों को अबतक मिला जॉब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) ने अपने स्थापनाकाल से ही शैक्षणिक गुणवत्ता के साथी छात्रों को रोजगार दिलाने की दिशा में अग्रणी रही है। यूनिवर्सिटी में अल्पकाल में ही कई उपलब्धियां भी हासिल की है। कहा जा सकता है कि यूनिवर्सिटी हर साल कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से अपने छात्र- छात्राओं को रोजगार दिलाने में भी कामयाबी हासिल कर रही है। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से अबतक के आंकड़े को देखा जाये, तो अबतक यहां के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 3514 छात्र-छात्राओं ने ऑफलाइन और ऑनलाइन कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब हासिल किया है। कोविड काल के दौरान भी यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न 104 कंपनियों ने कैंपस ड्राइव चलाया था, जिसमें 580 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ।

**डिप्लोमा में सर्वाधिक 1279 प्लेसमेंट :** कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब और सर्वाधिक पैकेज पाने वालों में बीबीए/ बीकॉम के विद्यार्थी हैं, जिन्हें 33.55 लाख रुपये तक का पैकेज मिला है, जो काफी बेहतर और एक नयी यूनिवर्सिटी के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं डिप्लोमा के छात्रों को सर्वाधिक प्लेसमेंट मिला है, जिनकी संख्या 1279 है। यूनिवर्सिटी के बीकॉम समेत अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों का भी बेहतर प्रदर्शन रहा है।

**अब तक 700 से अधिक कैंपस ड्राइव :** अरका जैन यूनिवर्सिटी में अबतक 700 से अधिक कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जा चुका है। इसमें यूनिवर्सिटी में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम यानी एमबीए, बीटेक, बीबीए, बीकॉम, डिप्लोमा, बीसीए, एमसीएट, बीए इंग्लिश, बीए एफडी, बीए जेएमसी, बैचलर इन ऑप्टमेटरी, बीफर्मा, डी फर्मा, बीएससी बायोटेक पाठ्यक्रम शामिल है।

- डिप्लोमा संवर्ग के सर्वाधिक 2279 छात्र लॉक
- बीबीए के छात्रों को सबसे अधिक 23.55 लाख पैकेज


गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी का भव्य कैंपस।

**खास बातें** (औसत पैकेज रुपये में)

| कोर्स | चयनित छात्र | औसत पैकेज |
|---|---|---|
| बीकॉम | 329 | 7,50,000 |
| बीबीए | 720 | 23,55,000 |
| एमबीए | 217 | 7,02,000 |
| बीटेक | 194 | 6,42,000 |
| बीसीए | 411 | 3,50,000 |
| डिप्लोमा | 1279 | 3,80,000 |
| एमसीए | 36 | |
| बी वोकेशनल | 17 | |
| बी ऑप्टीमेट्री | 50 | 2,40,000 |
| बी फार्मेसी | 85 | 3,15,000 |
| बीएससी बायोटेक्नोलॉजी | 24 | 3,15,000 |
| डी फार्मेसी | 50 | 315000 |
| बीए (ऑनर्स) इंग्लिश | 40 | |
| बीए (ऑनर्स) एफडी | 15 | |
| बीए (ऑनर्स) जेएमसी | 45 | 2,50,000 |
| बीबीए एलएलबी | 2 | 2,40,000 |
| कुल प्लेसमेंट | 3514 | |

अधिकतम पैकेज-23,55000

## अधिक से अधिक विद्यार्थियों को रोजगार दिलाना ही हमारा उद्देश्य : अमित श्रीवास्तव


निदेशक अमित श्रीवास्तव।

अरका जैन यूनिवर्सिटी के निदेशक अमित श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी की स्थापना के बाद अल्पकाल में ही 3500 से अधिक विद्यार्थियों को हम रोजगार दिलाने में सफल रहे हैं। यह संतोषजनक भी है, लेकिन इतने मात्र से हमारा उद्देश्य पूरा नहीं होगा। हमारा उद्देश्य यूनिवर्सिटी के शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को बेहतर व कुशल मानव संसाधन के रूप में तैयार कर उन्हें रोजगार दिलाना है। इसके लिए यूनिवर्सिटी सतत प्रयासरत है।

# जिले में अगले चार दिन तक लू से राहत की कोई उम्मीद नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो

- सादा पानी, नीबू पानी, गन्ने का जूस और नारियल पानी पीते रहें
- धूप में कम निकलें, निकलना पड़े तो सर पर गमछा अवश्य रखें
- गर्मी में लू से बचाव के लिए सतर्क रहें, बरतें सावधानी : डीसी



**जमशेदपुर।** मौसम विभाग द्वारा अगले 4 दिनों तक राज्य में कई जगहों पर भीषण हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। इसी के मद्देनजर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा जिलेवासियों से अपने स्वास्थ्य सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। उन्होने जिलावासियों से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर लू से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिन में घर से बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा रखें। गर्मी के मौसम के चलते सूती कपड़ों का प्रयोग करें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच शारीरिक परिश्रम से बचें। ज्यादा से ज्यादा पानी पीएं। बच्चों को धूप से बचाएं, घर पर उपचार के दौरान यदि सुधार नही होता है तो संबंधित प्रभावित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल लेकर जायें। वाहनों के टैंक को पूरा न भरवायें।

डीसी ने कहा कि दिनचर्या के दौरान कुछ सावधानियां रखने से लू के प्रकोप से बचा जा सकता है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस पाउडर और अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है जैसे पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, हृदयघात, मस्तिष्क घात, और कार्डियोवैस्कुलर समस्याएं। लिक्विड डाइट का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें और जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें जैसे नींबू पानी, गन्ने का रस, शिकंजी, नारियल पानी आदि। ध्यान दें कि शरीर में पानी की कमी ना हो। मसालेदार भोजन से बचें,

## सभी कोटि के स्कूल 15 जून तक बंद करने का आदेश

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा गर्मी के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/ गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग-ङ्क्ष से वर्ग-12 तक की कक्षाएं दिनांक-12.06.2024 से दिनांक-15.06.2024 तक के लिए बंद किए जाने का आदेश दिया गया है। उक्त अवधि के उपरांत सभी कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय पर संचालित होंगी। निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित विद्यालय के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआई अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत संचालित होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

## खेत में गिरे बिजली तार की चपेट में आयी महिला और गाय की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड की खंडामौदा पंचायत के पांचरुलिया गांव में मंगलवार की दोपहर खेत में गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से एक गाय तथा सुलेखा मुंडा (28) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पांचरुलिया के सत्यजीत गिरी ने खेत में बांस के सहारे सेलो बोरिंग तक बिजली तार ले गये थे। बिजली का तार टूट कर खेत में गिरा था। खेत में गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक गाय छटपटाने लगी। बगल में खड़ी सुलेखा गाय को बचाने लगी। गाय बचाने में वह भी तार की चपेट में आ गयी। दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गयी। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गये। बिजली विभाग से मुआवजा के लिए मुखिया पंचानन मुंडा, सांसद प्रतिनिधि गौरव पुष्टि, समाजसेवी शशांक शेखर पाल ने आक्रोशित ग्रामीणों के साथ बैठक की।


खेत में मृत पड़ी गाय और सुलेखा का शव।

## मानगो स्थित नशा मुक्ति केंद्र में दर्जनों की संख्या में अपराधियों ने किया हमला

- पड़ोस की दुकान, होटल और खड़े वाहनों को भी किया क्षतिग्रस्त
- पुलिस पर किया हमला, सूचना मिलने पर थाना पहुंचे भाजपा नेता विकास सिंह को हमलावर के समर्थक मो राजा ने मामले में दखल नहीं देने की दी धमकी


मारपीट की घटना के बाद पहुंचे विकास सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो डिमना मुख्य सड़क स्थित उलीडीह थाने के महज 50 मीटर दूर स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर हरवे हथियार से लैस दर्जनों युवकों ने हमला कर दिया। पूरे केंद्र में जमकर तोड़फोड़ की। केंद्र में कार्य कर रहे तीन लोगों को डंडा, रॉड और हथौड़े से भरपूर पीटा। केंद्र में तोड़फोड़ के बाद अपराधियों ने डिमना मुख्य सड़क स्थित होटल में तोड़फोड़ की। बीच सड़क में जा रहे टेंपो वालों को मारा। ठेले-खोमचे वालों भी को भी अपना शिकार बनाया। जो सामने दिखा उसकी भरपूर पिटाई की। हद तो तब हो गयी जब बीच सड़क में अपराधियों का तांडव देख मौके पर पहुंची पुलिस वालों पर भी हमला कर दिया। जिससे पुलिस को भी कुछ देर के लिए पीछे हटना पड़ा। फिर अतिरिक्त पुलिस बल ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अपराधी खुलेआम मंत्री की पैरवी का हवाला दे रहे थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, केबुल टाउन का प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन से 7 जुलाई तक

खबर मन्त्र ब्यूरो

- विधायक सरयू राय अधूरे बिरला मंदिर को करवा रहे पूर्ण, अब प्राण प्रतिष्ठा में जुटे

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, केबुल टाऊन जमशेदपुर में श्री लक्ष्मीनारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आगामी 3 जुलाई से 7 जुलाई तक संपन्न होगा। 3 जुलाई को कलश यात्रा एवं विग्रहों के नगर भ्रमण के साथ महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा और यज्ञ को विधि विधान के अनुरूप पूजा-अर्चना संपन्न करते हुए 7 जुलाई, 2024 (भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दिन) मंदिर में श्री लक्ष्मीनारायण एवं अन्य देवी-देवताओं की विगृह की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी। बेगुसराय के पंडित गौरी कांत ठाकुर तथा जमशेदपुर के पंडित विनोद पाण्डेय, पंडित विपिन्न झा, पंडित सुधीर झा एवं पंडित उमेश शास्त्री ने आज श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के जीर्णोद्धार प्रक्रिया का निरीक्षण किया और शास्त्र समत कई सुझाव दिया तथा महायज्ञ का विस्तृत कार्यक्रम निर्धारित किया।


मंदिर पुनरुद्धार का अवलोकन करते विधायक सरयू राय।

## जुगसलाई नप की समस्याओं को लेकर विधायक मंगल ने की बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जुगसलाई नगर परिषद कार्यालय पहुंच विशेष पदाधिकारी के साथ क्षेत्र के विकास कार्य और विभिन्न विषयों को लेकर मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बैठक की। विधायक ने क्षेत्र के विद्युत संबंधित समस्याएं जैसे खराब स्ट्रीट लाइट जल्द ठीक कराना, जिन कार्यों का टेंडर हो चुका है और कार्य लंबित है उन्हें शुरू कराना चाहिए। विधायक ने पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान को लेकर सुसुम घाट इंतकवेल में पर्सनल फीडर लगवाने और क्षेत्र के सभी नाले नालियों की बरसात से पूर्व साफ सफाई करवाने को कहा।

# एक्सएलआरआइ जमशेदपुर में नया शैक्षणिक सत्र 2024-26 शुरू

- एक्सएलआरआइ में एडमिशन का बदला ट्रेंड
- एचआरएम में 50 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड वाले विद्यार्थियों का एडमिशन




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ में एडमिशन का ट्रेंड बदला है। दो साल के मैनेजमेंट के कोर्स में अब तक इंजीनियरों का दबदबा रहता था। लेकिन इस बार बिजनेस मैनेजमेंट के साथ ही ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में भी ये मिथक टूटी है। सत्र 2024-2026 में मैनेजमेंट ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में 50 प्रतिशत विद्यार्थी इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के हैं, लेकिन पहली बार संस्थान में 50 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के विद्यार्थियों को भी एडमिशन मिल सका है। हालांकि बिजनेस मैनेजमेंट में कुल 55 प्रतिशत इंजीनियरिंग जबकि 45 प्रतिशत नॉन इंजीनियरिंग बैकग्राउंड के विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

ये बातें एक्सएलआरआइ के टाटा ऑडिटोरियम में नये शैक्षणिक सत्र 2022-2024 के उद्घाटन सत्र शुरू होने के मौके पर उभर कर सामने आयी। एक्सएलआरआइ में सोमवार से नये सत्र की शुरुआत की गयी जिसमें बिजनेस मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के साथ ही एफपीएम समेत अन्य कोर्सों में एडमिशन लेने वाले सभी 551 बच्चों के साथ ही उनके माता-पिता, संस्थान के डायरेक्टर, डीन, 70 शिक्षकों के साथ ही गैर शैक्षणिक कर्मचारी भी मौजूद थे। एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज एसजे, डीन एडमिनिस्ट्रेशन एंड फाइनेंस फादर डोनाल्ड डी सिल्वा एसजे, डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डीन एकेडमिक्स प्रो. संजय पात्रो ने जहां स्वागत भाषण दिया।

## स्पीड न्यूज



### लालू के 77वें जन्मदिन पर पुरेंद्र ने काटा 77 पाउंड का केक

**आदित्यपुर।** लालू विचार केंद्र, झारखंड प्रदेश ने आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह लालू विचार केंद्र के संयोजक पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में राजद सुप्रीमो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद यादव के 77वें जन्मदिन पर 77 पाउंड का केक काटकर धूमधाम से मनाया। केक करते ही कार्यकर्ताओं ने हैप्पी बर्थ डे टू यू लालू प्रसाद यादव के गगन भेदी नारे लगने लगे। लालू विचार केंद्र के कार्यकर्ताओं ने केक कटिंग के उपरांत लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं ईश्वर से उनके दीर्घायु होने की कामना की। कार्यक्रम को राजद के प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव राजेश यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, पद्मश्री छुटनी महतो, युवा राजद जिलाध्यक्ष उदित यादव, शिक्षाविद एस डी प्रसाद, बिपिन बिहारी प्रसाद, सत्येंद्र प्रभात, राजेश्वर पंडित, एस एन यादव, मनोज चौरसिया, उमाशंकर राम, सिद्धनाथ सिंह यादव, यदुनंदन राम ने संबोधित किया।

### कुलदीप हत्याकांड में प्रेमिका की मां अरेस्ट

**गम्हरिया।** थानांतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी, जमालपुर में बीते रविवार को बलरामपुर के युवक (प्रेमी) कुलदीप ठाकुर को उसकी प्रेमिका के परिजनों द्वारा घर बुलाकर हत्या करने के मामले में युवती (प्रेमिका) की मां बबीता सिंह उर्फ बेबी देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। विदित है कि मृतक की मां अनिता देवी के बयान पर प्रेमिका के भाई राजा सिंह, उसके दोस्त अमरजीत सिंह, उसकी मां बबिता सिंह उर्फ बेबी देवी व अन्य एक समेत 10-15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। रविवार की दोपहर प्रेम संबंध सुलझाने घर बुलाकर इन आरोपियों ने कुलदीप की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उसे बचाने गये उसकी मां अनिता देवी, मामा अनिल ठाकुर, सुनील ठाकुर, पिता सुभाशीष डे समेत अन्य परिजनों को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया था।

### नवजात के साथ गायब होने वाली महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गम्हरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया में बीते 28 मई को नवजात को गायब करने के मामले में पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के आवेदन के आधार पर सहिया जयंती सेन और नवजात को लेकर गायब होने वाली बांकुड़ा की महिला सुदीप्ता दत्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 419 और बाल संरक्षण अधिनियम 80/81 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक नजर में

### भूषण कॉलोनी में काली मंदिर प्रबंध समिति गठित

**जमशेदपुर।** बारीडीह भूषण कॉलोनी स्थित मां योगेश्वरी काली मंदिर मे नये समिति का गठन किया गया है। इस गठन में सुखदेव दास की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह मंदिर की स्थापना 1988 में हुआ था। इस मंदिर में कॉलोनी के लोगों का अटूट विश्वास है। कॉलोनी के माता एवं बहनों के साथ साथ बुजुर्ग भी इस मंदिर की कार्य समिति में सम्मिलित हुए हैं। मंदिर की साफ सफाई, पूजा, पंडित खर्च, प्रसाद एवं सभी तरह का योगदान पूरे भूषण कॉलोनी वासी करते हैं। मंदिर संचालक सुखदेव दास ने कहा है कि नये समिति में बल्ली को अध्यक्ष, निर्मल कुमार दास को सचिव, अजय कुमार एवं विकास सरकार उप सचिव, एन के शर्मा कोषाध्यक्ष, रंजीत साव उप कोषाध्यक्ष, गोपाल दास को पूजा इंचार्ज का जिम्मेदारी सौंपा गया है। इसके साथ कार्यकारणी सदस्य में जी एस राजू, बैजू कुमार, महेश प्रसाद, वीरेंद्र दुबे, रामा शंकर, मनोज कुमार, रुचि को पदभार दिया गया है, साथ ही इस समिति के गठन में ममता मलिक, मनीषा सरकार, मीनू चटर्जी, सुस्मा, किशोरी देवी, रीता देवी, सुप्रिया सरकार के साथ कॉलोनी के गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### पांच माह से तीन कर्मियों को वेतन नहीं दे रहे नाजिर

**पोटका।** प्रखंड में प्रोग्राम मोनेटरिंग यूनिट के अंतर्गत कार्यरत प्रखंड कोऑर्डिनेटर, तथा दो कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन भुगतान पांच माह से नहीं हुआ है। तीनो कर्मचारी तापस त्रिपाठी, जय कृष्ण भकत, अमित कुमार खास परेशान है। उनके समक्ष परिवार चलाने की विकट समस्या उत्पन्न हो गया है। थक हारकर उन तीनो ने नाजिर के खिलाफ प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिकायत पत्र दिया है तथा उसकी कॉपी डीडीसी जमशेदपुर को भी भेजा है। वरीय पदाधिकारी को भेजे शिकायत पत्र में तीनों कर्मचारियों ने कहा है कि हम सभी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रखंड स्तर पर संचालित प्रोग्राम मोनेट्रिंग यूनिट (पीएमयू) में कार्य प्रकांड कोर्डिनेटर तथा कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। बीडीओ के द्वारा हमे प्रतिमाह वेतन भुगतान का निर्देश देने के बावजूद भी विगत पांच माह से प्रखंड नाजिर के द्वारा जानबूझकर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बार बार अनुरोध करने के बावजूद भी कुछ न कुछ बहाना बनाकर भुगतान को टाल दिया जाता है।

### श्रीनाथ विवि में युवाओं को वित्तीय शिक्षा पर सेमिनार



ॅ फोटो श्रीनाथ

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंधन विभाग ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स (एनआइएसएम) के सहयोग से युवा नागरिकों की वित्तीय शिक्षा शीर्षक से दो दिवसीय वर्कशॉप किया। वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों में वित्तीय कौशल का विकास करना था, जिससे छात्र वित्तीय सेक्टर में अपने भविष्य को समृद्ध कर सके। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रोफेसर (डॉ) रमन बल्लभ ने शिरकत की जो कि एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और मैनेजमेंट प्रोफेशनल हैं और 29 सालों से शिक्षा और कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। डॉ रमन ने छात्रों को प्रतिभूति बाजार में निवेश के लिए आवश्यक शर्तों, उसकी सावधानियों और जोखिमों के बारे में बताया। वर्कशॉप में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे फिनटेक, ब्रोकिंग, सेबी, बीएसई, एनएसई, सीडीएसएल, एनडीएसएल, म्यूचुअल फंड्स, पीएमएस, बैंकिंग और एनबीएफसी में रोजगार के अवसरों को खोजने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही वित्तीय सेक्टर से जुड़े संस्थानों में जॉब के लिए होने वाले साक्षात्कारों का कुशलतापूर्वक सामना करने का भी मंत्र दिया गया। इन सबके अतिरिक्त वर्कशॉप में व्यक्तिगत वित्त के प्रबंधन के लिए प्रभावी रणनीतियों की भी दी गयी।

### ग्राम सभा के बिना जमीन की खरीद-बिक्री का विरोध



**गम्हरिया।** गम्हरिया प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत पालुबेड़ा में भू-माफियाओं के बिना ग्रामसभा के ही चोरी-चुपके जमीन की खरीद-बिक्री शुरू किए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को ग्राम प्रधान धरमु माझी के नेतृत्व में कांड्रा मोड़ से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के लिए सरायकेला रवाना हुए। ग्राम प्रधान धरमु माझी के साथ गांव के सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवं किसान इस दौरान एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने बताया कि बिना ग्राम सभा के स्वीकृति के ही खरीद-बिक्री की गई जमीन का नामांतरण रद्द नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि इस क्षेत्र में भारतीय संविधान के पांचवीं अनुच्छेद 244(1) उपबंध के साथ साथ पेसा एक्ट 19 और सीएनटी एक्ट 1908 भी लागू है, किन्तु राजस्व ग्राम पालुबेड़ा में बिना ग्राम सभा की अनुमति के बाहरी गैर आदिवासी द्वारा अवैध तरीके से सीएनटी और गैर सीएनटी भूमि जिसका खाता संख्या 1015 और 1016 में प्लॉट काटकर बस्ती की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री की प्रक्रिया शुरू की गयी है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ग्राम प्रधान ने कहा कि जमीन पूर्ण रूप से कृषि भूमि है। चारों तरफ संथाल की जमीन है, जिसमें सालों भर खेती होती है। मौके पर उपस्थित 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष राम हांसदा ने कहा कि बिना ग्रामसभा के स्वीकृत जमीन खरीद-बिक्री को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर धनीराम सोरेन, दुर्गा हांसदा, भीम मार्डी, सोमाय मार्डी, जयराम सोरेन, देवेंद्र हांसदा, लोगू मार्डी, लेचा मार्डी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद थे।

### गीता थिएटर का 10 दिवसीय समर कैंप संपन्न



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कला संस्कृति नाट्य संस्थान गीता थिएटर के सौजन्य से आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप जमशेदपुर 2024 का समापन समारोह समाजसेवी शंभू चौधरी के डॉल्फिन क्लब में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर अतिथि डॉल्फिन क्लब संचालक एवं समाजसेवी शंभू चौधरी, हिंद आईटीआई प्रोपराइटर ताहिर हुसैन, डॉ राजीव लोचन जिला कुष्ठ परामर्शी पूर्वी सिंहभूम, बहुभाषी फिल्म अभिनेता गुरूशरण सिंह सम्मिलित हुए जिनका स्वागत सह अभिनंदन गीता थिएटर के कलाकारों द्वारा तुलसी का पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान गाकर किया गया। इसके बाद कैंप प्रतिभागी प्रिया कुमारी ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। 10 दिवासीय समर कैंप में अभिनय को प्रमुखता दिया गया।

## स्पीड न्यूज

### पाकिस्तान समर्थित जिहादी आतंकवाद का आज पुतला फूंकेगा बजरंग दल

**मेदिनीनगर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी, कटरा से शिवखोड़ी जाते समय हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादी हमला के विरोध में 12 जून को झारखंड विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन प्रांत के सभी जिला के उपायुक्त को सौंपेगा। तत्पश्चात शाम को सभी जिला केंद्र पर पाकिस्तान समर्थित जिहादी आतंकवादियों का पुतला दहन किया जायेगा। इसे लेकर पलामू के उपायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा जायेगा तथा शाम में पाकिस्तान के आतंकवाद का पुतला दहन विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल पलामू के सम्मानित सदस्यों के द्वारा किया जायेगा।

### एमओ ने कियसा पीडीएस दुकान का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार ने पकरीया संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि संतोषी महिला समूह का आपसी झगड़ा चल रहा है। दुकान संचालन पहले से समूह के दूसरे सदस्य करते थे और अब दुकान का संचालन पहले से चला रहे सदस्यों को हटाकर नये सदस्य को समूह में जोड़कर चलाया जा रहा है। जिससे आपस में दुकान चलाने को लेकर विवाद चल रहा है। इसी के आलोक में पाटन एमओ ने दुकान की जांच की। उन्होंने दोनों पक्षों से अपना दस्तावेज दिखाने को कहा है। कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच जारी है। दस्तावेज देखने बाद ही सही गलत का पता चल पायेगा। जो पक्ष गलत पाये जायेंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बताया कि जांच में कुछ त्रुटि मिली है। अगर जांच सही पायी गयी तो आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### पैसे व टैब चुराने का आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने शिवाला रोड स्कूल से 10 हजार नकद राशि व टेब चोरी करनेवाला चोर को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि आठ जून को शिवाला रोड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के प्राचार्या रेखा रानी गुप्ता ने शहर थाना में आवेदन देकर स्कूल के ऑफिस के अंदर रखे गोदरेज तोड़ उसमें रखे 10 हजार नकद व टैब चोरों द्वारा चुरा लेने की जानकारी दी थी। पुलिस ने शहर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चोरी गये टैब के प्राथमिक अभियुक्त राजा कुमार की निशानदेही पर बरामद किया गया। पुलिस ने पलामू क्लब के सामने हरिजन टोला नावाटोली से राजा कुमार पिता स्व सुनील राम को गिरफ्तार कर लिया है।

### मूंग की खेती बना किसानों का पैशन हरियाली के दर्शन से मिल रहा सुकून



**मोहम्मदगंज।** गर्मी के सीजन में मूंग दाल की खेती एक लंबे अरसे से इस क्षेत्र के किसानों का पैशन बन गया है। इसकी बड़ी वजह अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर बिजली आपूर्ति बतायी जाती है। इस वर्ष तो भीमबराज में भारी जलसंग्रहण से जहां पेयजल संकट से राहत मिली है, वहीं सिंचाई कूप और बोरिंग का जलस्तर कम नहीं हो सका है। ऐसे में हाल के दिनों में हिट वेव और अप्रत्याशित रूप से तापमान में वृद्धि के बावजूद मूंग दाल की फसल लहलहाती नजर आती है।

### राशन हेराफेरी मामले में मुकदमा दर्ज

**हुसैनाबाद पलामू।** महुआरी टोला महुआरी पंचायत टिकरपर स्थित वैभव आजीविका सखी मंडल जनवितरण प्रणाली की दुकान से कार्डधारकों की पर्ची काट राशन नहीं देने व करीब 4120 किग्रा राशन की कालाबाजारी करने पर प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज पासवान ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी व बीडीओ के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की हैं। उन्होंने समूह की अध्यक्ष जयमाला देवी, पति राकेश सिंह पर हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीडीएस दुकान (अनुज्ञप्ति संख्या 02/2020) पर पर्ची काटने व राशन नहीं देने की शिकायत थी। जवाब मांगने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो वरीय पदाधिकारी के आदेश पर 10 जून को हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराया है, जिसकी जांच अब हुसैनाबाद थाना कर रही है।

### झारखंड को शीघ्र विशेष राज्य का दर्जा दे केंद्र सरकार : सतीश कुमार



**मेदिनीनगर।** झारखंड देश के 40 प्रतिशत राजस्व देने वाला अकेला राज्य है। मगर झारखंडी आज भी बदहाली व फटेहाल जीवन जीने के लिए मजबूर है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि अब झारखंड करवट ले रहा है। आजसू सुप्रीमो ने विशेष राज्य के दर्जा के लिए ऐतिहासिक मानव श्रृंखला बरही से बहरागोड़ा तक बना कर इतिहास रचा था। आइये बेहतर और सपनों का झारखंड बनाने के लिए उलगुलान की तैयारी करें। विशेष राज्य की दर्जा के लिए जोरदार संघर्ष की आगाज करें।

### भाजपा ने किया पलामू के जनमत का अपमान



**मेदिनीनगर।** भाजपा ने पलामू के जनादेश का अपमान किया है। यह आरोप झामुमो युवा मोर्चा के नेताओं ने भाजपा पर लगाते हुए कड़ा हमला किया है और लगातार तीसरी बार जीतने के लिए बीडी राम को बधाई भी दी है। झामुयुमो के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, वरिष्ठ झामुमो नेता अभिषेक सिंह और सचिव आशुतोष विनायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेताओं ने घूम-घूम कर कहा था कि अगर बीडी राम तीसरी बार चुनाव जीतते हैं तो उन्हें मोदी जी मंत्री बनायेंगे। पलामू की जनता का विशेष इंतजार धूमिल हो गया। यह पलामू के जनमत का सरासर अपमान है।

# जल मंत्री जनता को जल दें, नहीं तो जोरदार आंदोलन : अरुणा शंकर

- मामला शहरी जलापूर्ति फेज 2 एवं कोयल नदी को बांधने का

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने एक बार फिर प्रमंडल के मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर मेदिनीनगर शहर में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों की व्यथा से दुखी होकर तीखा वार किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री जी जिस प्रमंडल से आप इकलौते मंत्री बनाये गये हैं वह भी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जिन्हें पूरे राज्य को पानी देना है उस प्रमंडल के ही मुख्यालय मेदिनीनगर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है जिसे आप अपने 5 साल समाप्ति के कार्यकाल में भी दूर नहीं कर सके। मंत्री जी शायद आपको मालूम होगा कि भारत में सर्वाधिक गर्मी पड़ने वाले जिले में पलामू एक है जिसका जल स्तर प्रतिदिन नीचे जा रहा है। आसपास का क्षेत्र ड्राई जोन हो गया, जनता पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रही है। पानी के बिना पशु मर रहे हैं। महिलाएं पानी के लिए मिलों दूर जा रही है। किसान खेत होते पानी के अभाव में पलायन कर रहे हैं फिर भी आपके कान में जू नहीं रेग रहा है।



झामुमो गठबंधन सरकार की 5 वर्ष समाप्ति पर है लेकिन प्रमंडल मुख्यालय में कोई आपकी उपलब्धि नहीं सिर्फ आप गढ़वा तक सीमित रह गये यही कारण है कि आप बीते लोकसभा चुनाव में गढ़वा सहित 6 के 6 विधानसभा में भारी मतों से हार गये। मंत्री जी शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2 मेरे कार्यकाल का पास किया गया योजना है जिसकी स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपने कैबिनेट से दी थी और सांसद बीडी राम के सहयोग से 80% फंड एडीबी से उपलब्ध करायी जा चुकी है जिसका कार्य कई प्रयासों के बाद जूढकसे द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दरमियान शहर का एकमात्र बड़ा फील्ड हाउसिंग कॉलोनी मैदान को बर्बाद करते हुए शुरू कर दिया गया जिसे अब शायद आपके उदघाटन के लिए रोक लगा दी गयी है। जबकि यह कार्य प्राथमिकता में स्थान परिवर्तित कर फील्ड को बचाते हुए जनहित में जारी रहना चाहिए था।

## 16 को मनेगी स्व अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्यतिथि

# पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी सहित अन्य भाजपा नेता होंगे शामिल

- विधायक ने पुण्य तिथि में कई लोगों को आने का दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** जन-जन के नेता रहे विधायक आलोक चौरसिया के दिवंगत पिता स्व अनिल चौरसिया की 12वीं पुण्यतिथि 16 जून को किन्नी में इनकी आदमकद प्रतिमा के समक्ष मनायी जायेगी। डालटनगंज-गढ़वा मुख्य मार्ग पर किन्नी में स्थित प्रतिमा स्थल पर समारोह किया जायेगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी, भवनाथपुर के विधायक भानू प्रताप शाही, नवीन जायसवाल सहित भाजपा के कई बड़े नता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। मंगलवार को शाहपुर स्थित आवास पर क्षेत्रीय विधायक एवं अनिल चौरसिया के पुत्र आलोक चौरसिया ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा हुई। आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके पिता स्व अनिल चौरसिया ने हमेशा गरीबों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया था। उनके संघर्ष का ही प्रतिफल है कि आज हम विधायक बने हैं। उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना है। इसके लिए उनकी पुण्यतिथि पर संकल्प लिया जायेगा।




बैठक में मंचासीन क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया एवं अन्य भाजपा नेता।

## डालटनगंज की प्रथम महापौर ने भाजपा की जीत पर जतायी खुशी, कहा

# भाजपा का 8 प्रतिशत वोट बढ़ा कार्यकर्ता-संगठन होंगे सम्मानित

- पूरे छह विस क्षेत्र में डाल्टनगंज भंडरिया से सर्वाधिक मत 80,000 से जीते सांसद बीडी राम
- विधानसभा क्षेत्र में आने के लिए सांसद से किया जायेगा आग्रह, कार्यक्रम में सम्मानित होंगे कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा में निगम क्षेत्र का वोट प्रतिशत सभी भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, चेंबर सदस्यों एवं अन्य सामाजिक संगठन के सक्रिय प्रयास से लगभग 8% मतदान बढ़ा है। फल स्वरूप पलामू लोकसभा के पूरे 6 विधानसभा में डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा सर्वाधिक मत 80,000 से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद बीडी राम विजयी हुए हैं जो खुशी की बात है। प्रथम महापौर ने कहा जल्द सांसद को आने के बाद एक कार्यक्रम तय की जायेगी और डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा के सभी भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, चेंबर सदस्य एवं अन्य सामाजिक संगठन के अध्यक्ष को सम्मानित किया जायेगा।



**भाजपा जिलाध्यक्ष तय करेंगे तारीख**

प्रथम महापौर ने कहा कि अब तक जहां परंपरा रही है जीत के बाद जीतने वाले प्रत्याशी को सम्मानित करने का उसको तोड़ते हुए अब परंपरा होगी। जीत के बाद जीतने वाले से कार्यकर्ताओं को सम्मानित कराने का। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द भाजपा जिलाध्यक्ष से बात कर कार्यकर्ता सम्मान समारोह रखा जायेगा।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार शपथ व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की ऐतिहासिक जीत पर भाजपाइयों ने विजय उत्सव के रूप में मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजय उत्सव के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**बिश्रामपुर पलामू।** प्रखंड के एनएच 39 किनारे रिलायंस पेट्रोल पंप के नजदीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी बार शपथ लेने व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम तीसरी बार पलामू सांसद बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव के रूप में मनाया। इस विजय उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी व वशिष्ठ अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडे, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, जिला परिषद विजय रविदास उपस्थित थे। यह कार्यक्रम ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के नेतृत्व में एवं मंच का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश्वर सिंह ने किया। इसमें काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों को अबीर गुलाल एवं अंग वस्त्र से सम्मानित कर ऐतिहासिक जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। श्री सागर ने अपनी बात रखते हुए इस ऐतिहासिक जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश्वर सिंह ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता होना आपने आप में गौरव की बात है। कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री मनीष कुमार, सुशील कुमार शुक्ला, देवनारायण, शिव वंश मिश्रा, धीरू सिंह, सुजीत दुबे, उपेंद्र तिवारी, संजय चंद्रवंशी, विजय मिश्रा, लल्लू दुबे, महिला मोर्चा रिता शीह, दिनेश कुमार थे।

### पीएम मोदी को भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दी बधाई



**पाटन पलामू।** नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने व एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने खुशी जतायी है। उन्होंने पीएम को बधाई दी है। श्री सिंह ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों की जनभावना आज साकार हुई है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत सशक्त और समृद्ध होगा। कहा कि झारखंड जैसे छोटे राज्य से भी केंद्र सरकार में दो सांसद को मंत्री बनाया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी और रांची सांसद संजय सेठ को मंत्री बनने पर बधाई दी है। कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम करती है। पीएम के नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर होगा।

### अवैध चालान से बालू उठाते तीन चालक गये जेल




**रामगढ़ पलामू।** हुटार स्थित कोयल नदी से अवैध चालान के साथ बालू उठाव करने वाले तीन ट्रैक्टर चालकों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार चालकों में धावा के कृष्णा भुइयां (35) पिता रघु भुइयां एवं नूर मोहम्मद (39) पिता स्वर्गीय अली मोहम्मद एवं गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के पटसर के रहने वाले मनीष मुंडा (25) पिता सोमा मुंडा शामिल हैं। बतातें चलें कि सोमवार की सुबह नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की रोक के बावजूद रामगढ़ थाना क्षेत्र के हुटार में कोयल नदी से अवैध चालान पर बालू का उठाव करते तीन ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। हुटार पिकेट प्रभारी कालिका पासवान ने कार्रवाई की थी। तीन ट्रैक्टर के चालकों को भी पकड़ा गया, जिन्हें मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### बाजार क्षेत्र में लगे नये ट्रांसफार्मर, बिजली आपूर्ति शुरू



**मोहम्मदगंज पलामू।** स्टेशन रोड मेन बाजार के 200 केवीए के नये ट्रांसफॉर्मर से सोमवार की रात से विद्युत आपूर्ति शुरू हो गयी है। इससे गर्मी में परेशान उपभोक्ताओं को राहत मिली है। स्थानीय मेन मार्केट एरिया और इसके आसपास के घरों, बैंक व रिलायंस टावर को आपूर्ति देने वाले खराब ट्रांसफार्मर के बदले 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। ट्रांसफॉर्मर को खंभों पर चढ़ाने के साथ ही उसके चार्ज व आपूर्ति शुरू करने तक स्थानीय विद्युत कर्मचारी ललितेश्वर मेहता और मंटू मेहता का परिश्रम कारगर साबित हुआ। ट्रांसफॉर्मर को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने में सांसद वीडी राम, विधायक कमलेश सिंह, जिला पार्षद और सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह व महेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, राकांपा अध्यक्ष रुद्रा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पलामू के सैकत चटर्जी को मिला लेखक निर्देशक और अभिनेता का प्रथम पुरस्कार




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने शिमला में आयोजित अखिल भारतीय नाट्य प्रतियोगिता में सात पुरस्कार अपने नाम करते हुए झारखंड का परचम लहराया है। प्रतियोगिता ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसियेशन ने करायी। इसके मुख्य आयोजनकर्ता टीवी धारावाहिक भाभी जी घर पर हैं के तिवारी जी फेम रोहिताश्व गौड़ और डॉ रेखा गौड़ है। यह प्रतियोगिता देश की प्रतिष्ठित नाट्य प्रतियोगिता में से एक है। इस बार शिमला में आयोजित 69वें नाट्य प्रतियोगिता में मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा नाटक राजपाट प्रस्तुत किया गया था, जिसे प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ नाटक का प्रथम पुरस्कार मिला।

## भीषण पेयजल की किल्लत को ले आज से डोर टू डोर चलेगा जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पानी एक ऐसी मूलभूत जरूरत है जिसके बगैर किसी भी प्राणी का जीवन यापन करना संभव नहीं है और जब बात पीने के पानी की हो तो यह जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। आप एक ऐसी भयावह स्थिति की कल्पना कीजिए जब आपके आसपास हर जगह पीने का पानी सूख चुका है। ऐसे में जीवन यापन असंभव हो जायेगा। कुछ यही आलम है हमारे नगर निगम क्षेत्र मेदिनीनगर की, जहां लगभग घरों के पेयजल स्त्रोत सूख चुके हैं। त्राहिमाम मचा हुआ है। व्याप्त भीषण पेय जल संकट के संबंध में शहर के बैरिया स्थित होटल क्राउन प्लाजा में पत्रकार वार्ता किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए शहर का आवाज बन चुके युवा चेहरा आशीष भारद्वाज ने कहा कि हम सौभाग्यवान हैं कि हमारा शहर मेदिनीनगर तीन नदियों से ओरंगा, कोयल तथा अमानत से घिरा हुआ है हमारे शहर के एक तरफ केचकी मे ओरंगा व कोयल नदी का संगम है तो दूसरी ओर सिंगरा में कोयल अमानत नदी का संगम।

## मोनू मिश्र हत्याकांड का 15 दिन बाद भी नहीं हो सका उद्भेदन

- नामजद हत्यारोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर
- बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी हेतु पिता ने सीएम और डीजीपी से की मुलाकात, न्याय की लगायी गुहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के नावाडीह कला ओपी क्षेत्र के छिपादोहर गांव निवासी मोनू मिश्रा के अपहरण और हत्याकांड का उद्भेदन नरकंकाल बरामद होने के 15 दिनों बाद भी नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं सभी नामजद हत्यारोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं.पुलिस सिर्फ हवा में लाठियां भांज रही है। इधर मृतक मोनू मिश्रा के पिता चंद्रशेखर मिश्रा अपने भाई बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा के साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व डीजीपी अजय कुमार सिंह ने रांची कार्यालय जाकर मुलाकात की। चंद्रशेखर मिश्रा ने डीजीपी को अपनी व्यथा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने श्री मिश्रा को आश्वस्त किया कि इस संबंध में आईजी और पलामू एसपी को जल्द कार्रवाई का निर्देश दिया।

### भाजपा नेता निरंजन का डीएसई को आवेदन

**पाटन पलामू।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नीरंजन पासवान ने पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन देकर पाटन के न्यू प्राथमिक नान्हीं झरिया विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कुमार पर एमडीएम की राशि निकाले का आरोप लगाया है। श्री पासवान ने कहा कि प्राचार्य अपने नाम से चेक बनाकर एवं संयोजिका अध्यक्ष से पहचान कराकर एमडीएम का पैसे निकालने एवं संयोजिका ने प्राचार्य से राशि का हिसाब मांगने पर संयोजिका को बिना आमसभा के हटाने एवं दूसरे संयोजिका को खाता में जोड़ने का आरोप लगाया है।

## गांडेय उपचुनाव में कल्पना की जीत पर झामुमो के युवा नेता ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** गांडेय उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की उम्मीदवार कल्पना सोरेन की शानदार जीत के बाद, हैदरनगर के युवा नेता सह झामुमो जिला संघठन सचिव पलामू विवेकानंद सिंह ने मुलाकात कर उन्हें पुष्प गुलदस्ता देकर हार्दिक बधाई दी। इस मुलाकात के दौरान विवेकानंद सिंह ने कल्पना सोरेन को पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक जरूरतों और मौजूदा समस्याओं से अवगत कराया। विवेकानंद सिंह ने बताया कि क्षेत्र के निवासियों को बुनियादी सुविधा जैसे सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कल्पना सोरेन इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देंगी और विकास कार्यों को प्राथमिकता देंगी।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

# बच्चों को नयी गतिविधियों से जोड़ना ही समर कैंप का उद्देश्य : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्री-नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के छात्रों हेतु समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. के सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समरकैम्प के पहले दिन योगा, तैराकी, पेटिंग, नृत्य, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, फोटोबूथ, फन विद टैटू एवं स्टोरी टेलिंग इत्यादि अन्यान्य विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के संगीत शिक्षक उज्वल पाठक ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। यह कैंप 15 जून तक नियमित चलेगी। कार्यक्रम में नृत्य शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात योग शिक्षिका रागिनी ने योगाभ्यास कराया। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को समर कैंप की शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने कहा कि केवल ऑक्सफोर्ड के ही नहीं अपितु सेक्रेटहॉर्ट, हैरीटेज, डीएवी, सन्त मरियम, ब्राइटलैंड आदि अन्य विद्यालयों से पर्याप्त संख्या में बच्चों का उत्साहित होकर समर कैम्प में भागीदारी करना हर्ष का विषय है। अन्य विद्यालयों से भागीदारी करने वाले सभी छात्रों हेतु परिवहन सुविधा निश्शुल्क है। समर कैंप प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक आयोजित है। इस कैंप में पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, पाककला, फोटोबूथ, फन विद टैटू, आर्ट-क्राफ्ट, रीडिंग, राइटिंग, कैलीग्राफी एवं स्टोरी टेलिंग (कहानी कथन) जैसे विविध विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कैंप से हमारे बच्चे अपनी भाषा शैली का विकास विविध प्रकार से कर सकें, यही हमारा ध्येय है।




समर कैंप का उद्घाटन करते ऑक्सफोर्ड के प्राचार्य व अन्य।

# रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर नाई समाज के लोगों ने जताया हर्ष

- भाजपा की केंद्रीय कमेटी को राष्ट्रीय नाई महासभा ने दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर पलामू जिला राष्ट्रीय नाई महासभा के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा जिलाध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि पहली बार मोदी सरकार में नाई जाति के केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया गया है, जो नाई समाज के लोगों का सम्मान बढ़ा है।

पलामू जिला नाई समाज के लोगों ने रामानाथ ठाकुर व भाजपा के केंद्रीय कमेटी के प्रति आभार व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वालों में जिलाध्यक्ष प्रो बच्चन ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सह पत्रकार अमलेश ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, श्रीकांत ठाकुर, प्रेमप्रकाश ठाकुर, रंजय ठाकुर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर, पांकी प्रखंड अध्यक्ष विजय ठाकुर, संजय ठाकुर का नाम शामिल है।

**जदयू के प्रमुख नेताओं में एक हैं रामनाथ ठाकुर**



- बिहार के चर्चित मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र हैं केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर
- बतौर मुख्यमंत्री अपने फैसले, आरक्षण और सादगी भरी राजनीति के लिए याद किये जाते हैं कर्पूरी ठाकुर

रामनाथ ठाकुर जदयू के प्रमुख नेताओं में एक है, उनके पिता कर्पूरी ठाकुर बिहार के चर्चित मुख्यमंत्री रह चुके हैं, कर्पूरी ठाकुर अपने फैसले, आरक्षण और सादगी भरी राजनीति के लिए याद किये जाते हैं। हाल ही में कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था, उनके भारत रत्न अवार्ड को रामनाथ ठाकुर के हाथों में सौंपा गया था।

जीतनराम मांझी ने एमएसएमई मंत्रालय का कार्यभार संभाला कहा

# मोदी जी के विजन का विभाग मिला : मांझी

एजेंसी

**पटना।** केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने आकार ले लिया है। रविवार को 71 मंत्रियों के साथ नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। सोमवार को विभागों के बंटवारे के बाद मंगलवार को अधिकांश मंत्रियों ने अपने अपने कार्यालय जाकर अपना पदभार संभाल लिया। बिहार के पूर्व सीएम और गया के सांसद जीतनराम मांझी को एमएसएमई ( सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग) विभाग का मंत्री बनाया गया है। मंगलवार को उन्होंने भी अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि मुझे मोदी जी के विजन का विभाग मिला है जहां देश भर की जनता के रोजगार के लिए बहुत काम करने का मौका मिलेगा। अपने दफ्तर में मीडिया कर्मियों से बात करते हुए जीतन राम मांझी ने कहा कि मुझे मोदी जी ने अपने विजन वाले विभाग का मंत्री बनाया है। इसके लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। कोई विभाग या काम छोटा नहीं होता है। वर्क इज वरशिप। शुरू से यह मेरी सोच रही है। उन्होंने कहा कि कल जब मुझे विभाग का लिफाफा मिला। उसे से खोला देखा कि मुझे माइक्रो स्मॉल एंड मीडियम इंडस्ट्रीज विभाग का मंत्री बनाया गया है। इस बात से मुझे खुशी हुई कि यह काम करने वाला विभाग है। सब लोग प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे थे। मैं भी उनके साथ गया और पीएम से मिला। उन्होंने जो बात कही उससे बहुत प्रेरणा मिली। पीएम ने कहा कि मैंने आपको अपने विजन का विभाग दिया है। हमारा विजन है गरीबों का उत्थान। जहां विकास की रोशनी नहीं पहुंची वहां तक उजाला फैलाना। इस विभाग के माध्यम से उन लोगों के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है जो वंचित वर्ग हैं। जीतन राम मांझी ने कहा कि यह विभाग मिलने पर हम अपने को सौभाग्यशाली समझते हैं। इस विभाग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देना हमारा लक्ष्य होगा। जनता की सेवा करने का बेहतर मौका इस विभाग का मंत्री रहते हुए मिलेगा। जीतन राम मांझी ने कहा कि 62 सालों के बाद नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला है यह उनके विजन का ही नतीजा है। समाज के हर वर्ग के लिए सोचते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्यमंत्री के रूप में भी अनुभवी सहयोगी मिले हैं। मंत्री के रूप में 100 दोनों की कार्य योजना के बारे में उन्होंने कहा कि अभी विभाग में आए हैं। आज पदभार ग्रहण किया है और और चीजों को समझ रहे हैं जल्द ही कार्य योजना तैयार कर काम शुरू कर दिया जाएगा। शपथ ग्रहण से पूर्व चाय पार्टी पर नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिपरिषद के सहयोगियों के साथ मीटिंग की और कहा कि जल्द ही काम शुरू कर देना है। उन्होंने सभी मंत्रियों को 100 दिनों का एजेंडा तैयार कर काम शुरू करने के लिए कहा था।



## खबर एक नजर में

### 1 करोड़ रंगदारी केस मे पप्पू यादव ने की सुप्रीम कोर्ट से जांच की मांग

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा है कि मेरे खिलाफ गहरी राजनीतिक साजिश की जा रही है। बढ़ती राजनीतिक ताकत से कुछ लोग परेशान हैं इसलिए रंगदारी का झूठा आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराया गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच कराई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए। उन्होंने कहा है कि जो भी मामले में दोषी निकले उसे फांसी दे दिया जाए। सोमवार को पूर्णिया के फर्नीचर कारोबारी द्वारा एक करोड़ की रंगदारी मांगे जाने का आरोप लगाते हुए सांसद पप्पू यादव के खिलाफ पूर्णिया मुफस्सिल थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया। पप्पू यादव ने कहा है कि एक ऑफिसर के द्वारा विरोधियों से मिलकर उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही सबको बेनकाब कर दूंगा। सोशल मीडिया पर पप्पू यादव ने लिखा है कि कुछ लोग मेरी बढ़ती राजनीतिक छवि से परेशान है और वे लोग ही साजिश रच रहे हैं। बहुत जल्दी मैं उन्हें बेनकाब कर दूंगा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस मामले के जांच की मांग करते हुए कहा है कि जो भी दोषी हो उसे फांसी दे दिया जाए।

### अमर स्वतंत्रता सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया।** फारबिसगंज के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित पीडब्लूडी प्रांगण में पंडित रामदेनी तिवारी द्विजदेनी क्लब किनार से जंगे आजादी के महान क्रान्तिकारी एवं स्वतन्त्रता सेनानी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयन्ती साहित्यकार हेमंत यादव की अध्यक्षता में मनायी गई। संचालन मनीष एवं प्रतीक ने किया।

## स्पीड न्यूज

### हीट वेव को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पिलाया पानी



पानी पिलाते पीएलवी।

**गढ़वा।** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष राजेश शरण सिंह, एवं सचिव रवि चैधरी के आदेशानुसार प्रखंड परिसर में स्टॉल लगाया गया। इस दौरान गोदाम में कार्य कर रहे मजदूरों, आम जनता, कर्मचारी, राहगीर सहित लगभग 285 लोगों को हीट वेव को देखते हुए ठंडा पानी ओआरएस घोल एवं गुड के साथ पिलाया गया। इस दौरान लगभग पानी पिलाया गया। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी एवं कृष्णानंद दुबे ने बताया कि ओआरएस का घोल पीते रहे। 10 बजे के बाद बाहर नहीं निकले, पेट खाली नहीं रखें, कपड़े से शरीर को ढक के रखें तथा किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत आ रही है तो तुरंत डॉक्टर से मिले। साथ ही उन्होंने बताया कि वैसे गरीब व्यक्ति जिनका ब्लॉक, अंचल में नामांतरण हो या सीमांकन हो तथा थाना एवं जिला से कोई कार्य लंबित है, वे अपना आवेदन चलंत लोक अदालत या जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा सचिव को दें। आवेदन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निःशुल्क कानूनी सहायता दिलाने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सोशल वर्कस संस्था ने किया भंडारा का आयोजन



प्रसाद वितरण करते सदस्य।

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में प्रसाद स्वरूप पूड़ी-सब्जी, बुन्दिया व रसगुल्ला का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कमलापुरी समाज के अध्यक्ष मनीष कमलापुरी व सुप्रीत गुप्ता तथा अर्णव गुप्ता ने अपने जन्मदिन पर भंडारा में सहयोग किया। मौके पर मनीष कमलापुरी ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के सभी युवा बधाई के पात्र है, जो ऐसा विचार रखते है। संस्था के इस कार्य की जितनी प्रशंसा की जाय कम होगी। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। इस पुनीत कार्य मे महिलायें ओर हमारी बहने भी हाथ बंटा रही है। मौके पर शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, सत्यम कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि लोग उपस्थित थे।

## मोदी के मंत्रिपरिषद में एक भी मुस्लिम चेहरा नहीं : तेजस्वी



एजेंसी

**पटना।** केंद्र में नरेंद्र मोदी नेतृत्व में एनडीए की नई सरकार बन गई है। रविवार को पीएम मोदी समेत 72 मंत्रियों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में शपथ लिया और एक के बाद एक मंत्री अपने अपने मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल रहे हैं। बिहार से इस बार आठ सांसदों को मंत्री बनाया गया है लेकिन मोदी के मंत्रिपरिषद में एक भी मुस्लिम चेहरे को शामिल नहीं किया गया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को उन लोगों से नफरत तो है ही। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार किंग मेकर की भूमिका में हैं तो बिहार के लिए बहुत कुछ करवा सकते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री को सब को साथ लेकर चलना चाहिए चाहे वह किसी भी धर्म का हो। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने इस बात के लिए नाराजगी जाहिर किया कि एक वर्ग को सरकार में शामिल होने का मौका नहीं दिया गया। यह सही नहीं हुआ। सभी को साथ लेकर चलना जरूरी होता है। लेकिन इन लोगों की अलग बात है। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया नरेंद्र मोदी इस बार काफी कमजोर प्रधानमंत्री साबित होंगे। जनता ने इस बार बीजेपी को नकार दिया है। कहां चार सौ पार का दावा करते थे। लेकिन जनता ने इन्हें 240 पर समेट दिया है। सहयोगियों को मना कर रखना मजबूरी हो गई है। काफी कमजोर पीएम इस बार नरेंद्र मोदी जी रहने वाले हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार चाहें तो इस बार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल सकता है। क्योंकि वे किंग मेकर की भूमिका में हैं। बगैर जेडीयू के मोदी जी की सरकार नहीं चलेगी। ऐसे में मुख्यमंत्री बिहार के लिए केंद्र से बेहतर करवा सकते हैं। जातीय गणना और आरक्षण की सीमा 75 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा हो सकता है। नरेंद्र मोदी बिहार से सहयोग मिलने पर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। तो उन्हों बिहार के लिए कुछ खास करना चाहिए। इससे पहले तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि बिहार मोदी जी ने झुनझुना थमा दिया है। बिहार के मंत्रियों को अच्छा मंत्रालय नहीं देने का आरोप लगाया।

## मुख्यमंत्री ने भीषण गर्मी-हीटवेव के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग एवं सभी डीएम को दिए कई निर्देश

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भीषण गर्मी और हीटवेव की आपदाजनक स्थिति को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य के सभी जिलाधिकारियों को समुचित कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा है कि सभी जिलों के संवेदनशील स्थानों पर पीने के पानी के टैंकर पर्याप्त संख्या में रखे जाएं। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर पर भी नजर रखें और अपने-अपने जिलों की स्थिति का आंकलन करें। साथ ही क्षेत्र में जाकर लोगों को पूरी सावधानी बरतने की सलाह दें। भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिये लोगों को उचित सावधानी बरतने की सलाह देते हुए माइकिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अनुमंडल एवं सदर अस्पतालों में जरूरी स्वास्थ्य सुविधायें पूरी तरह से अलर्ट पर रहें और सभी जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखें।

गांव हो या शहर सभी जगहों पर निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय ताकि लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि लोगों को लगातार जागरूक करते रहें और सम्पूर्ण स्थिति पर निगरानी रखें।

## किसान की पीट-पीटकर हत्या

एजेंसी

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली इलाके दियोरी गांव में मंगलवार की सुबह एक किसान की गांव के ही कुछ लोगों ने जमीन के विवाद में पीट-पीट कर हत्या कर दी। किसान को बचाने आए उसके भतीजे और बेटी को भी दबंगों ने पीट दिया, जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार है, जिनकी तलाश की जा रही। दियोरी गांव के रहने वाले किसान हरिराम मंगलवार सुबह खेत से चारा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश के चलते मोहल्ले के कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते में रोक कर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। दबंगों द्वारा ताऊ हरिराम को पीटने की जानकारी मिलते उनका भतीजा अवनीश और उनकी बेटी मीरा बचाने के लिए पहुंची, तो दबंगों ने दोनों को लाठी डंडे से प्रहार कर घायल कर दिया।

## नागरिक अधिकार को लेकर दी गई कानूनी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते लोग।

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आम जनों को निःशुल्क कानूनी सलाह व नागरिक अधिकार को लेकर एलएडीसी प्रवीद कुमार साहू, सीओ यशवंत नायक, अधिवक्ता बीरबल चैधरी की उपस्थिति में लोगों को जानकारी देकर जागरूक किया गया। मौके पर एलएडीसी ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति को खासकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को जिन्हें अपने कानून व हक अधिकार की जानकारी नहीं है, उन्हें जागरूक करने के मकसद से प्रखंड स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकार यह कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि आपका कोई भी छोटे-छोटे मामले न्यायालय से निवारण होने में समय लग रहा है, तो आप लोग विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आवेदन देकर निःशुल्क वकील और कानून का सहारा ले सकते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आपको अपने हक अधिकार जानने के लिए स्वयं आगे आना होगा। आपको मनरेगा जैसी योजना में अपने ग्राम पंचायत में चल रही योजना और अकुशल क्षेत्र में काम कर रहे हैं श्रमिक मजदूर, वन विभाग से संबंधित मामला, बिजली विभाग से संबंधित मामला, बैंक से संबंधित मामला की निवारण के लिए सभी आवेदन कर अपने काम को सरल व आसान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपका हक अधिकार के लिए जो नियम कानून बनाई है उसका लाभ लेने के लिए आप आगे आकर सरकारी सहायता ले सकते हैं। मौके पर हिमांशु शेखर, पीएलवी कुलदीप राम सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## चलती इंडिका में लगी आग, कार जलकर खाक

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत परासपानी कला खाला मेन रोड में मंगलवार की दोपहर 12 बजे दिन में शिला डूबुआ की ओर जाने वाली सड़क पर एक चलती इंडिका कार में अचानक चलती कर में धुआं देने के बाद 50 मीटर की दूरी पर इंडिका कार पूरी तरह जल कर खाक हो गई। इंडिका कार उत्तर प्रदेश के बभनी का बताया जाता है, वाहन छत्तीसगढ़ का मालिक जो अपने रिश्तेदार धुरकी प्रखंड के खुटिया में भी आया था। जहां सोमवार को बारात लेकर जाना था लेकिन बारात नहीं गया। बारात अंबाखोरेया से चोपन जाना था लेकिन वह बारात ना जाकर एक और अपने रिश्तेदार धुरकी प्रखंड के खुटिया गांव में चला गया और वहां से लौटने के क्रम में परास पानी कला खाला मेन रोड के जंगल में अचानक आग लग गई और कार जलकर खाक हो गई। वही ऑटोमोबाइल मिस्त्री इमरान खान ने बताया कि किसी भी वाहन में वायरिंग के कारण ही शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगती है मिस्त्री ने यह भी बताया कि अक्सर गाड़ियों के वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण वाहन चालक को पता नहीं चलता है और गाड़ी धुआं देकर आग पकड़ लेती है। इस घटना से गांव में दशरथ फैल गई लोग पुलिस प्रशासन को खबर कर घटना की पूर्ण जानकारी दी वहीं धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने प्रशासन को भेज कर इसकी विस्तृत जानकारी ली।

# दवा फेके जाने के बाद नहीं हुई कार्रवाई, ग्रामीणों ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



डॉक्टर को चार सूत्री मांग पत्र सौंपते लोग।

**कांडी।** स्थानीय अस्पताल के प्रांगण में धरना दे रहे सैकड़ो लोगों ने दवा फेंके जाने पर प्रशासन की चिंताजनक चुप्पी को लेकर जबतक अपराधी नहीं पकड़ा जाता तबतक उग्र आंदोलन की खुली चेतावनी दी। इस दौरान सिविल सर्जन हाय हाय, स्वास्थ्य विभाग हाय हाय, दवा फेंकने वाले अपराधी को गिरफ्तार करो, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारे भी लगाए गए। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ के निकट एक बड़े गढ्ढे में करीब 5 लाख की सरकारी नई दवा फेंके जाने के मामले में व्यवस्था की चुप्पी को लेकर कांडी अस्पताल के प्रांगण में स्वयंसेवी संस्था दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले ग्रामीणों द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान लोगों ने किसी भी हाल में दवाएं फेंकने वाले अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने कहा कि लाखों रुपए की फेंक दी गई दवा मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं करना अधिकारियों द्वारा अपराधी को संरक्षण दिए जाने का प्रमाण है। जबकि इस मामले में उच्च अधिकारियों को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा भी जांच के आदेश दिए गए थे। उसके बाद 88 दिन में भी कोई कार्रवाई नहीं होने यह स्वतः स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने दवा मामले में गढ़वा सीएस के द्वारा अपनी जिम्मेदारी एफआईआर के नाम पर पुलिस के ऊपर थोपे जाने की बात कही। जबकि इस मामले को स्वास्थ्य विभाग चंद मिनटों में पता कर सकता है। आज के बाद भी अपराधी पकड़ा नहीं गया तो डीसी ऑफिस व हेल्थ मिनिस्टर के आवास तक का घेराव करने की युवाओं ने गर्जना के साथ संकल्प लिया। पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा ने आग बरसते मौसम में भी युवाओं व बुजुर्गों के भारी जुटान को मामले की गंभीरता का प्रमाण बताया। कहा कि मीडिया के द्वारा ही इस मामले को उजागर करने से लेकर अभी तक बार बार प्रमुखता से प्रकाशित करके कार्रवाई के लिए गुहार लगाना जारी रखा गया है। बावजूद इसके व्यवस्था इतनी ढीठ हो चुकी है कि अभी तक कुछ हासिल नहीं हुआ। पूर्व में एक्सपायर दवा फेंके जाने का मामला आता था। पर इस बार बड़े पैमाने पर कामयाब दवाएं फेंक दी गईं। कहा कि इस मामले में जब तक कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं होती है तब तक कांडी के पत्रकार इस अति गंभीर मुद्दे को दबने नहीं देंगे। लोगों से गढ़वा से रांची तक संघर्ष का आह्वान किया। कांडी उत्तरी से जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने कहा कि प्रखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था इतनी लचर है कि इस अस्पताल में यदि कोई गर्भवती महिला आ जाए तो उसे तुरंत ही बेहतर इलाज के नाम पर जिला अस्पताल भेज दिया जाता है। जो जिला अस्पताल पहुंचते तक या तो जच्चा की मृत्यु हो जाती है या बच्चा की। कहा कि यहां की समस्याओं से पदाधिकारी ही नहीं सांसद विधायक भी उदासीन रहते हैं। खबर तो पढ़ते होंगे फिर भी दवा फेंके जाने को लेकर किसी के मुंह से बोल नहीं फूटा। लोगों से परिणाम तक डटे रहने की अपील की। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद ने कहा कि यही कांडी है कि 2012 एवं 14 में चक्का जाम से लेकर तालाबंदी तक करके एक सप्ताह तक आंदोलन किया था। दवा फेंकने वाला जब तक पकड़ा नहीं जाता है आंदोलन जारी रहेगा। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने कहा कि मानवता के प्रति यह बहुत बड़ा अपराध है। मरीज को अस्पताल में दवा मिलती नहीं है और लाखों की दवाएं फेंक दी गईं। फिर भी उन्होंने लोगों से मुकाम तक संघर्ष करने का आह्वान किया। धरना को जितेंद्र चैबे, कृष्णा राम, देवेंद्र प्रजापति, संतोष सिंह, गोरख प्रसाद, गोपाल भारती सहित कई लोगों ने संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के अंत में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के नाम एक चार सूत्री मांगपत्र अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक डॉ सविता कुमारी को सौंपा गया। प्रदर्शन की पूरी अवधि कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम अपने दल बल के साथ डटे रहे।

धरना प्रदर्शन में शशिरंजन दुबे, सत्यप्रकाश चैबे, अभिषेक चैबे, दयाशंकर सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप कुमार, जयप्रकाश सहित सैकड़ों युवा व अभिभावक उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### अगले तीन दिन ...

इस दौरान कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं का झोंका ( अधिकतम गति 30-40 किमी प्रति घंटा) के साथ वज्रपात होने की संभावना है। 14 को सिंहभूम, सरायकेला खरसांवा में सीवियर हीट वेब को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। गढ़वा, पलामू में हीट वेब को लेकर ऑरेंज अलर्ट और उत्तर-पूर्वी, मध्य और दक्षिणी भागों गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा में हीट वेब को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 15 जून को गढ़वा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवा में हीट वेब को लेकर ऑरेंज अलर्ट और राज्य के मध्य एवं निकटवर्ती दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा में हीट वेब को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### रक्षा मंत्रालय की ...

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के अध्यक्ष डा समीर वी कामत ने भी श्री सेठ से मुलाकात की और उन्हें डीआरडीओ की परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ,सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने भी रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात की और रक्षा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### कानून-व्यवस्था बनाये ...

कुछ इलाकों में उद्योगों की बहुलता है तो कहीं लोग कृषि पर निर्भर हैं। इसी तरह यहां की परिस्थितियों के अनुरूप अपराध में भी काफी विविधताएं हैं। नित्य अपराध के स्वरूप में भी परिवर्तन आ रहा है। ऐसे में पुलिस की चुनौती भी बढ़ जाती है। अपराध को नियंत्रित करने में आपकी कार्यशैली और मजबूत सूचना तंत्र काफी कारगर साबित होगा। अपराध के वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी बनायें। उन्होंने कहा कि आज कई ऐसी नवीनतम तकनीक है, जिसके जरिये अपराध को जानने-समझने के साथ नियंत्रित करने में इस्तेमाल किया जा सकता है। पुलिस को ऐसी आधुनिक तकनीक से हमेशा अपडेट रहने की जरूरत है। उन्होंने ट्रैफिक सिस्टम में भी सुधार करने पर जोर दिया।

**बेहतर समन्वय से मिलेंगे बेहतर परिणाम :** सीएम ने कहा कि किसी भी जिले में डीसी और एसपी के बीच बेहतर समन्वय से ही कानून एवं व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलती है। डीसी और एसपी के बेहतर को ऑर्डिनेशन से बेहतर नतीजे आते हैं। इससे विकास को गति मिलती है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य के तमाम अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली से विधि व्यवस्था और अन्य सभी मामलों में बेहतर नतीजे देंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जो भी संसाधन और जरूरतें होगी, उसे सरकार पूरा करेगी।

**आदिवासी जमीन की दखल दिहनी जल्द हो :** बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि अनुसूचित जनजाति से जुड़े जमीन के उन वादों में आदिवासियों को जमीन पर दखल दिलाना सुनिश्चित करें, जिसमें कोर्ट की डिक्री हो चुकी है। साथ ही एसटी, एससी में दर्ज मामलों का जल्द निष्पादन जरूरी है। इनका निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। इसकी मॉनिटरिंग पूरी गंभीरता के साथ हो।

### नीट परीक्षा रद्द...

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में मांग की गयी है कि नीट द्वारा जारी रिजल्ट को अतिशीघ्र रद्द किया जाये और दोबारा परीक्षा करवाने की मांग की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि 4 जून को आए रिजल्ट के आधार पर काउंसलिंग को फिलहाल रोक दिया जाये। परंतु कोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।

### सतह पर आया ...

**पार्टी को क्षति उठानी पड़ी :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन तनावों को कभी सतह पर नहीं आने दिया, लेकिन उनके एक बयान की काफी चर्चा हुई थी, जिसमें उन्होंने कह दिया था कि भाजपा अब काफी परिपक्व हो चुकी है। उसे अब आरएसएस के सहयोग की आवश्यकता नहीं है। नड्डा का यह बयान बेहद संतुलित संदर्भों में था, लेकिन इसका आशय यही निकाला गया कि भाजपा-आरएसएस में तनाव ज्यादा है। पार्टी को इसका नुकसान भी उठाना पड़ा।

तालमेल का प्रयास भी हुआ : लोकसभा चुनावों के पहले संघ के बेहद वरिष्ठ पदाधिकारियों ने चुनावों को लेकर पार्टी के साथ समन्वय करने की कोशिश की थी। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार ने चुनावों की घोषणा से पूर्व ही गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के संगठन मंत्री बीएल संतोष के साथ भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में लगातार पांच दिन तक मैराथन बैठकें की थीं। कहा गया था कि संगठन के शीर्ष नेता देश की एक-एक सीट का गंभीर आकलन कर हर लोकसभा चुनाव के अनुसार अलग रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसका उद्देश्य चुनाव में 400 सीटों के असंभव से लक्ष्य को हासिल करना बताया गया था। इसी तरह की बैठकें राज्यों के स्तर पर भी हुए।

**संघ से मदद नहीं मांगी :** संघ सूत्रों का कहना है कि इस बार भाजपा के कार्यकर्ता संघ के पदाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग करने के लिए तैयार नहीं थे। कई सीटों पर भाजपा नेताओं को सब कुछ ठीक न होने की जानकारी भी दी गयी थी, लेकिन इस पर समय रहते कोई एक्शन नहीं लिया गया। उलटे जिन उम्मीदवारों के बारे में संघ से नकारात्मक संकेत दिये थे, उन्हें भी टिकट पकड़ा दिया गया। पार्टी को इसका चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ा।


**यूपी के संकेतों को भी किया नजरअंदाज :** संघ सूत्रों के अनुसार, चुनावों के पूर्व ही भाजपा नेतृत्व को यूपी में संगठन और सरकार में सब कुछ ठीक न होने की जानकारी दे दी गयी थी। चुनाव के बीच भी सरकार और संगठन के आपसी तालमेल के बिगड़ने की जानकारी पार्टी नेतृत्व को दे दी गयी थी। लेकिन इसके बाद भी इसे सुधारने की कोशिश नहीं की गयी। उलटे भाजपा के कुछ शीर्ष नेताओं के बयानों ने स्थिति को और ज्यादा उलझाने का ही काम किया।

स्पीड न्यूज

## अरुणाचल के लिए रविशंकर और चुघ बने केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता के चयन के लिए वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। 60 विधानसभा सीट में से भाजपा ने 46 पर जीत दर्ज की। एनपीपी ने 05 सीट हासिल की हैं। एनसीपी ने 03, पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने 02, कांग्रेस ने 01 और निर्दलीयों ने 03 सीट पर जीत हासिल की है।

## वेब सीरीज 'दलदल' में नजर आएंगी पेडनेकर



**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर जल्द ही वेब सीरीज दलदल में नजर आएंगी। दलदल में भूमि पेडनेकर एक पुलिस अधिकारी की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाएंगी। भूमि पेडनेकर ने अपने किरदार को एक सुपर अचीवर और ग्लास-सीलिंग ब्रेकर के रूप में बताया कि जो पुरुष-प्रधान दुनिया में अपने नियम खुद लिखती है। पेडनेकर ने कहा कि दलदल एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो एक महिला होने के सभी गुणों को समेटे हुए है।

## वैष्णो देवी के लिए हेलीकॉप्टर 18 से

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी के विशेष दर्शन की इच्छा रखने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए श्राइन बोर्ड जम्मू से सांझी छत हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करेगा। यह सेवा 18 जून से उन यात्रियों के लिए शुरू होगी, जो एक दिन में भवन जाकर दर्शन करके लौटना चाहते हैं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने कहा कि श्राइन बोर्ड दो प्रकार के पैकेज पेश करेगा, जिसमें प्रति व्यक्ति 35 हजार रुपये उसी दिन वापसी के लिए और 50 हजार रुपये अगले दिन वापसी के लिए पैकेज हैं।

## बिश्नोई गैंग का गुर्गा चिकना हुआ गिरफ्तार

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग मामले में पनवेल पुलिस ने बिश्नोई गैंग के गुर्गे वसीम चिकना को संभाजीनगर से गिरफ्तार किया है। सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में पुलिस अब तक 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनकी निशानदेही पर पनवेल पुलिस की टीम ने मंगलवार सुबह छत्रपति संभाजीनगर शहर के जलानगर इलाके के अलंकार अपार्टमेंट में छापा मार कर मोहम्मद उर्फ वसीम चिकना को गिरफ्तार किया।

## शाह की पत्नी ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की धर्मपत्नी सोनल शाह ने मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की पूजा-अर्चना की। उन्होंने हनुमानगढ़ी के भी दर्शन किए। हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी हेमंत दास ने उनको हनुमान जी की प्रतिमा और रामनामा भेंट कर स्वागत किया।

# देश की सुरक्षा के लिए निरंतर काम करेंगे

### अमित शाह ने दूसरी बार गृह मंत्रालय का संभाला कामकाज, कहा- आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बन कर उभरेगा भारत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार में लगातार दूसरी बार गृह एवं सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। अमित शाह ने मंगलवार को नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय पहुंचकर केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में पुनः पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बनाए गए नित्यानंद राय और बी. संजय कुमार भी मौजूद रहे।


केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में फिर से अपना कार्यभार संभालने से पहले अमित शाह ने नेशनल पुलिस मेमोरियल जाकर अपने कर्तव्यों को निभाने के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान की रक्षा और राष्ट्रप्रेम की भावना को अपने सर्वोच्च बलिदान से अमर बनाने वाले देश के वीर पुलिसकर्मियों को मैं नमन करता हूं।

गृह मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत के गृह मंत्री के रूप में पुनः कार्यभार संभाला। गृह मंत्रालय देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य करता रहेगा। मोदी 3.0 में देश की सुरक्षा नीतियों एवं प्रयासों को नई ऊंचाइयां मिलेगी और भारत आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ एक मजबूत शक्ति बन कर उभरेगा। अमित शाह ने लगातार दूसरी बार सहकारिता मंत्रालय का भी कार्यभार संभाला।

- नेशनल पुलिस मेमोरियल में अपने कर्तव्यों के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को गृह मंत्री ने किया नमन

सहकारिता मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सहकारिता मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन के अनुसार किसानों को सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में निरंतर कार्य करता रहेगा। हमारी सरकार सहकारिता के विचार को शक्ति देते हुए इस क्षेत्र से जुड़े करोड़ों लोगों को नए अवसर प्रदान कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कटिबद्ध है। मोदी 3.0 में आज पुनः सहकारिता मंत्री का कार्यभार संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

## नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्रालय का संभाला कार्यभार



**नयी दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय पहुंच कर स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले जेपी नड्डा ने सुबह पार्टी मुख्यालय पहुंच कर राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े सहित पार्टी के अन्य नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय पहुंच कर स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया।

कार्यभार संभालने के दौरान जेपी नड्डा के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री बनाए गए जाधव प्रतापराव गणपतराव और अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने रसायन एवं उर्वरक मंत्री के तौर पर भी अपना कार्यभार संभाल लिया है।

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लगातार चल रहा काम

### कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले, अन्नदाताओं के कल्याण को सरकार प्रतिबद्ध



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आधिकारिक तौर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभालने के साथ ही मंगलवार को विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया । उनके साथ-साथ इसी मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाए गए रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी ने भी कार्यभार संभाल लिया।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने सोमवार को जो पहला फैसला लिया, वह किसानों के हित में था। उन्होंने किसान सम्मान निधि जारी करने का फैसला किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार इन कार्यों को और तेजी से आगे बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया है, उस पर लगातार काम चल रहा है। हम सब मिलकर उसमें और भी तेजी लाने का काम करेंगे और किसानों के कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। आज ही हम अपना संकल्प अधिकारियों को सौंपने जा रहे हैं । एनडीए सरकार पिछले दस वर्षों से किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनका मंत्रालय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए काम करना जारी रखेगा। कृषि मंत्रालय में कार्यभार संभालने के बाद शिवराज चौहान ने मंत्रालय के विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया और सफाई कर्मचारियों सहित विभिन्न स्तरों के कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने किसानों के कल्याण के लिए सरकार के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए एक टीम के रूप में काम करने और एक-दूसरे के सहयोग से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मंत्रालय में कृषि एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र का भी दौरा किया और फसल उत्पादन और सूखे की तैयारियों सहित देश के भीतर कृषि परिदृश्य की समीक्षा करने के लिए सुविधाओं को देखा। इसके पहले उन्होंने एक चंपा का पौधा लगाया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक की और मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों के कल्याण और ग्रामीण विकास के लिए सरकार का घोषणापत्र भी सौंपा और सभी से इसे पूरा करने के लिए काम करने का आह्वान किया।



नयी दिल्ली में मंगलवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत करते कर्मचारी।



नयी दिल्ली में मंगलवार को दूर संचार मंत्रालय का कार्यभार संभालते ज्योतिरादित्य सिंधिया।

# पीएमओ, मोदी के सोशल मीडिया पृष्ठों पर नये चित्र

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रारंभ पर सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री कार्यालय के पृष्ठ के आवरण में बदलाव किये गये हैं और नये चित्र लगाये गये हैं। एक्स मंच पर श्री मोदी के व्यक्तिगत पृष्ठ @नरेन्द्रमोदी का डीपी भी परिवर्तित किया गया है और इसमें से चुनाव अभियान के लिये जोड़ी गयी पंक्ति मोदी का परिवारअब हटा दी गयी है। मोदी ने इस पृष्ठ को फालो करने वालों से भी अपने डीपी से इस पंक्ति को हटाने की अपील की है।इस पर पीएमओ इंडिया @पीएमओइंडिया नाम से इस पृष्ठ का डीपी और अवरण के दृश्य बदले गये हैं। पीएमओ के एक्स पृष्ठ के आवरण चित्र में पर अब सात जून 2025 को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेताओं और नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक की फोटो लगायी गयी है। इसमें श्री मोदी को राजग का नेता चुना गया था। इसमें मोदी भारतीय संविधान की पुस्तक के समक्ष माथा नवा रहे हैं। इस पृष्ठ में संविधान सदन की उस बैठक के दृश्य के साथ बाईं तरफ एक वृत्त में श्री मोदी की फोटो लगायी गयी है। एक्स पर श्री मोदी के पृष्ठ नरेन्द्र मोदी @नरेन्द्रमोदी पृष्ठ का आवरण भी बदल दिया गया है। इसके आवरण चित्र में रविवार नौ जून को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों के समूह की फोटो लगायी गयी है। इस पृष्ठ के बीच में बाईं ओर एक वृत्त में श्री मोदी की फोटो लगायी गयी है। इस पृष्ठ को फालो करने वालों (जुड़ने वाले) की संख्या इस समय 9.87 करोड़ दर्शायी गयी है।

## प्रियंका वाराणसी से लड़ती तो मोदी का हारना तय था: राहुल



**रायबरेली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में वाराणसी से यदि उनकी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ी होतीं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दो तीन लाख मतों से चुनाव हारना तय था। चुनाव में जीत के लिये रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार व्यक्त करने आये श्री गांधी ने कहा कि चुनाव परिणामों के जरिये रायबरेली और अमेठी समेत पूरे उत्तर प्रदेश से यह संदेश गया है कि जनता नफरत और अहंकार की राजनीति के खिलाफ है और संविधान में छेड़छाड़ के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होने कहा कि अयोध्या में भाजपा की करारी हार हुयी जबकि वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जान बचा कर निकले हैं। उन्होने कहा कि मैं तो पहले ही अपनी बहन प्रियंका से कह रहा था कि वाराणसी से चुनाव लड़ जाओ और अगर वह मेरी बात मान लेती तो प्रधानमंत्री दो से तीन लाख मतों से चुनाव हारते।

# संचार मंत्रालय के साथ मेरा भावनात्मक लगाव: सिंधिया

**नयी दिल्ली।** संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कार्यभार संभालने के बाद कहा कि इस मंत्रालय के साथ उनका भावनात्मक लगाव है और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह विभाग तरक्की करेगा। संचार मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद श्री सिंधिया ने कहा कि पिछले 10 सालों में इस मंत्रालय में जो क्रांति आई है, मैं उसे आगे ले जाऊंगा। यह लोगों को जोड़ने वाला सेवा विभाग है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह विभाग तरक्की करेगा। मैं प्रधानमंत्री की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मेरे पास टेलीकॉम डिविजन के साथ-साथ इंडिया पोस्ट डिविजन की भी जिम्मेदारी है। उनकी बड़ी भूमिका है। मैं दृढ़ संकल्पित हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए काम करूंगा। मैंने इससे पहले 2008 में इस मंत्रालय में जूनियर मंत्री के तौर पर काम किया था। इस विभाग के साथ मेरे जबरदस्त भावनात्मक संबंध हैं। इसके बाद उन्होंने एक्स पर कहा कि एक नयी शुरूआत । आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार के संचार मंत्री के रूप में कार्यभार सँभालने पर उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।चलिए, साथ मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करते हैं जहाँ अवसरों की पहुँच कभी भौगोलिक दूरियों पर निर्भर न रहे तथा सुदूर क्षेत्र भी संचार के माध्यम से देश की विकास यात्रा में मुख्य भूमिका निभाएं।

# भारत में 2030 तक 10 करोड़ नई नौकरियों की संभावना

एजेंसी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने नयी सरकार को दिये 10 महत्वपूर्ण सुझाव
- चैंबर की ओर से 75 उत्पादों को सुझाया गया, जिससे हमारा निर्यात बढ़ सकता है
- जीडीपी में 3.3 ट्रिलियन डॉलर की बढ़त होगी



**नयी दिल्ली।** भारत में 2030 तक 10 करोड़ से ज्यादा नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है। इस दौरान जीडीपी में 3.3 ट्रिलियन डॉलर की बढ़त देखने को मिलेगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की ओर से मंगलवार ये बातें कही गई। नई सरकार के 100 दिनों के एजेंडे के लिए पीएचडीसीसीआई की ओर से 10 महत्वपूर्ण बिंदु सुझाए गए हैं। इसमें रोजगार, मैन्युफैक्चरिंग में दोहरे अंक में वृद्धि, निर्यात को मजबूत करना, टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर, किसानों को मजबूत बनाने के लिए नीति बनाना, बढ़ती महंगाई, डिजिटल अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण सुरक्षा और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दे शामिल हैं। बता दें, अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2022 से लेकर वित्त वर्ष 2024 तक औसत 8 प्रतिशत की दर से विकास किया है।

पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि हमने स्टार्टअप, एमएसएमई और बड़ी कंपनियों में 2030 तक 10 करोड़ नई नौकरियां जोड़ने के लिए रोडमैप सुझाया है। अग्रवाल ने कहा कि फैक्टरी स्तर पर व्यापार में आसानी कर मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि दर को दोहरे अंक में लाया जा सकता है। इससे व्यापार करने की लागत भी कम होगी। मौजूदा समय में नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी की जरूरत है, जिससे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मजबूत हो सके। चैंबर की ओर से ऐसे 75 उत्पादों को सुझाया गया, जिसके जरिए हमारा निर्यात बढ़ सकता है।

अग्रवाल ने कहा कि 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को पाने के लिए इन 75 उत्पादों पर फोकस करना आवश्यक है। एजेंडे में कहा गया कि सरकार का फोकस पहले 100 दिन में ग्रामीण इलाकों के साथ टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने पर होना चाहिए। साथ ही गांवों में पब्लिक के लिए सभी जरूरी सुविधाएं होनी चाहिए। एआई जैसी टेक्नोलॉजी के इस दौर में सरकार को डिजिटल इकोनॉमी और साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रणनीति बनाने का सुझाव हमारी ओर से दिया गया है।

## हिजबुल्लाह ने इजराइल में दागे दर्जनों रॉकेट

**बेरुत।** लेबनान का शिया संगठन हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में दर्जनों रॉकेट दागे हैं। वहीं इजरायली सेना ने मंगलवार को पुष्टि की कि लेबनान से लगभग 50 मिसाइलें दागी गईं, लेकिन इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। मंगलवार को हिजबुल्लाह ने कहा कि पूर्वी लेबनान के हरमल में रात भर हुए इजरायली हमले के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। हमारे लड़ाकों ने यार्डुन बैरक में आर्टिलरी रेजिमेंट के मुख्यालय और 210वें गोलन डिवीजन के बख्तरबंद ब्रिगेड पर दर्जनों रॉकेट दागे। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि सीरिया की सीमा पर इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। मारे गए लोगों में दो हिजबुल्लाह कमांडर भी शामिल हैं। इजरायल और लेबनान सीमा पर इजरायली सेना और हिजबुल्लाह और अन्य समूहों के बीच रोजाना टकराव होता रहा है।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !